


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# दिव्य दिनकर

एक निडर सच का दर्पण

पटना और रांची से एक साथ प्रकाशित

वर्ष 9 अंक : 180 पटना (बिहार) शनिवार, 03 मई 2025 पेज - 12 मूल्य: 1 R.N.I. No:- BIHHIN/ 2016/72168

## केरल पहुंचे पीएम मोदी ने विझिनजाम इंटरनेशनल डीपवाटर मल्टीपर्पज सीपोर्ट को राष्ट्र को सौंपा

### सीएम विजयन ने कहा पीएम मोदी की उपस्थित इस मौके को खास बनाती

**तिरुवनंतपुरम,।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 8,900 करोड़ रुपये की लागत से तैयार विझिनजाम इंटरनेशनल डीपवाटर मल्टीपर्पज सीपोर्ट को राष्ट्र को सौंपा। तिरुवनंतपुरम में स्थित, गहरे समुद्र का बंदरगाह भारत का पहला समर्पित कंटेनर ट्रांसशिपमेंट हब है। यह केरल को वैश्विक नौसैनिक मानचित्र पर लेकर आता है। इस मौके पर मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन भी मौजूद रहे। केरल सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना को अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) द्वारा सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत तैया किया गया है। एपीएसईजेड द्वारा सार्वजनिक-निजी मॉडल के तहत सरकार के साथ साझेदारी में करीब 8,867 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित, इससे वैश्विक शिपिंग और व्यापार मार्गों में भारत की मौजूदगी को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। विझिनजाम बंदरगाह के उद्घाटन समारोह के दौरान केरल के सीएम विजयन ने पहलगाम आतंकवादी हमले पर बात की। उन्होंने कहा, मैं पिछले माह पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा बेरहमी से मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देकर शुरूआत करना चाहता हूं। उनकी क्षति हमें राष्ट्र विरोधी और विभाजनकारी ताकतों से अपने देश की रक्षा करने के लिए एकजुट रहने की याद दिलाती है। इस दौरान सीएम विजयन ने कहा, केरल सरकार और मेरी ओर से, मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हार्दिक स्वागत करता हूं, जो बंदरगाह का उद्घाटन के लिए अपना कीमती समय निकल कर यहां आए हैं। यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। इस बंदरगाह का



चालू होना आधुनिक युग की शुरूआत का प्रतीक है। पीएम मोदी की मौजदूगी इस मौके को और भी खास बनाती है और हम सभी के लिए बहुत खुशी लाती है। सीएम विजयन ने कहा, केरल के लोगों की ओर से, मैं फिर प्रधानमंत्री के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने इस ऐतिहासिक परियोजना को राष्ट्र को समर्पित करने के लिए हमारे राज्य का दौरा किया। मैं इस मिशन को उत्कृष्टता के साथ क्रियान्वित करने के लिए अडानी समूह को भी बधाई देता हूं।

## नेशनल हेराल्ड मामला: राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सोनिया और राहुल को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली,।** नेशनल हेराल्ड मामले में दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी को नोटिस जारी किया। कोर्ट में मामले की दूसरी सुनवाई हुई थी। स्पेशल जज विशाल गोगने ने कहा किसी भी स्तर पर बात सुने जाने का अधिकार निष्पक्ष सुनवाई में जान डालता है। मामले की अगली सुनवाई अब 8 मई को होगी। 25 अप्रैल को कोर्ट ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी को नोटिस जारी करने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि आरोपियों का पक्ष सुने बिना हम नोटिस जारी नहीं कर सकते हैं। स्पेशल जज विशाल गोगने ने ईडी की याचिका पर 25 अप्रैल को पहली सुनवाई की थी। उन्होंने कहा कि ईडी की चार्जशीट में कुछ दस्तावेज गायब हैं। उन दस्तावेजों को दाखिल करें। उसके बाद नोटिस जारी करने पर फैसला करेंगे। ईडी ने कांग्रेस के नेशनल हेराल्ड अखबार और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में 9 अप्रैल को पहली चार्जशीट दाखिल की थी।



इसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे को आरोपी बनाया था। ईडी ने कोर्ट को बताया था कि हमारी तरफ से कुछ भी नहीं छिपाया जा रहा है। संज्ञान लिए जाने से पहले उन्हें अपनी बात रखने का मौका दिया जा रहा है। हम नहीं चाहते कि आदेश जारी करने में ज्यादा वक्त लगे। इसलिए कोर्ट को नोटिस जारी करना चाहिए। इस पर जज ने कहा कि जब तक कोर्ट इस बात से संतुष्ट नहीं हो जाता कि नोटिस की जरूरत है, हम कोई आदेश नहीं देंगे। आदेश जारी करने से पहले यह देखना होता है कि उसमें कोई कमी तो नहीं है। इससे पहले 12 अप्रैल 2025 को जांच के दौरान कुर्क संपत्तियों को जब्त करने की कार्रवाई की गई थी। ईडी ने दिल्ली के हेराल्ड हाउस, मुंबई के बांद्रा (ईस्ट) और लखनऊ के विशेश्वर नाथ रोड स्थित एजेएल की बिल्डिंग पर नोटिस चिपकाए गए थे। 661 करोड़ की इन अचल संपत्तियों के अलावा एजेएल के 90.2 करोड़ रुपए के शेयरों को ईडी ने नवंबर 2023 में अपराध की आय को सुरक्षित करने और आरोपी को इसे नष्ट करने से रोकने के लिए कुर्क किया था।

### एक नजर

## 4 मई को फिट इंडिया संडे ऑन साइकल कार्यक्रम में शामिल होंगे डॉ. मनसुख मांडविया

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया 4 मई को मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में आयोजित होने वाले फिट इंडिया संडे ऑन साइकल के विशेष संस्करण साइकलिंग विद टीचर्स में हिस्सा लेने वाले है। यह आयोजन देश भर के शिक्षकों, कोचों और शैक्षणिक मार्गदर्शकों के साथ किया जा रहा है, जो ह्रफाइट ओबेसिटीह्व अभियान का हिस्सा है। फिट इंडिया मूवमेंट के तहत चल रही यह पहल मोटापे के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने और फिटनेस महत्व देने में अहम भूमिका निभा रही है। दिसंबर 2024 से शुरू हुई राष्ट्रव्यापी साइकलिंग मुहिम में अब तक 5,000 से अधिक स्थानों पर दो लाख से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले चुके हैं। इस पहल की सराहना हाल ही में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न से सम्मानित बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने भी की। सात्विक ने कहा, आजकल लोग ज्यादा मोटरसाइकिल चलाते हैं, साइकल नहीं। ऐसे में यह मूवमेंट बहुत जरूरी है। मैं हाल ही में हैदराबाद गया और एक बच्चे की साइकल लेकर घूमने चला गया!

इस रविवार सुबह 7 बजे से शुरू होने वाले आयोजन में सांसद और लोकप्रिय भोजपुरी अभिनेता-गायक मनोज तिवारी भी उपस्थित रहने वाले है। इसके अलावा हाल ही में केवल 12 दिनों में माउंट अन्नपूर्णा (8,091 मीटर) फतह करने वाले पर्वतारोही नरेंद्र कुमार भी आयोजन की शोभा बढ़ाएंगे।

मोटापे के बढ़ते संकट को भांपते हुए खेल मंत्रालय अपने फिट इंडिया अभियान को जन आंदोलन बनाने की कोशिश कर रहा है। इसके तहत मंत्रालय ने संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम शुरू किया है। इसमें लगातार युवा और लोग जुड़ रहे हैं। खेल मंत्री मनसुख मंडाविया भी खुद हर रविवार को इस साइकिल अभियान का हिस्सा बनते हैं। इस कार्यक्रम के तहत नागरिक समाज, खिलाड़ियों और प्रमुख सार्वजनिक हस्तियां और प्रमुख समूह रविवार को सुबह साइकिल चलाने के लिए भारत भर में विभिन्न स्थानों पर एकत्रित होते हैं और साइकिल चलाते हैं। खास बात है कि पिछले साल दिसंबर से शुरू हुई इस पहल का खेल मंत्री मनसुख मंडाविया खुद नेतृत्व करते हैं।

## 53 साल पहले लांच किया स्पेसक्राफ्ट हुआ बेलगाम, धरती से टकराया तो मचेगी तबाही

**लंदन।** पृथ्वी से अंतरिक्ष में 53 साल पहले लॉन्च किया गया एक स्पेसक्राफ्ट अब खतरा बन गया है। जल्द ही यह पृथ्वी पर गिरने वाला है। कहानी शुरू होती है 1972 से, जब सोवियत संघ ने शुक्र ग्रह पर उतरने का सपना देखा। लेकिन उनका यह सपना अधूरा ही रह गया। सोवियत संघ ने कोस्मोस 482, अंतरिक्ष यान लॉन्च किया। लेकिन आधे रास्ते में ही मिशन को खराबी का सामना करना पड़ा, जिस कारण यह धरती की कक्षा में फंस गया। आधा टन धातु का यह गोला अब अनियंत्रित होकर पृथ्वी पर गिरने वाला है। कोई नहीं जानता कि यह अनचाहा मेहमान कहां कहां गिरेगा, वापसी के बाद कितना बचेगा और कितना नुकसान पहुंचाएगा। लैंगब्रोक का कहना है, ह्यघबराने की जरूरत नहीं, लेकिन खतरा पूरी तरह टला नहीं हैह्व यह यान छोटा है, सिर्फ 500 किलो का, और अगर यह वातावरण में नहीं जला, तो भी इसका जोखिम ह्यउल्कापिंड गिरनेह्व जैसा है। हर साल कई उल्कापिंड धरती पर गिरते हैं, और इस यान से नुकसान की संभावना उतनी ही कम है, जितना बिजली गिरने से मरने की। हालांकि अगर इसका हीटशील्ड काम कर गया तो यह बिना जले धरती पर आ सकता है। हार्वर्ड-स्मिथसोनियन सेंटर के जोनाथन मैकडॉवेल ने चेतावनी दी, ह्यअगर हीट शील्ड नहीं टूटा, तो यह एक बेकाबू धातु का गोला होगा, जो आसमान से गिरेगा। कोस्मोस



482 कोई साधारण स्पेसक्राफ्ट नहीं था। यह एक गोलाकार लैंडिंग कैप्सूल था, जो करीब 1 मीटर चौड़ा था, जिसे शुक्र ग्रह के जहरीले, गर्म वातावरण में उतरने के लिए बनाया गया था। इसका हीट शील्ड इतना मजबूत था कि वह कार्बन डाइऑक्साइड से भरी वीनस की हवा को झेल सकता था। लेकिन रॉकेट फेल हो जाने से यह धरती की कक्षा में अटक गया, और पिछले 53 सालों से यह धरती का चक्कर काट रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक डच वैज्ञानिक मार्को लैंगब्रोक का अनुमान है कि यह 10 मई के आसपास पृथ्वी पर गिरेगा। जब यह वापसी करेगा तब इसकी स्पीड 242 किमी प्रति घंटे होगी।

## पहलगाम जांच रिपोर्ट में एनआईए का खुलासा

### हमले से पहले आतंकियों ने आईएसआई से किया था कॉन्टैक्ट...

**श्रीनगर ।** पहलगाम नरसंहार के षड्यंत्र और इसमें पाकिस्तान की भूमिका को पूरी तरह उजागर करने के लिए सुरक्षा व जांच एजेंसियां हमले में लिप्त आतंकियों को यथासंभव जिंदा पकडे पर जोर दे रही हैं। इस बीच, एनआईए ने अभी तक मिले सबूतों और नरसंहार के प्रत्यक्षदर्शियों के दर्ज बयानों व संदिग्ध एवं पकड़े गए ओवरग्राउंड वर्करों से पूछताछ में मिली जानकारी का आकलन शुरू कर दिया है। अभी तक जुटाई गई जानकारी के आधार पर कहा जा रहा है कि नरसंहार से पहले और बाद में आतंकियों ने पाकिस्तान में बैठे अपने हैंडलरों के साथ संपर्क किया है। आतंकियों द्वारा इस्तेमाल किए गए सैटेलाइट फोन का ब्यौरा जुटाने के लिए विदेशी विशेषज्ञों की भी मदद ली जा रही है। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि यह हमला लश्कर-ए-तैयबा ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर ही किया है।




#### आतंकी कश्मीर में ही छिपे

पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले आतंकियों के अभी कश्मीर में ही छिपे होने की संभावना है। इंटेलिजेंस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि आतंकी अभी भी दक्षिण कश्मीर के जंगलों में छिपे हैं। उनके पास राशन-पानी है, ऐसे में ये इन पहाड़ी इलाकों में लंबे समय तक रह सकते हैं। इस बीच, अमेरिका की विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़ा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने भी प्रधानमंत्री मोदी को पूरा समर्थन देने की बात कही है। गौरतलब है कि भारत-पाक सीमा के फॉरवर्ड पोस्ट्स पर पाकिस्तान ने सेना तैनात कर दी हैं। इसमें चीन से मिली तोपें भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अमेरिका से अपील की है कि वह भारत पर जिम्मेदारी से पेश आने और बयानबाजी कम करने का दबाव बनाए। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से शरीफ ने यह भी कहा कि भारत के उकसाने वाले रवैया से क्षेत्रीय हालात बिगड़ सकते हैं।

#### बिलावल ने आतंकियों से साठगांठ कबूली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान की बौखलाहट जगजाहिर हो गई है। आए दिन उसके नेता कोई न कोई बड़बोलापन दिखा रहे हैं। पहले उनके रक्षा मंत्री और अब उनके पूर्व विदेश मंत्री ने पाकिस्तान के आतंक का पनाहगार होने की बात कबूल ली है। पहलगाम हमले में आतंकियों ने 26 लोगों की निर्मत हत्या कर दी थी। पाकिस्तान की ओर से पोषित आतंकी समूह लश्कर-ए-तैयबा ने इस हमले की साजिश रची थी। इस बीच पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने खुद कबूल कर लिया है कि उनके मुल्क के आतंकी समूहों के साथ संबंध रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का अतीत रहा है। यह किसी से छिपा नहीं है कि पाकिस्तान के दहशर्तगर्दों के साथ संबंध रहे हैं। यह कबूलनामा उनके रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की आतंकवादी समूहों को समर्थन और वित्त पोषण में पाकिस्तान की संलिप्तता को स्वीकार करने के बाद सामने आया है। बिलावल ने आतंकवाद के साथ पाकिस्तान के इतिहास को स्वीकार करते हुए दावा किया कि इसका देश को नुकसान उठाना पड़ा है।

## खराब मौसम के चलते सौ से ज्यादा फ्लाइट्स लेट, यात्रियों को हो रही परेशानी




**नई दिल्ली,।** राजधानी दिल्ली में शुक्रवार सुबह 2 मई को हुई भारी बारिश के चलते इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ानों का परिचालन प्रभावित रहा है। मौसम के खराब होने से 40 से ज्यादा फ्लाइट्स जहां रद्ध कर दी गईं वहीं सौ से ज्यादा फ्लाइट्स देरी से चल रही हैं। दिल्ली एयरपोर्ट ने यात्रियों के लिए एडवाजरी जारी की है, ताकि उन्हें परेशानी न हो। मौसम में आए अचानक बदलाव को देखते हुए भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली के लिए ह्यरेड अलर्टह्व जारी किया है। तूफानी हवाओं और तेज बारिश के चलते दिल्ली के अनेक हिस्सों में जलजमाव की स्थिति बन गई जबकि अनेक पेड़ उखड़ने की सूचना भी प्राप्त होने की बात कही जा रही है। दिल्ली हवाई अड्डे का संचालन कर रही कंपनी ह्यदिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेडह्व (डीआईएएल) का कहना था कि खराब मौसम के चलते कुछ उड़ानें प्रभावित हुईं है। वहीं ह्यएयर इंडियाह्व का कहना है कि प्रतिकूल मौसम के चलते उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में विमानों का आवागमन प्रभावित हुआ है। प्राप्त जानकारी अनुसार, दिल्ली एयरपोर्ट पर यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी कर दी गई है। बताया जा रहा है कि खराब मौसम के चलते 40 से ज्यादा फ्लाइट्स रद्द कर दी गई जबकि 122 फ्लाइट्स देर से चल रही हैं। ऐसे में यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे घर से निकलने से पहले ऑनलाइन फ्लाइट स्टेटस अवश्य ही चेक कर लें। ताकि आपको पता चल सके कि कहीं आपकी फ्लाइट देर से तो नहीं चल रही है या फ्लाइट कैंसिल तो नहीं कर दी गई है।

## दिल्ली में हुई झमाझम बारिश, उप्र, बिहार सहित कई राज्यों में तेज हवाओं के साथ होगी बारिश

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी और तपन से दिल्ली को फिलहाल राहत मिल गई है। यहां शुक्रवार को सुबह सुबह जमकर बारिश हुई है और मौसम में ठंडक आ गई है। शुक्रवार को तेज हवाओं और बारिश की वजह से राजधानी दिल्ली के आसपास पेड़ उखड़ गए। वहीं बारिश की वजह से गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग का कहना है कि 7 मई तक उत्तर भारत में इस तरह की गतिविधियां जारी रह सकती हैं। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में भी बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। 2-3 मई को पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में भी हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान लगाया गया है। इसके अलावा कई जगहों पर ओलावृष्टि बिली गिरने की भी घटनाएं हो सकती हैं। मौसम विभाग के मुताबिक गंगीय पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड, उत्तराखंड, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, विदर्भ, कतटीय कर्नाटक, पूर्वी



उत्तर प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, तटीय आंध्र प्रदेश में गरज-चमक के साथ बौछार पड़ सकती है। असम, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम में भी कई जगहों पर हल्की बारिश होनेके आसार हैं। इसके अलावा 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलती रहेंगी। मौसम विभाग का कहना है कि तटीय आंध्र प्रदेश, रायलसीमा, केरल, तमिलनडु और पुदुच्चेरी में गर्मी झेलनी पड़ेगी। गुजरात में भी 45 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। वहीं बारिश को लेकर कोई भविष्यवाणी नहीं की गई है। ऐसे में गुजरात में मौसम गर्म रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने कई राज्यों में मूसलाधार बारिश का अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के मुताबिक ओडिशा में 2 मई को कई जिलों में तेज बारिश हो सकती है। इसके अलावा राजस्थान, पूर्वी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में भी गरज-चमक के साथ छीटें पड़ सकती हैं। 50 से 60 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के आसार है।

## कुपवाड़ा, बारामूला, पूंछ, नौशेरा और अखनूर में 8 बार फायरिंग कर चुका है पाकिस्तान

**जम्मू ।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान लगातार एलओसी पर फायरिंग कर रहा है। भारत भी कम नहीं है वो एक गोली चलाते हैं इधर से 10 गोलियां दागने में भारत पीछे नहीं रहता है। बीती रात भी पाकिस्तानी सेना ने सीजफायर उल्लंघन किया और फायरिंग कर दी, जिसका भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया। पाकिस्तान सेना ने एक बार फिर नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संघर्षविराम का उल्लंघन करते हुए 1 मई की रात को जम्मू-कश्मीर के कई क्षेत्रों में छोटे हथियारों से गोलीबारी शुरू की। यह घटना कुपवाड़ा, बारामूला, पूंछ, नौशेरा और अखनूर क्षेत्रों में हुई, जिसका भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया।

यह लगातार आठवीं रात थी जब पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा पर संघर्षविराम का उल्लंघन किया। इससे पहले 24 अप्रैल की रात से शुरू हुई इस तरह की घटनाओं में कुपवाड़ा और बारामूला से लेकर पूंछ, अखनूर, सुंदरबनी, नौशेरा और जम्मू के परगवाल सेक्टर तक गोलीबारी की खबरें आई हैं। भारतीय सेना के एक प्रवक्ता ने बताया, 1-2 मई की रात को पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने कुपवाड़ा, बारामूला, पूंछ, नौशेरा और अखनूर के सामने नियंत्रण रेखा के पार से बिना किसी उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी शुरू की। भारतीय सेना के जवानों ने भी तुरंत और माकूल जवाब दिया। इस गोलीबारी में तत्काल किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं मिली है।

**डीजीएमओ के बीच बातचीत**

इस बीच, भारत और पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच मंगलवार को हॉटलाइन पर बातचीत हुई, जिसमें भारतीय पक्ष ने पाकिस्तान को अकारण गोलीबारी के खिलाफ चेतावनी दी। सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तानी सेना को इन उकसावों के लिए सख्त चेतावनी दी गई है। नियंत्रण रेखा पर तनाव के बीच, कश्मीर घाटी में आतंकवाद विरोधी अभियानों को तेज कर दिया गया है। अनंतनाग, पुलवामा और शोपियां के इलाकों में सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान शुरू किया है। सीमा क्षेत्रों में अलर्ट जारी किया गया है और नजदीकी कस्बों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। भारत और पाकिस्तान ने फरवरी 2021 में नियंत्रण रेखा पर संघर्षविराम समझौते को फिर से करने पर सहमति जताई थी, लेकिन पहलगाम हमले और उसके बाद के घटनाक्रमों ने इस समझौते को कमजोर कर दिया है।

## राकेश वर्मा ने आईआईआईडीईएम के महानिदेशक का संभाला कार्यभार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी राकेश वर्मा ने आज भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान (आईआईआईडीईएम), नई दिल्ली के महानिदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। वे 1993 बैच के पंजाब कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी हैं। वर्मा ने आईआईटी दिल्ली से कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री प्राप्त की है। कार्यभार ग्रहण करने से पहले वे जल शक्ति मंत्रालय के अधीन जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग में अतिरिक्त सचिव के पद पर कार्यरत थे। इसके अलावा उन्होंने पर्यटन मंत्रालय में भी संयुक्त सचिव और अतिरिक्त सचिव के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं। वहीं आशीष गोयल ने आज भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) में मीडिया के महानिदेशक के रूप में कार्यभार संभाला। गोयल 1996 बैच के भारतीय सूचना सेवा (आईआईएस) अधिकारी हैं। उन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय से एमबीए और पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज, चंडीगढ़ से इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री प्राप्त की है। इससे पहले, वे संस्कृति मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय संग्रहालय के महानिदेशक और सालार जंग संग्रहालय के निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) के रूप में कार्य कर चुके हैं।

## जातीय जनगणना केंद्र सरकार का स्वागतयोग्य फैसला, पीएम मोदी ने लोगों की भावनाओं का किया सम्मान : मनोज तिवारी

**नई दिल्ली ।** भोजपुरी अभिनेता और दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद मनोज तिवारी ने बिहार की सियासत और एनडीए के सहयोगियों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने चिराग पासवान, नीतीश कुमार, जातिगत गणना और महागठबंधन की रणनीति पर खुलकर अपनी राय रखी। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के विधानसभा चुनाव लड़ने और भविष्य में मुख्यमंत्री बनने की संभावना पर तिवारी ने कहा, ÷चिराग पासवान हमारे गठबंधन के प्रमुख नेता हैं। उनके निर्णय का हम सम्मान करते हैं और उसी के आधार पर भविष्य में विचार करेंगे। केंद्र सरकार द्वारा जातिगत गणना के फैसले पर तेजस्वी यादव और राहुल गांधी द्वारा क्रेडिट लेने की कोशिश पर तिवारी ने तंज कसा। उन्होंने कहा, जब इन लोगों के पास मौका था, तब इन्होंने जातिगत गणना क्यों नहीं कराई? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोगों की भावनाओं का सम्मान करते हैं और यह जनता की मांग थी, इसलिए केंद्र ने यह फैसला लिया।भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह के भाजपा में शामिल होने और चुनाव लड़ने की अटकलों पर तिवारी ने कहा, ÷कुछ दिन इंतजार कीजिए, सब स्पष्ट हो जाएगा। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के उस दावे पर कि विधानसभा चुनाव के बाद नीतीश कुमार को भाजपा साइडलाइन कर देगी, मनोज तिवारी ने कड़ा जवाब दिया।

## पहलगाम की गुस्ताखी का स्थान और समय चुन भारतीय सेना देगी जवाबः रविंदर रैना

**नई दिल्ली ।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान लगातार सीजफायर का उल्लंघन करता आ रहा है। पाकिस्तान एलओसी से सटे गांवों में गोलीबारी कर रहा है। लगातार हो रही इस घटना के बाद भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व अध्यक्ष रविंदर रैना ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा कि भारतीय सेना पाकिस्तान की इस गुस्ताखी का मुंहतोड़ जवाब दे रही है। भाजपा नेता ने दावा किया कि हमारी सेना ने पाकिस्तान की कई चौकियों को ध्वस्त कर दिया है। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। 26 सैलानियों की आतंकवादियों ने गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी। इस घटना के बाद भारत और पाकिस्तान के संबंधों में तनाव पैदा हो गया। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान लगातार कई दिनों से सीमा से सटे गांवों में गोलीबारी कर रहा है। भाजपा नेता ने कहा कि जम्मू-कश्मीर से सटे बॉर्डर क्षेत्रों पर पाकिस्तान लगातार सीजफायर का उल्लंघन कर रहा है। भारतीय सेना पाकिस्तान की इस नापाक हरकत का मुंहतोड़ जवाब दे रही है। उन्होंने कहा कि राजौरी, पुंछ, कुपवाड़ा और उरी में पाकिस्तान गोलीबारी कर रहा है। जवाबी कार्रवाई करते हुए भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों को ध्वस्त कर दिया है।

## दिल्ली क्राइम ब्रांच ने 25 लाख की लूट में शामिल तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली ।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। क्राइम ब्रांच ने दिल्ली के आनंद पर्वत में चोरी के एक मामले में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी आदित्य गौतम के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच की टीमों ने एक गुप्त सूचना के आधार पर आरोपियों को ट्रैक किया और इसके बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से कुछ नकदी भी बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, 30 अप्रैल को लुटेरों के एक समूह ने आनंद पर्वत स्थित एक घर में घुसकर करीब 25 लाख रुपए का सामान लूट लिया था। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है और आरोपियों के अन्य साथियों की पहचान कर रही है। इससे पहले, बीते 14 अप्रैल को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने मुठभेड़ के बाद दो कुख्यात लुटेरों को गिरफ्तार किया था।

# महाराष्ट्र और गुजरात ने स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से देश के विकास को गति दी : अमित शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में गुजरात और महाराष्ट्र के स्थापना दिवस के अवसर पर मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के माध्यम से देश के विकास का जो सूत्र दिया है उसे दोनों राज्यों ने स्वीकारा है। केंद्रीय मंत्री शाह ने अपने संबोधन में बॉम्बे पुनर्गठन अधिनियम के तहत 1 मई 1960 को बॉम्बे राज्य को दो अलग-अलग राज्यों गुजरात और महाराष्ट्र में विभाजित करने के निर्णय का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस निर्णय ने यह उदाहरण प्रस्तुत किया है कि कैसे एक राज्य के दो हिस्से बिना किसी कटुता के स्वस्थ प्रतिस्पर्धा करते हुए एक-दूसरे का सम्मान करते हुए अपने-अपने विकास के माध्यम से देश के समग्र विकास में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस दिन को देश के सभी राजभवनों में मनाया जाता है और यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक भारत श्रेष्ठ भारत की कल्पना को चरितार्थ करने का



मजबूत उदाहरण है। शाह ने कहा कि गुजराती और मराठी भाषाओं के बीच कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। दोनों भाषाएं अपनी-अपनी जगह महान हैं और इनका साहित्य विश्व की किसी भी भाषा के साहित्य से कम समृद्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि ये दोनों भाषाएं देश की सांस्कृतिक धरोहर को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। साथ ही, दोनों राज्यों ने अपनी परंपराओं को संरक्षित रखते हुए आधुनिकता को अपनाया है और राष्ट्र की एकता व अखंडता को मजबूत करने में भी अहम योगदान दिया है। केंद्रीय मंत्री शाह ने गुजरात और महाराष्ट्र दोनों राज्यों से अपना जुड़ाव बताया और कहा कि उनका जन्म और विवाह महाराष्ट्र में हुआ तथा उनकी कर्मभूमि गुजरात बनी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के कारण हम गुजरात और महाराष्ट्र के स्थापना दिवस समारोह को साधारण ढंग से मना रहे हैं। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वालों श्रद्धांजलि भी दी। उपराज्यपाल के राजधानी को स्वच्छ और सुंदर बनाने के प्रयासों की सराहना करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि वह बहुत पहले श्री श्री रविशंकर के कार्यक्रम में यमुना तट कालिंदी घाट पर आये थे। उस समय यहां बहुत कूड़ा-करकट होता था। आज स्थिति में बदलाव देखकर प्रतीत होता होता है कि दिल्ली बदल रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यमुनोत्री से लेकर प्रयागराज तक यमुना नदी के प्रवाह वाले क्षेत्रों में जल को पवित्र और शुद्ध करने तथा दिल्ली में साबरमती रिवर फ्रंट की तर्ज पर एक रिवर फ्रंट विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्रवाई शुरू की है।

## दिल्ली हाई कोर्ट से साकेत गोखले को झटका, मानहानि मामले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** लक्ष्मी पुरी मानहानि मामले में टीएमसी नेता साकेत गोखले को बड़ा झटका लगा है। दिल्ली हाई कोर्ट ने लेखिका लक्ष्मी पुरी की ओर से दायर मानहानि मामले को चुनौती देने वाले टीएमसी नेता साकेत गोखले की याचिका खारिज कर दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर माफी मांगने और 50 लाख रुपये का हर्जाना देने के कोर्ट के आदेश को पलटने की मांग की थी। पिछले हफ्ते ही दिल्ली हाई कोर्ट ने मुआवजा देने के लिए सांसद के तौर पर उनका वेतन जब्त करने का निर्देश दिया था, क्योंकि उन्होंने मुआवजा नहीं दिया था। वहीं, अपनी याचिका में टीएमसी सांसद साकेत गोखले ने मानहानि मामले में सजा को वापस लेने और मुआवजा राशि में संशोधन करने की मांग दिल्ली हाई कोर्ट से की थी। पिछले साल जुलाई में हाई कोर्ट ने साकेत गोखले को मानहानि का दोषी पाया और लक्ष्मी पुरी को 50 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया था। अदालत ने अतिरिक्त निर्देश भी जारी किए थे, जिसमें सोशल मीडिया पर सार्वजनिक माफी मांगने के लिए भी कहा गया था, जो कम से कम छह महीने तक साकेत के सोशल मीडिया हैंडल पर रहना चाहिए। अदालत ने साकेत गोखले को एक प्रमुख राष्ट्रीय समाचार पत्र में अपना माफीनामा प्रकाशित करने का भी आदेश दिया था। साथ ही यह भी कहा था कि आदेश का पालन आठ सप्ताह के भीतर किया जाना चाहिए। साकेत गोखले द्वारा 13 और 26 जून 2021 को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कुछ पोस्ट डाले गए थे, जिसके बाद यह मामला अदालत तक पहुंचा। दरअसल, इन पोस्ट्स में गोखले ने आरोप लगाया था कि लक्ष्मी पुरी ने स्विट्जरलैंड में अपनी आय से अधिक संपत्ति खरीदी है।

## कांग्रेस ने ओबीसी और एससी को केवल वोट बैंक के रूप में किया इस्तेमालः तरुण चुघ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने मोदी सरकार के जातिवार गणना के फ़ैसले को जनहित में ऐतिहासिक फ़ैसला बताया । उन्होंने मीडिया से कहा कि सरकार ने जो अगली जनगणना में जाति आधारित गणना को शामिल करने का फ़ैसला लिया है, यह ऐतिहासिक और युगांतकारी फ़ैसला है । भारतीय जनता पार्टी जाति की राजनीति नहीं, बल्कि हर जाति का कल्याण, समाज के हर वर्ग का कल्याण हो, इसी सोच के साथ प्रधानमंत्री ने निरंतर कल्याण के कार्य किए। चुघ ने कांग्रेस पार्टी को याद दिलाते हुए कहा कि आज जातीय गणना का श्रेय लेने की होड़ में लगे राहुल गांधी को जवाब देना चाहिए कि कांग्रेस के शासन में यह क्यों नहीं हुई। कांग्रेस ने सदैव अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अनुसूचित जाति (एससी) को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है। उन्होंने कहा कि नेहरू खुद जातिवार गणना के विरोधी थे और कांग्रेस ने ही काका कालेलकर रिपोर्ट भी दबा दी थी। मंडल आयोग के समय इंदिरा गांधी ने रिपोर्ट का विरोध किया, जबकि तत्कालीन गृहमंत्री ज्ञानी जैल सिंह ने जातिवार गणना की मांग खारिज कर दी थी। राजीव गांधी भी इसके पक्ष में नहीं थे। तत्कालीन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार ने सिर्फ कैबिनेट में विचार का आश्वासन देकर बात टाल दी थी। कांग्रेस का असली चेहरा कुछ और है, जो हर बार नकली मुखौटे के पीछे छिपा रहता है। राहुल गांधी की कांग्रेस का विजन सिर्फ समाज के विभाजन का रहा है। कांग्रेस का चरित्र अवसरवादी और वोटबैंक की राजनीति करने वाला है। आज कांग्रेस की फैमिली फर्स्ट, घमंड और पाखंड में डूबी है। कांग्रेस पार्टी के बयानों से पता चलता है कि उनके लिए सामाजिक न्याय महज राजनीतिक स्वार्थपूर्ति के लिए है। राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों से प्रधानमंत्री के नेतृत्व में समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की नीति का यह तार्किक और सैद्धांतिक विस्तार है। यह फ़ैसला सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के भावों के अनुरूप है।

समाज की अंतिम सीढ़ी पर खड़ी और अब तक विकास में वास्तविक भागीदारी से वंचित जातियों की पहचान और उनके उत्थान का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लिया गया जातिगत गणना का निर्णय सामाजिक न्याय के प्रति राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## जाति जनगणना पारदर्शी, समावेशी और राजनीतिक दखल से मुक्त होनी चाहिए : सलीम इंजीनियर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जमाअत-ए-इस्लामी हिंद के उपाध्यक्ष प्रो. सलीम इंजीनियर ने आगामी राष्ट्रीय जनगणना में जातिवार गणना को शामिल करने के केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले का स्वागत किया है। इसके साथ ही उन्होंने इसे पारदर्शी, समावेशी और राजनीतिक दखल से मुक्त होने की मांग की है। एक बयान में जमाअत उपाध्यक्ष ने कहा कि हम आगामी जनगणना में जातिवार गणना को शामिल करने के केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले का स्वागत करते हैं। जाति अभी भी भारत में एक मजबूत सामाजिक संरचना है जो शिक्षा, रोजगार और राजनीतिक प्रतिनिधित्व तक पहुंच को आकार देती है। यह पिछड़ी जातियों, दलितों और आदिवासियों द्वारा सामना किए गए ऐतिहासिक अन्याय को सुधारने के लिए एक सामाजिक, कानूनी, प्रशासनिक और नैतिक आवश्यकता है। यह सकारात्मक कार्रवाई नीतियों की निगरानी के लिए सटीक डेटा प्रदान करेगी और इन समुदायों को सामाजिक और आर्थिक रूप से विकसित करने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि यह सर्वविदित तथ्य है कि केवल मापी गई चीज का ही अच्छे से प्रबंधन किया जा सकता है और इसलिए सूचित नीति निर्माण और समावेशी विकास के लिए जातिगत डेटा आवश्यक है। जातिवार गणना इन उपेक्षित समुदायों के लिए सकारात्मक व्यावहारिक नीतियों की निगरानी और उन्हें मजबूत करने के लिए सटीक आंकड़े उपलब्ध कराएगी, विशेष रूप से बढ़ते निजी क्षेत्र और घटती सरकारी नौकरियों के संदर्भ में। सरकार के निर्णय को स्वीकार करते हुए प्रो. इंजीनियर ने जाति जनगणना कराने में सरकार की पूर्व अनिच्छा पर



चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जैसा कि संसद में दिए गए आधिकारिक बयानों से पता चलता है, सरकार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों से परे जाति जनगणना के पूरी तरह से खिलाफ थी लेकिन ऐसा लगता है कि उसने अंततः इसकी प्रभावशीलता को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पूरी प्रक्रिया के लिए एक निश्चित समयसीमा जारी की जानी चाहिए। जाति जनगणना के लिए पर्याप्त बजट आवंटित किया जाना चाहिए।

# अमित शाह ने पहलगाम हमले के आतंकियों को दी चेतावनी - चुन-चुन के बदला लेंगे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर आतंकवादियों को चेतावनी देते हुए कहा कि आतंकवादियों को यह नहीं सोचना चाहिए कि उन्होंने लड़ाई जीत ली है। यह लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है और हम चुन-चुन के बदला लेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने नई दिल्ली के कैलाश कालोनी में आयोजित एक कार्यक्रम में बोड़ो नेता बोडोफा उपेंद्रनाथ ब्रह्मा के सम्मान में एक सड़क का नामकरण और प्रतिमा का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में लगी यह प्रतिमा केवल बोडोलैंड और असम के लिए महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि यह देशभर की छोटी-छोटी जनजातियों का सम्मान है जो आजादी के कई सालों तक उत्कर्ष और विकास के लिए संघर्षरत रहीं। शाह ने अपने संबोधन की शुरुआत पहलगाम में आतंक की भेंट चढ़े लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिजनों को आश्वस्त किया कि पूरा देश उनके साथ है। उन्होंने कहा कि 90 के दशक से कश्मीर में आतंकवाद चलाने वालों के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीरो टॉलरेंस की नीति है। शाह ने कहा, ÷हम मजबूती के साथ अपनी लड़ाई लड़े हैं। वो (आतंकवादी) ये न समझे हमारे 27 नागरिकों की जान लेकर ये लड़ाई जीते हैं। मैं सभी आतंक फैलाने वालों को कहना चाहता हूं कि लड़ाई का अंत नहीं है। यह एक मुकाम है। हर व्यक्ति को चुन-चुन कर जवाब भी मिलेगा और जवाब भी लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने उत्तर-पूर्व, वामपंथी उग्रवाद का क्षेत्र और कश्मीर पर पड़ी आतंकवाद की छाया का मजबूती के साथ जवाब दिया है। शाह ने कहा कि कायराना हमला करके यदि कोई ये समझता है कि उनकी बड़ी जीत है तो ये बात समझ ले ये मोदी सरकार है किसी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि देश की इंच-इंच भूमि पर से आतंकवाद को मूल समेत उखाड़ फैंकने का हमारा संकल्प है और वह सिद्ध होकर रहेगा। इस लड़ाई में न केवल 140 करोड़ भारतवासी बल्कि पूरी दुनिया भारत के साथ खड़ी है। शाह ने कहा कि जब तक आतंकवाद समाप्त नहीं होता हमारी लड़ाई जारी रहेगी और जिन लोगों ने यह कृत्य किया है उन्हें इसका उचित दंड दिया जाएगा। शाह ने कहा कि बोडोफा नेता उपेंद्रनाथ ब्रह्मा की नौ फीट की प्रतिमा का अनावरण किया गया। बोडोफा न केवल बोडौलेंड और बोडो जाति के लिए समस्त आदिवासी समुदाय के लिए सम्मान, समान अधिकार और पहचान की लड़ाई के लिए जाने जाते हैं। अपने क्षेत्र के सम्मान और अधिकार की आजीवन लड़ाई लड़ने वाले बोडोफा उपेन्द्रनाथ ब्रह्मा की पुण्यतिथि पर दिल्ली में उनकी प्रतिमा और सड़क का नामकरण करना गर्व की बात है। आजादी के वर्षों बाद भी सम्मान की तलाश में संघर्षरत रही देशभर की छोटी-छोटी जनजातियों के लिए उपेन्द्रनाथ ब्रह्मा की यह प्रतिमा आत्मसम्मान का प्रतीक है।

## प्रह्लाद जोशी 20 मई को करेंगे 'डिपो दर्पण' पोर्टल और मोबाइल एप्लीकेशन का उद्घाटन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत की खाद्य सुरक्षा प्रणाली को आधुनिक और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी 20 मई को 'डिपो दर्पण' पोर्टल और मोबाइल एप्लीकेशन का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। यह पहल खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग (डीएफपीडी) द्वारा की गई है, जिसका उद्देश्य देशभर के 80 करोड़ से अधिक लाभार्थियों के लिए खाद्यान्नों की गुणवत्ता पूर्ण भंडारण सुनिश्चित करना है। 'डिपो दर्पण' पोर्टल और ऐप के माध्यम से देश के 2278 गोदामों का डिजिटल मूल्यांकन किया जाएगा, जिनमें एफसीआई, सीडब्ल्यूसी और राज्य एजेंसियों के गोदाम शामिल हैं। यह प्रणाली डिपो प्रबंधकों को अपने डिपो की अवस्थिति, संरचना, संचालन और वित्तीय प्रदर्शन का लगभग वास्तविक समय में मूल्यांकन करने की सुविधा देती है। जियो-टैग की गई सूचनाओं के आधार पर स्वचालित रेटिंग और सुधारात्मक सुझाव भी तैयार किए जाते हैं।

स्मार्ट वेयरहाउसिंग तकनीकों के साथ एकीकृत यह प्रणाली सेंसर आधारित निगरानी तंत्र से लैस है, जिसमें सीसीटीवी, आईओटी सेंसर, सीओ2 और फॉस्फीन स्तर, तापमान, नमी, आग और अनधिकृत प्रवेश की निगरानी की जाती है। इसके अलावा एआई आधारित बैग काउंटिंग, वाहन पहचान (एएनपीआर) और फेस रिकॉग्निशन सिस्टम भी पायलट आधार पर तैनात किए गए हैं।

## आरएमएल अस्पताल में स्टेट ऑफ आर्ट स्ट्रोक यूनिट की शुरुआत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में मई और जून में भीषण गर्मी की शुरुआत होने के साथ ही हीट स्ट्रोक के मामले भी बढ़ने की संभावना है। इसको देखते हुए डॉ. राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल ने स्टेट ऑफ आर्ट हीट स्ट्रोक यूनिट की शुरुआत कर दी है। इसी के साथ आरएमएल अस्पताल हीट स्ट्रोक सेंटर शुरू करने वाला पहला अस्पताल बन गया है। इस केन्द्र में 50 किलोग्राम बर्फ से भरने की क्षमता रखने वाले दो बड़े टब, दो आईसीयू बेड शामिल है। इसके साथ उच्च क्षमता का रेफ्रिजरेटर भी लगाया गया है जिसमें एक समय में 200 से 250 किलो बर्फ जमाई जा सकती है। इसके अलावा दूर दराज में हीट स्ट्रोक के मरीजों के लिए अस्पताल ने हीट स्ट्रोक रेस्पांस यूनिट के तौर पर एसीएलएस एंबुलेंस सेवा भी शुरू की है जिसमें जिसमें कूलिंग ट्यूब, तारपोलिन और आईसबॉक्स, ओआरएस पैक, सहित स्ट्रोक के लिए जरूरी मेडिकल सहायता सामग्री रहेगी। लोग आरएमएल के 011 -23404446 फोन नंबर पर संपर्क कर एम्बुलेंस मंगवा सकते हैं। अटल बिहारी बाजपेयी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के निदेशक और आरएमएल अस्पताल के निदेशक डॉ अजय शुक्ला ने मीडिया को बताया कि हीट स्ट्रोक यूनिट सुविधा को गुरूवार से एसीएलएस एंबुलेंस सेवा भी शुरू की है। जिसमें कूलिंग ट्यूब, तारपोलिन और आईसबॉक्स, ओआरएस पैक, सहित स्ट्रोक के लिए जरूरत मेडिकल सहायता सामग्री रहेगी। डॉ. अजय शुक्ला ने बाताया कि केन्द्र के साथ दो



शुरू कर दिया गया है। इस केन्द्र में आधुनिक सुविधा के साथ मरीजों के लिए दो इमरर्जन कूलिंग ट्यूब को रखा गया है, इसकी क्षमता 200 से 250 लीटर है। इसमें बर्फ के लिए उच्च क्षमता को रेफ्रिजरेटर भी लगाया गया है। जिसमें जरूरत के हिसाब से आईस को बनाया जा सकेगा। इसके साथ ही मल्टीपैरामीटर लाइफ सेविंग उपकरणों के साथ दो बेड लगाए गए है, जिसमें वेंटिलेटर की भी सुविधा है। इसके साथ ही अस्पताल ने प्री हॉस्पिटल सेवा के क्रम में हीट स्ट्रोक रेस्पांस यूनिट के तौर पर मोबाइल एंबुलेंस की भी शुरुआत की गई है जो दूरदराज के इलाकों की सकरी गलियों में हीट स्ट्रोक के मरीजों का उपचार करेगी। आरएमएल के इमरजेंसी मेडिसिन के विभागाध्यक्ष डॉ. अमलेंदु यादव ने बताया कि गंभीर तापघात की सूरत में एक- एक मिनट भी काफी अहम होता है। लोगों को इसका खास ख्याल रखना चाहिए कि वे बिना देरी के अस्पताल पहुंचे। गंभीर तापघात से पीड़ित मरीजों को ठंडे पानी के इन टबों में डुबोया जाता है, जिससे उनके शरीर का तापमान तेजी से कम हो जाए।

## अंग्रेजों से पहले स्वशासी और समृद्ध थे भारत के गांव : डॉ. बजाज


एजेंसी

**भोपाल।** अंग्रेजों के शासन से पहले के भारत में प्रत्येक गांव स्वशासी था। गांव में सब प्रकार की व्यवस्थाएं और सेवाएं थीं। प्रत्येक गांव समृद्ध था। यह विचार सेंटर फॉर पॉलिसी स्टडी चेन्नई के निदेशक पद्म श्री डॉ. जतिंदर कुमार बजाज ने मद्रास के दो गांवों उल्लावूर एवं कुण्ड्रत्तूर की केस स्टडी को सामने रखकर व्यक्त किए। डॉ. बजाज भोपाल के दत्तोपन्त ठेंगड़ी शोध संस्थान द्वारा आयोजित और आईसीएसएसआर द्वारा प्रायोजित युवा सामाजिक विज्ञान संकाय के लिए दो सप्ताह के दक्षता निर्माण कार्यक्रम में 'अंग्रेजों से पहले की भारतीय नीति' और 'भारतीय परिवेश में समाज वैज्ञानिक शोध' विषयों पर युवा प्राध्यापकों को संबोधित कर रहे थे। डॉ. बजाज ने कहा कि एक लंबी औपनिवेशिक दासता के कारण हमें अपनी वर्तमान चुनौतियों के समाधान में भारतीय साहित्य पर विश्वास नहीं हो पाता है। हमारे साहित्य में वर्तमान की चुनौतियों के समाधान के सूत्र भी मिलते हैं। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों से पहले का भारत कैसा था, यह जानना है तो उसका एक प्रमुख स्रोत हमारा सभ्यागत साहित्य है। दूसरा स्रोत धर्मपालजी का साहित्य। उन्होंने 1767-1774 के मध्य अंग्रेजों द्वारा किए गए मद्रास के आसपास के लगभग 2000 ग्रामों के एक बहुत विस्तृत सर्वेक्षण का गहन अध्ययन किया है। इस सर्वेक्षण में अंग्रेजों ने यह जानने का प्रयत्न किया कि जिन भारतीयों पर हम शासन करने जा रहे हैं, उनकी व्यवस्थाएं कैसे संचालित होती हैं। सर्वेक्षण में प्राप्त डेटा के आधार पर अंग्रेजों ने जो रिपोर्ट लिखी, वह हमें आश्चर्यचकित करती है। अंग्रेज लिख रहे थे कि भारत की व्यवस्था धर्म (कर्तव्य) आधारित है, जो न्याय और समता के आधार पर संचालित होती है। अंग्रेजों ने माना कि प्रत्येक गांव अपने आप में स्वतंत्र इकाई है। प्रत्येक गांव का इतिहास है। इस संदर्भ में बड़ी संख्या में यहां से शिलालेख मिलते हैं। ये गांव समृद्ध भी हैं। ये सभी गांव स्वशासी हैं। विभिन्न व्यवस्थाओं को चलाने के लिए उत्पादन में से एक निश्चित अंश दिया जाता था। अंग्रेज कलेक्टर यह देखकर हैरान रह गया कि यह काम तो राज्य के हिस्से में हैं, इन्हें लोग क्यों कर रहे हैं।

## जाति जनगणना का निर्णय हाशिए पर खड़े लोगों को करेगा सशक्त : डॉ. के लक्ष्मण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद डॉ के. लक्ष्मण ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा आगामी राष्ट्रीय जनगणना में जातिवार गणना को शामिल करने के ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह एक साहसिक और पारदर्शी कदम सामाजिक न्याय, सूचित नीति निर्माण तथा भारत के सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जाति जनगणना का निर्णय हाशिए पर खड़े लोगों के लिए वरदान साबित होगा। डॉ. लक्ष्मण ने एक बयान में कहा कि भारत में अंतिम व्यापक जाति जनगणना 1931 में ब्रिटिश सरकार ने आयोजित की थी। तब से अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के आंकड़ों को छोड़कर, राष्ट्रीय स्तर पर कोई आधिकारिक जाति गणना नहीं हुई है। दशकों से सटीक आंकड़ों की अनुपस्थिति ने अन्य पिछड़ा वर्ग और अन्य हाशिए के समुदायों के लिए कल्याणकारी नीतियों के निर्माण और कार्यान्वयन में बाधा उत्पन्न की है। 94 वर्षों के बाद इस प्रक्रिया को पुनर्जीवित करने का मोदी सरकार का निर्णय साक्ष्य-आधारित शासन और पारदर्शिता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जाति



जनगणना के मुद्दे पर कांग्रेस और उसके सहयोगियों के दोहरेपन को उजागर करना महत्वपूर्ण है। विपक्ष में रहते हुए कांग्रेस ने बार-बार जाति जनगणना की मांग को एक राजनीतिक नारे के रूप में इस्तेमाल किया है, घोषणापत्रों और सार्वजनिक रैलियों में इसका वादा किया है। हालांकि, सत्ता में आने पर कांग्रेस सरकारें लगातार इसे पूरा करने में विफल रही हैं। वर्ष 2010 में कांग्रेस-नीत यूपीए सरकार ने जाति जनगणना पर विचार करने के लिए मंत्रियों का एक समूह बनाया था, लेकिन सरकार ने केवल एक सर्वेक्षण आयोजित करने का विकल्प चुना, न कि पूर्ण, पारदर्शी गणना सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना के डेटा को कभी भी पूरी तरह से जारी नहीं किया गया था और यह अभ्यास स्पष्टता और पारदर्शिता की कमी से प्रभावित था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके गठबंधन सहयोगियों ने जाति जनगणना को केवल एक राजनीतिक उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया है, कभी भी हाशिए पर पड़े लोगों के कल्याण के लिए वास्तविक इरादे से नहीं। इसके विपरीत मोदी सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि जाति गणना आधिकारिक जनगणना के हिस्से के रूप में एक संरचित, पारदर्शी और कानूनी रूप से सही तरीके से की जाए, न कि खंडित और संदिग्ध राज्य-स्तरीय सर्वेक्षणों के माध्यम से। डॉ. लक्ष्मण ने कहा कि भाजपा का दृष्टिकोणः एकता, कल्याण और सामाजिक सद्भाव का है।

# एमसीडी ने मलबा निस्तारण के लिए 106 स्थल किए निर्धारित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** । दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने शहर में कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसके लिए एमसीडी ने 106 स्थानों को निर्धारित किया है। जहाँ निवासी निर्माण और मरम्मत कार्य से उत्पन्न निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट (सीएंडडी) कचरे का निपटान कर सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य निवासियों को अपने सीएंडडी कचरे का प्रबंधन करने के लिए एक नियत और कुशल तरीका प्रदान करना है। जिससे एक स्वच्छ और अधिक व्यवस्थित दिल्ली बनाने में योगदान मिल सके।एमसीडी ने कहा कि सीएंडडी कचरे की मात्रा तीन सौ मीट्रिक टन से अधिक है। तो वे मलबा को बुराड़ी, रानीखेड़ा, बक्करवाला और शास्त्री पार्क में स्थित सीएंडडी प्लांट में पहुंचा दें। ये संयंत्र बड़ी मात्रा में मलबे को संभालने के लिए सुसज्जित हैं। जिससे यह सुनिश्चित होता है कि इसका निपटान पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार तरीके से किया जाए। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेशों के अनुसार अनधिकृत स्थानों पर मलबा डालने वालों पर पांच हजार रुपये से 50 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा। एमसीडी ने सभी निवासियों से अनुरोध किया है कि वे निर्दिष्ट डंपिंग साइटों का उपयोग करें और दिशानिर्देशों का पालन करके इस पहल में सहयोग करें। सभी एक साथ काम कर के निवासीओं और एमसीडी सभी के लिए एक स्वच्छ, हरियाली और अधिक सतत दिल्ली सुनिश्चित कर सकते हैं। निवासी इन निर्दिष्ट डंपिंग साइटों की सूची दिल्ली नगर निगम की आधिकारिक वेबसाइट पर आसानी से पा सकते हैं। इसके अतिरिक्त मलबे के निपटान के बारे में किसी भी प्रश्न या जानकारी के लिए निवासियों की सहायता के लिए एक हेल्पलाइन नंबर, 155305 भी उपलब्ध किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

# एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा ने दो श्वेत बाघों को लिया गोद

### वन्यजीव संरक्षण की दिशा में उठाया सार्थक कदम

### भगवान बिरसा जैविक उद्यान रांची में हिमांशी व जावा का देखभाल का उठाया कदम

दिव्य दिनकर:संवाददाता



टंडवा:संवाददाता। एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा ने वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरणीय सततता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए भगवान बिरसा जैविक उद्यान, रांची के दो भव्य श्वेत बाघों,हिमांशी और जावा को गोद लिया है। यह पहल झारखंड जू अथॉरिटी, रांची के सहयोग से की गई है। यह गोद लेने की प्रक्रिया केवल एक प्रतीकात्मक कार्य नहीं है, बल्कि जैव विविधता के संरक्षण और भारत की समृद्ध वन्यजीव धरोहर की सुरक्षा के प्रति एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा की अटूट प्रतिबद्धता का उदाहरण है। इस पहल के तहत एनटीपीसी एक वर्ष तक दोनों श्वेत बाघों की देखभाल, चिकित्सा सेवाएं और पोषण आदि के लिए वित्तीय सहयोग प्रदान करेगा। इस भागीदारी के अंतर्गत वन्यजीव संरक्षण के महत्व को लेकर जन जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। साथ ही, बाघ बाड़े के पास एनटीपीसी का नाम और लोगो प्रदर्शित किया जाएगा,जो प्रकृति और पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी का गर्वपूर्ण प्रतीक होगा। एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा सतत विकास,संवेदनशीलता और प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व के अपने मूल्यों को निरंतर आगे बढ़ा रहा है।

## अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर अम्रपाली,चंद्रगुप्त क्षेत्र में कार्यक्रम का आयोजन




दिव्य दिनकर:संवाददाता

टंडवा:चतरा। अम्रपाली-चंद्रगुप्त क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने सभी श्रमिकों और कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं तथा राष्ट्र की ऊर्जा आपूर्ति के निर्माण में श्रमिकों के अमूल्य योगदान की सराहना की। अपने संबोधन में श्री सिंह ने कहा कि मजदूर वर्ग किसी भी राष्ट्र की प्रगति की नींव होते हैं और उनकी मेहनत व समर्पण से ही ऊर्जा उत्पादन एवं आपूर्ति जैसे महत्वपूर्ण कार्य संभव हो पाते हैं। उन्होंने श्रमिकों की भूमिका को सम्मान देते हुए उनके कल्याण के लिए कंपनी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम के अंत में सभी कर्मचारियों व श्रमिकों के बीच मिष्ठान का वितरण किया गया। आयोजन में अधिकारियों, कर्मचारियों और श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस दिन को श्रम, सम्मान और एकता के प्रतीक के रूप में मनाया गया।

## मधुपुर में रेडीमेड दुकान में सेंधमारी, चोरों ने पार किया माल और नकदी



**मधुपुर, देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता उमेश चन्द्र मिश्रा की रिपोर्ट**

मधुपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोंदलीटाँड़ गाँव में एक रेडीमेड कपड़े की दुकान में सेंधमारी कर अज्ञात चोरों द्वारा लाखों रुपए के सामान और नगदी की चोरी का मामला प्रकाश में आया है। यह घटना गुरुवार की रात की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गोंदलीटाँड़ गाँव निवासी और कपड़े की दुकान संचालक मोहम्मद अरमान उर्फ लाडला, पिता मोहम्मद ईशा अंसारी ने इस संबंध में मधुपुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि गुरुवार शाम करीब 7 बजे वे दुकान में नया माल गिराने के बाद दुकान बंद कर घर लौट गए थे। शुक्रवार को जब कुछ ग्रामीणों ने उन्हें सूचना दी कि उनकी दुकान में चोरी हो गई है, तो वे मौके पर पहुँचे। वहाँ पहुँचने पर उन्होंने देखा कि दुकान की पिछली दीवार में सेंध लगाकर चोर भीतर घुसे थे। चोरों ने दुकान से 10 बंडल सूट के कपड़े, 10 बंडल जींस पैंट, टी-शर्ट, शर्ट, साड़ी समेत अन्य रेडीमेड कपड़े और छोटे-मोटे सामान समेत लगभग 1,60,000 रुपए मूल्य का सामान चुरा लिया। इसके अलावा दुकान के गल्ले से 2,200 रुपये नगद भी ले उड़े। दुकान संचालक ने बताया कि वे हर शुक्रवार को जुम्मे की नमाज के कारण दुकान बंद रखते हैं। इसी कारण उन्हें इस घटना की जानकारी अहले सुबह नहीं हो पाई। इस संबंध में दुकान संचालक मोहम्मद अरमान ने मधुपुर थाना में आवेदन देकर चोरी की घटना की जाँच कर शीघ्र कार्रवाई की माँग की है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक सम्पन्न

दिव्य दिनकर:संवाददाता



टंडवा:चतरा। उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक की गई। बैठक में सर्वप्रथम कल्याण विभाग अंतर्गत वनपट्टा से संबंधित अनुमंडल स्तरीय वन अधिकारी समिति द्वारा कुल 76 व्यक्तिगत वनपट्टा 3 सामुदायिक वनपट्टा प्रस्तुत किया गया। जिसकी मानक दस्तावेजों की गहनता से जांच करते हुए सर्वसम्मति से कुल 71 व्यक्तिगत वनपट्टा एवं कुल 3 सामुदायिक वनपट्टा स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया। वहीं शेष प्राप्त त्रुटि दस्तावेज वाले वनपट्टा को अनुमंडल स्तर से ग्राम सभा से निराकरण हेतु वापस करने का निर्देश दिया गया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज,प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी शिशिर पंडित, वनाधिकार समिति के सदस्य समेत अन्य सभी सबंधित उपस्थित थे।

# कांग्रेस की संविधान बचाओ महारैली होगी ऐतिहासिक शिल्पी नेहा तिर्की

### चान्हो प्रखंड कार्यालय परिसर महारैली की सफलता के लिए हुई कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं की बैठक

दिव्य दिनकर संवाददाता

चान्हो - रांची के पुराना विधानसभा मैदान में 6 मई को आयोजित संविधान बचाओ महारैली की सफलता को लेकर सांगठनिक गतिविधि तेज हो गई है इसी कड़ी में राज्य की कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने चान्हो प्रखंड कार्यालय परिसर में कांग्रेस की प्रखंड कमिटी , मंच मोर्चा के पदाधिकारी , पंचायत पदाधिकारी सहित पार्टी के अगुवा नेताओं के साथ बैठक की इस मौके पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि संविधान बचाओ महारैली ऐतिहासिक होने जा रही है . देश का हर एक नागरिक संविधान की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरने को तैयार है झारखंड की राजधानी रांची में लोगों का जन सैलाब संविधान बचाओ महारैली में देखने को मिलेगा . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि बीजेपी के राजनीतिक मंसूबों को समझने और उसका जवाब देने के लिए सबको तैयार रहना होगा .



संविधान को कमजोर कर बीजेपी देश में अपनी मनमानी और सामाजिक समरसता को बिगाड़ने में लगी है . इस षडयंत्र का जवाब सामाजिक एकता है और जन जागरूकता के माध्यम से देना होगा . संविधान समाज के हर वर्ग हर व्यक्ति को अपने हक अधिकार के लिए लड़ने की छूट देता है बीजेपी इस अधिकार को देश की जनता से छीन लेना चाहती है .संविधान बचाओ महारैली को लेकर मांडर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की तैयारी बूथ स्तर पर चल रही है . इसके लिए पंचायत अध्यक्ष को विशेष रूप से जिम्मेवारी दी गई है संविधान बचाओ महारैली की तैयारी को लेकर हुई बैठक में प्रखंड अध्यक्ष इस्तियाक अंसारी , मुखिया शिव उरांव , अजीत सिंह , महादेव उरांव , इरशाद खान , दिलीप सिंह , अब्दुल्ला अंसारी , प्रियंका उरांव , जुल्फेकार अली , मन्ना उरांव , विनीता उरांव , सुनीता उरांव , राम उरांव , जीवन मिंज , प्रमोद लाल , दिनेश राम मौजूद थे !

# सीसीएल मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस व भव्य समारोह मनाया

### आयोजन उत्कृष्ट कर्मी एवं क्षेत्र यूनिट हुए सम्मानित

दिव्य दिनकर:संवाददाता

टंडवा:चतरा। अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर सीसीएल ने राँची स्थित अपने मुख्यालय के कन्वेंशन सेंटर में श्रमिक दिवस-सह-पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया।

**सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंधक नीलेंदु**

कुमार सिंह ने कहा कि सीसीएल केवल एक उत्पादन इकाई नहीं, बल्कि एक सशक्त और दूरदर्शी संगठन है। यह अपने श्रमिकों की मेहनत, समर्पण और प्रतिबद्धता से नई ऊंचाइयों को छू रहा है। हमने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक का सर्वाधिक 87.55 मिलियन टन कोयला उत्पादन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। अध्यक्ष-सह-प्रबंधक ने कहा कि श्रमिक केवल एक शब्द नहीं, बल्कि हमारी पहचान हैं। हमें ना केवल अपने कार्यों से, बल्कि अपने विचारों से भी श्रमिक बनना होगा। समारोह में सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंधक एवं अन्य गणमान्यों द्वारा क्षेत्र एवं उत्कृष्ट योगदान




देने वाले कर्मचारियों और इकाइयों को सम्मानित किया गया जिसमें मगध-संघमित्रा क्षेत्र को पिछले वर्ष की तुलना में कोयला प्रेषण में 28% उच्चतम वृद्धि के लिए सर्वश्रेष्ठ साइडिंग में मगध-संघमित्रा क्षेत्र के बालूमाथ साइडिंग को सर्वश्रेष्ठ साइडिंग का पुरस्कार मिला तथा पिछले वर्ष की तुलना में लक्ष्य प्राप्ति के साथ कोयला प्रेषण में वृद्धि के अनुसार ग्रेड-ए श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ ओपन कास्ट खदान में मगध परियोजना को दूसरा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त मगध संघमित्रा क्षेत्र के में कोयला खनन का कार्य कर रही आउटसोर्सिंग कंपनी वीपीआर-बीजीआर-पीएलआर कंसोर्टियम के 4 ठेकेदार श्रमिकों को भी पुरस्कार से सम्मानित किया गया जिसमें आलोक कुमार, मुकेश यादव, साधन सरकार एवं आसी विश्वनाथम शामिल हैं। इस अवसर पर मगध-संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ, मगध परियोजना के परियोजना पदाधिकारी एस. सत्यनारायणा सहित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित हुए।

# अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक (मजदूर ) दिवस,मजदूर हमारे भाई,करो इनका सम्मान:हरिकनक ग्रेटर

दिव्य दिनकर संवाददाता

रांची - 01 मई अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक (मजदूर) दिवस पर लायंस क्लब ऑफ रांची हरिकनक ग्रेटर की ओर से पिस्कामोड़ टंगरा टोली नगर निगम के श्रमिक भाई,सहित लाहकोठी,लालपुर,बूटी मोड़ के सैकड़ों श्रमिक भाई के बीच चिप्स बिस्कुट,माजा एवं फ्रूटी वितरण की गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता छात्र क्लब श्रमिक कल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह हरिकनक ग्रेटर के पी.आर.ओ.लायन शिव किशोर शर्मा ने किया।इस मौके पर मुख्यअतिथि के रुप में छात्र क्लब मानव कल्याण मंच के वरीय संरक्षक विजय पाठक,एव विशिष्ठ अतिथि विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेयांश, लक्की एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक गौतम कुमार साहू,लायंस क्लब ऑफ रांची हरिकनक ग्रेटर के अध्यक्ष लायन एम.जे.एफ.राजेश केडिया,लायन एम.जे.एफ.(रीजन चेयरपर्सन 2 ए डिस्ट्रिक्ट 322 ए)लायन प्रेम शंकर मिश्रा,अधिवक्ता लायन प्रिया रानी,लायन अमित मिश्रा,लायन दीपक कुमार



साहू,लायन डॉक्टर दीपक कुमार,लॉयन अंकित सर्राफ,लायन साकेत अग्रवाल,लायन रवि मेहता, लायन प्रशांत कुमार,लायन ममता मिश्रा,लायन सुबिमल दत्ता,लायन प्रमोद कुमार पांडे, आदि मौजूद थे।मौके पर अपने संबोधन में विजय पाठक ने कहा मजदूर हमारे भाई है हमेशा इनकी सम्मान करें वहीं संतोष कुमार ने कहा लायंस क्लब ऑफ रांची हरिकनक ग्रेटर सामाजिक क्षेत्र मे पुण्यकार्य कर रही है इसके लिए मैं सभी लायन को बधाई देता हूं। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरूप से छात्र क्लब ग्रुप के संरक्षक सुचिता सिंह,महेश चंद्रा,संजय कुमार सिंह उर्फ लल्लू सिंह,गगन शर्मा, शुभम चौधरी,ऋषिकेश लाल सहित कुमारी पिया बर्मन, अनिता,शीला,

नीलम,विनीता,वीणाश्री,अंजना ललिता,पूनम,अंजना प्रियदर्शनी,सुनीता पांडे,कविता वर्मा,वीणा सिंह,डालियां राय, रूपम भगत,संगीता झा,सुबोध कुमार शर्मा,जितेंद्र कुमार शर्मा,संदीप कुमार,राजकिशोर कुमार आदि ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# नीट परीक्षा को निष्पक्ष व कदाचार मुक्त संपन्न कराने हेतु उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

### नीट परीक्षा 4 मई को, 347 परीक्षार्थी होंगे शामिल

दिव्य दिनकर:संवाददाता

टंडवा:चतरा। उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में नीट परीक्षा को निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त संपन्न कराने को लेकर उपायुक्त कार्यालय कक्ष में बैठक की गई। मौके पर नीट परीक्षा को निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त संपन्न कराने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बताया गया कि परीक्षा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय चतरा में होगी। परीक्षा चार मई को अपराह्न 2:00 बजें से 5:00 बजे तक होगी। केन्द्र में परीक्षार्थियों का प्रवेश पूर्वाह्न 11:00 बजे से शुरू हो जाएगा और दोपहर 1:30 बजे के बाद प्रवेश पर रोक लग जाएगी। उपायुक्त रमेश घोलप एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय ने अधिकारियो के साथ बैठक कर शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त परीक्षा के लिए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था करने और सतत निगरानी के अलावा प्रवेश द्वार पर कड़ी जांच और पहचान पत्र का अनिवार्य रूप से सत्यापन करने की बात कही। उन्होंने प्रश्न पत्र खोलने एवं सीलबंद करने की प्रक्रिया सहित अन्य सभी गतिविधि की वीडियोग्राफी सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। परीक्षा केन्द्र के निर्धारित दायरे में धारा 166 लागू कर भीड़ नियंत्रण सुनिश्चित करने समेत मेडिकल व आपातकालीन



सुविधाओं की उपलब्धता तथा परीक्षा की गोपनीयता सुनिश्चित करने की बात कहीं। परीक्षा केंद्र परिसर में ही मोबाइल केंद्र बनाने का निर्देश दिया। जहां कार्य करने वाले कर्मी एवं पदाधिकारियों का मोबाइल जमा की जाएगी। किसी भी पदाधिकारियों को परीक्षा केंद्र भवन में मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होगी। उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षार्थियों को बिना किसी असुविधा के परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर मिलना चाहिए, इसके लिए आवश्यकतानुसार हेल्प डेस्क की स्थापना और समुचित सूचना बोर्ड लगाया जाएं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किए जाएंगे। जिला नियंत्रण कक्ष के अलावा परीक्षा केन्द्रों में भी नियंत्रण कक्ष स्थापित होंगे। परीक्षा संचालन का कंट्रोल रूम से भी विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने परीक्षा केंद्र के बाहर 100 मीटर की दूरी तक पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करते हुए विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## शादी का प्रलोभन देकर युवती से दुष्कर्म करने के आरोपी को मांडर पुलिस ने भेजा जेल

दिव्य दिनकर संवाददाता

मांडर- शादी का प्रलोभन देकर युवती से दुष्कर्म करने के आरोपी वंशी कुमार रविदास को गिरफ्तार कर मांडर पुलिस ने गुरुवार को जेल भेज दिया है. पुलिस के अनुसार आरोपी लातेहार जिला के ग्राम पकरार का रहने वाला है. उसके विरुद्ध 24 वर्षीया युवती ने शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने के आरोप में 30 अप्रैल को मांडर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी!

## मांडर में तेज बारिश व ओलावृष्टि से सब्जी की खेती को हुआ नुकसान

दिव्य दिनकर संवाददाता



मांडर - प्रखंड में गुरुवार को तेज बारिश, आंधी व ओलावृष्टि से सरगांव, कैम्बो, बंझिला, सोसई, कंजिया सहित कई अन्य गांव में घरों व सब्जी की खेती काफी नुकसान हुआ है. बताया गया कि आंधी से कई घरों के एस्बेस्टस उड़कर क्षतिग्रस्त हो गये हैं. वहीं बारिश व ओलावृष्टि से खेतों में लगे, खीरा, बंधागोभी, फूलगोभी पालक, शिमला, टमाटर, बैंगन, मिर्च व अन्य सब्जियों की खेती बर्बाद हो गयी है. जानकारी के अनुसार ओलावृष्टि से सबसे अधिक सोसई, बंझिला व कंजिया गांव में सब्जी की खेती को नुकसान हुआ है. कंजिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रेमचंद एक्का ने बताया कि सोसई में उनके अलावा कई अन्य लोगों का कई एकड़ में लगे खीरा, टमाटर की खेती ओलावृष्टि से पूरी तरह बर्बाद हो गया. जानकारी दिये जाने पर मांडर के अंचलकर्मियो ने शुक्रवार को सोसई में सब्जी की खेती को हुये नुकसान का जायजा भी लिया!

## राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस युवा इंटक जिलाध्यक्ष ने ग्रामीण विकास मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**साहिबगंज :** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस युवा इंटक जिलाध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य मंडरो अंशुपाल तांती ने ग्रामीण विकास मंत्री सह पंचायती राज्य मंत्री दीपिका पांडे सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया की मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना में राशन कार्ड में उम्र को लेकर होल्ड कर दिया जा रहा है ।जिससे लाभुको को बहुत परेशानी हो रही हैं। जबकि लाभुक के सभी दस्तावेजों में उम्र 40 बर्ष है। लेकिन राशन कार्ड में उम्र 50 बर्ष कर दिया है यह मामला बहुत ही गंभीर है। अगर लाभुक अपना सभी दस्तावेजों से राशन कार्ड में उम्र सुधरवा भी लेता है तो होल्ड नहीं हटता है। वही मंत्री ने विश्वास दिलाया कि इस समस्याएं को हम अपनी ओर से विधानसभा में रखेंगे।

# पंचायत भवन में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस

**रिपोर्ट- अविनाश मंडल**

पाकुड़:झालसा रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के सचिव रूपा बंदना किरो की उपस्थिति में आज पाकुड़ प्रखंड के नरोत्तमपुर पंचायत भवन में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान से की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सचिव रूपा बंदना किरो, प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर अल्फ्रेड मुर्मू, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के सहायक अजफर हुसैन विश्वास पंचायत के मुखिया द्वारा अंतराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर मजदूर के सम्मान में कई बिंदु पर प्रकाश डालते हुए संबोधित की गई। उक्त कार्यक्रम में डालसा सचिव रूपा बंदना किरो ने कहा कि



आज हम सब एक मई को मजदूर दिवस अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मानते हैं भारत में यह सबसे पहले चेन्नई में 1923 में मनाया गया था । अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों के अधिकारों, उनके योगदान, और उनके द्वारा सामना की जाने वाली कठिनाइयों को याद करना और उनकी सराहना करना है।श्रमिकों के अधिकारों, जैसे उचित वेतन, सुरक्षित कार्य वातावरण, और उचित कार्य घंटों के बारे में जागरूकता पैदा करता है।श्रमिकों को संगठित करने और एकजुटता से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने के लिए प्रेरित करता है।साथ ही कहा कि इस कार्यक्रम में महिलाओं की उपस्थित बतलाती है कि यहां की महिलाएं काफी कर्मठ हैं ऐसे में इन जगहों का विकसित होना और सभी को सफलता निश्चित मिलेगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर अल्फ्रेड मुर्मू ने कहा कि ग्रामीणों क्षेत्रों में योग्य व्यक्ति को मनरेगा के तहत साल में सौ दिनों का काम दिया जाता है साथ ही कई योजना चलाएं जा रहे ताकि मजदूरों का पलायन न हो इसे रोकना और रोजगार से जोड़ने का कार्य योजना के तहत किया जा रहा है। इस दौरान लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के सहायक अजफर हुसैन विश्वास समेत अन्य ने मजदूरों के हित में अपने अपने विचार को रख जागरूक किया । मौके परमंच का संचालन इन्डियन नेशनल एसोसिएशन के अध्यक्ष जेड एच बिस्वास ने की ।इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के सहायक नंदलाल पाल, ग्रामीण माला सिन्हा, रूप विश्वास, मोनल कुमारी, नन्दनी बर्मन अब्दुल वदूद सलिम रशिद अंसारी, मंगल सोरेन, मोलिना पैरा लीगल वॉलिंटियर्स याकूब अली, उत्पल मंडल नीरज कुमार राउत समेत अन्य उपस्थित रहे

## संक्षिप्त समाचार

### ग्राम प्रधान हत्याकांड के एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**मंडरो:** मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महादेववरन निवासी सह ग्राम प्रधान 40 वर्षीय होली कोड़ा को अपराधियों के साथ मिलकर हत्या करवा दिया गया था। उक्त मामले में मिर्जाचौकी पुलिस ने सघन जांच करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया था। जिसमें महादेववरन निवासी धीरज विश्वकर्मा व पंकज गुप्ता शामिल थे। वही पूछताछ के बाद दोनों आरोपी को आर्म्स एक्ट के तहत न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था। वही मिर्जाचौकी पुलिस द्वारा अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही थी। वही गुरुवार को मिजाचौकी बाजार क्षेत्र से ग्राम प्रधान हत्याकांड कांड संख्या 03/25 के एक अन्य आरोपी धीरनाथ मंडल पिता स्व रामदेव मंडल ग्राम बाबूपुर निवासी को मिर्जाचौकी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। मिर्जाचौकी पुलिस की सक्रियता से एक आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली। उक्त मामले में मिर्जाचौकी थाना प्रभार थाना प्रभारी पवन यादव के नेतृत्व में मिर्जाचौकी पुलिस को मिली सफलता। मौके पर मिजाचौकी थाना के पुलिस बल मौजूद थे।

### साहिबगंज पुलिस केंद्र में कोऑर्डिनेशन मीटिंग आयोजित की गई

**साहिबगंज:** पुलिस केंद्र साहिबगंज में पुलिस उपाधीक्षक सह एस जे पी यू ( विशेष किशोर पुलिस इकाई ) की अध्यक्षता में कोऑर्डिनेशन मीटिंग संपन्न हुआ ।जिसमें उहउ के चेयरपर्सन अब्दुल सुहान मेंबर श्रीमति सुधा कुमारी, डॉक्टर एस एन तिवारी, श्री दिनेश शर्मा ,डी सी पी ओ श्रीमती पूनम कुमारी एवं इकाई के सदस्य संजय जी अवधेश जी, श्रीमति चंदा कुमारी एवं हेमलता जी, जे जे बोर्ड के मेंबर श्रीमती हेमलता जी एवं श्रीमती बबीता जी, बालगृह अधीक्षक श्री दिवाकर जी, प्रोबेशन ऑफीसर श्री अमित कुमार जी, परियोजना समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन मोहम्मद इकबाल जी , मिर्जाचौकी थाना के एसआई महेंद्र सिंह समेत अन्य थाना के सी डब्लू पी ओ (पुलिस पदाधिकारी)एवं आहातू थाना प्रभारी अरुण सिंह भाग लिए।बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए,बाल जीवन के बेहतर विकास, बालकों के अधिकार की सुरक्षा, बालको के प्रति अपराध ,घरेलू हिंसा, अपमान आदि से सुरक्षा ,दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई ,गैरकानूनी कार्यो में बच्चों को संलिप्त करना, बाल विवाह, बाल मजदूरी ,बच्चों से जुड़ी अश्लील सामग्री, ह्यूमन ट्रैफिकिंग,जेजे एक्ट पोक्सो एक्ट, चाइल्ड लेबर एक्ट, चाइल्ड मैरिज एक्ट ,बाल संरक्षण अधिनियम इत्यादि से संबंधित पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई इसके बेहतर क्रियान्वयन हेतु दिशा निर्देश दिए गए इन बालकों से जुड़े इन समस्याओं के समाधान के लिए सामाजिक कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि उनके अभिभावक एवं मीडिया बंधुओ से भी जागरूकता फैलाने हेतु सहयोग की अपेक्षा की गई यह भी निर्णय लिया गया कि थाना अस्तर से एवं ब्लॉक स्तर से नियमित रूप से बैठके आयोजित की जाएगी बाल मित्र थाना एवं महिला हेल्प डेस्क को बेहतर रूप से थानों में विकसित किया जाएगा। जिला स्तर पर भी पुलिस उपाधीक्षक सह एस जे पी यू की अध्यक्षता में नियमित रूप से बैठक आयोजित की जाएगी कार्य योजना तैयार किए जाएंगे क्षेत्र में इसका क्रियान्वयन होगा और फलाफल की समीक्षा की जाएगी।

### प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने नामांकित बालिकाओं के विद्यालय में वापसी को लेकर बैठक



**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**

देवीपुर प्रखण्ड मुख्यालय स्थित बीआरसी कार्यालय के सभी सीआरपी और बीआरपी एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के नव पदस्थापित वार्डेन, शारीरिक शिक्षिका तथा सभी कर्मियों के साथ विद्यालय परिसर में एक आवश्यक बैठक प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी संतमर्शी टुडू के द्वारा किया गया। इस दौरान में मुख्य रूप से नामांकित बालिकाओं के विद्यालय में वापसी एवं पठन पाठन सुचारू रूप से शुरू करवाने हेतु आवश्यक प्रयास हेतु दिशा निर्देश दिया गया। इस संबंध प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी संतमर्शी टुडू ने बच्चे के अभिभावकों से अपने अपने बच्चे को विद्यालय पहुंचाने की अपील किया है। कही है कि आने बीते घटना से आगे के पठन पाठन से कोई संबंध नहीं है और न ही किसी भी तरह से बाधाऐं आएगी। ऐसी घटना का पुनः नहीं हो इसके लिए विभाग तत्पर है। नए सिरे से वार्डन सहित सभी कर्मियों को तबादला कर दिया गया है। शुक्रवार को विद्यालय में 4 बालिकाओं की वापसी हो गयी है और अन्य सभी नामांकित बच्चों को लाने का प्रयास जारी है। जानकारी हो कि बीते दिन एक बच्ची की मौत विद्यालय में हो गई थी। घटना के बाद सभी अभिभावकों ने अपने-अपने बच्चे को वापस घर ले गया है।

### एनसीडी दल ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया निरीक्षण




**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**

आज दिनांक 02 मई 2025 को डॉक्टर युगल किशोर चौधरी, सिविल सर्जन , देवघर तथा डॉक्टर मनोज कुमार गुप्ता, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, देवघर के निदेशानुसार देवघर जिला अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र , सारठ के दो आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सबेजोर, फूलचूआ एवं समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारवा अंतर्गत आम डहुआ का भ्रमण जिला एमसीडी कोषांग, देवघर की टीम रवि कुमार सिन्हा, रवि चंद्र मुर्मू , अभिषेक कुमार लाल एवं ई संजीवनी से प्रोजेक्ट मैनेजर, शिव शंकर कुमार के द्वारा किया गया। भ्रमण के दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर डहुआ,में मुखिया दिवाकर पासवान से सम्पर्क कर आम में बिजली पानी, जन आरोग्य समिति की बैठक एवं अन्य की चर्चा की गई जिसमें श्री पासवान जी का पूर्ण सहयोग रहा एवं अन्य जगह 1 मई से 31 मई तक NCD का विशेष स्क्रीनिंग के बारे में रिर्पोटिंग करने एवं लक्ष्य अनुरूप NCD स्क्रीनिंग एवं फॉलोअप करने हेतु राज्य द्वारा प्राप्त दिशानिर्देश को बताया गया साथ ही उक्त भ्रमण में एन0 सी0 डी0 एवं ई- संजीवनी अंतर्गत चलने वाले सभी फैसेलिटीज का जायजा लिया गया। उक्त भ्रमण के दौरान समुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों का पूर्ण सहयोग रहा ।

# जनगणना कराना ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी फैसला : आदर्श लक्ष्य

**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**

आज को आजसू पार्टी देवघर जिला कमेटी द्वारा देवघर जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य के आवासीय कार्यालय में जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया जिसमें केंद्र सरकार द्वारा जातीय जनगणना कराने के ऐतिहासिक और दूरदर्शी फैसले की सराहना की गई` मौके पर आजसू पार्टी देवघर जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य द्वारा कहा गया की आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने केंद्र सरकार द्वारा जातीय जनगणना कराने के ऐतिहासिक और दूरदर्शी फैसले की सराहना की है` इस निर्णय को सामाजिक समानता, न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम बताते हुए उन्होंने इसे भारत के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को बदलने वाला कदम करार दिया` देश में मूल जनगणना के साथ ही 'जातीय जनगणना' कराने के केंद्र सरकार के फैसले से सामाजिक न्याय का अध्याय अत्यंत मजबूत होगा` यह देश के एक एक आम जनमानस की माँग थी। इससे भविष्य का भारत बनाने में एक बड़ा आधार मिलेगा` आजसू पार्टी ने समय-समय पर लगातार जातीय जनगणना की मांग उठाई है और यह



फैसला पार्टी के दीर्घकालिक संघर्ष और सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है` हमारी पार्टी ने अपने अधिवेशन में भी इससे संबंधित प्रस्ताव पारित किया है` यह हमारी मुख्य माँग रही है` आजसू पार्टी ने विगत कई वर्षों से विभिन्न मंचों, जनसभाओं और आंदोलनों के माध्यम से जातीय जनगणना की आवश्यकता पर बल दिया है` हमारा मानना रहा है कि भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में, जहां सामाजिक और आर्थिक असमानताएं जटिल चुनौतियां पेश करती हैं, जातीय जनगणना के बिना समावेशी विकास और सामाजिक न्याय संभव नहीं है` यह फैसला न केवल हमारे इस संघर्ष को मान्यता देता है, बल्कि यह देश के करोड़ों वंचित और हाशिए पर मौजूद समुदायों के लिए एक नई उम्मीद लेकर आया है` मौके पर उपस्थित थे : केंद्रीय समिति सदस्य सुनील कुमार वर्मा, केंद्रीय समिति सदस्य अशोक सिंह, जिला वरीय उपाध्यक्ष मुरारी प्रसाद केसरी, जिला उपाध्यक्ष पार्थ सारथी, जिला सचिव रविकांत झा, जिला सचिव आलोक राय, जिला प्रधान सह सचिव आनंद तुरी, व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अनिल झा, ओबीसी महासभा जिला अध्यक्ष प्रदीप बरनवाल, मोहनपुर प्रखंड अध्यक्ष डब्लू यादव, देवीपुर प्रखंड अध्यक्ष भगत यादव, गौतम राय, इत्यादि दर्जनों पदाधिकारी मौजूद थे`

# जातिगत जनगणना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संघर्ष की ऐतिहासिक जीत, 26 सितंबर 2021में मांग किया था: दानिएल किस्कू

**रिपोर्ट- अविनाश मंडल**

पाकुड़ः वरिष्ट झामुमो कार्यकर्ता दानिएल किस्कू ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 26:09:2021 को गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर आदरणीय प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन जातीय आधारित जनगणना की मांग रखी। माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी का कहना था कि देश में एसटी-एससी और पिछड़े को वर्षो से दंश झेल रहा है, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के नारे को अभी अमलीजामा पहनाने का वक्त है। सबसे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सितम्बर 2021 में कहे थे कि सभी वर्गों को हिस्सेदारी के आधार पर भागीदारी जाति जनगणना से ही मिलेगा सामाजिक राजनीतिक और आर्थिक स्थिति का सही आकलन



होगा यही समय की मांग है। झामुमो के वरिष्ट कार्यकर्ता दानिएल किस्कू ने कहा कि यह केवल एक आंकड़े की बात नहीं है यह एक आंदोलन की जीत है, यह उन लाखों लोगों की जीत है जिन्हें समाज ने हमेशा हाशिए पर रखा। यह गरीबों, मजदूरों, पिछड़ों, और दबे-कुचले वर्गों की जीत है, जिनके लिए माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सबसे पहले आवाज उठाई और उनकी लड़ाई लड़ी। उन्होंने का जातिगत जनगणना नहीं होगी, तब तक इन वर्गों को सही प्रतिनिधित्व और न्याय नहीं मिलेगा। झामुमो के वरिष्ट कार्यकर्ता दानिएल किस्कू ने कहा कि अब, जब केंद्र सरकार ने जातिगत जनगणना कराने का फैसला लिया है, झारखंड की आवाज का परिणाम है, जिन्होंने दशकों से अपनी पहचान की लड़ाई लड़ी है। यह जीत न केवल एक नीति परिवर्तन है, बल्कि समाज के उस हिस्से की बहादुरी और संघर्ष का सम्मान है, जो अब तक गुमनाम था। अब उम्मीद जगी है।

# जदयू जिला अध्यक्ष का मेहनत लाया रंग मोहल्ले में पहुंची बिजली के खंभे व तार का कनेक्शन

**रिपोर्ट- अविनाश मंडल**

पाकुड़ःपाकुड़ नगर के वार्ड नंबर 1 के श्री राम कॉलोनी के मोहल्लेवासी बांस के खबों का सहारा लेकर अपने घरों तक तार ले जाया करते थे और अपने घरों की रोशनी उजाला किया करते थे, जिससे हमेशा डर रहता था कि किसी भी तरह की अप्रिय घटना न घट जाए. मोहल्लेवासियों की समस्याओं को देखते हुए, जदयू जिला अध्यक्ष गौतम मंडल ने पाकुड़ उपायुक्त मनीष कुमार को एक पत्र सौपां था, पत्र के आलोक में नगर के वार्ड संख्या 1 के श्री राम कॉलोनी में बिजली के खंभे व तार कनेक्शन नहीं होने जैसे समस्या को दशार्या गया था. जिसे पाकुड़ उपायुक्त मनीष कुमार



ने गंभीरता पूर्वक लेते हुए, वार्ड नंबर 1 के श्री राम कॉलोनी में बिजली का खंबा लगवाया जा रहा है, और घर-घर तक बिजली की तारे भी पहुंचाई जा रही है, एवं कनेक्शन भी किया जा रहा है, जिससे मोहल्ले वासियों के चेहरे पर खुशी और उत्साह भी देखा गया, मोहल्ले में बिजली व खंबा का कनेक्शन लगने के बाद जदयू जिला अध्यक्ष गौतम मंडल के घर पहुंच कर लोगों ने धन्यवाद और बधाई दी वही इस बाबत जदयू जिला अध्यक्ष गौतम मंडल ने कहा कि पाकुड़ के उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरनवाल और उपयुक्त मनीष कुमार का मैं धन्यवाद और बधाई देता हूं जो मेरे द्वारा दिए गए पत्र को गंभीरता पूर्वक लेते हुए एवं जनहित को देखते हुए इस मोहल्ले में बिजली का खंबा बिजली की तार का कनेक्शन किया जा रहा है..

# डा. भीमराव अम्बेडकर सम्मान अभियान के तहत भाजपा ने आयोजित की संगोष्ठी

**रिपोर्ट- अविनाश मंडल**

पाकुड़ःसंविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष अमृत पाण्डेय की अध्यक्षता में हुई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुमका के पूर्व सांसद सुनील सोरेन जी शामिल हुए। वक्ता के रूप में पूर्व प्रदेश मंत्री शर्मिला रजक , अजीत रविदास ने संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के विचारों और उनके सामाजिक योगदान पर अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम के शुभारंभ होने से पहले दो मिनट का मौन धारण कर पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए देशवासियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान रिटायर्ड इंजीनियर भूतनाथ रजक को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ कार्यकर्त्ता श्यामल साहा को भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान संविधान क्यूं प्रस्तावना का सामुहिक वाचन भी किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए दुमका के पूर्व सांसद सुनील सोरेन जी ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा डॉ. अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि



1937 से 1954 तक कांग्रेस ने डॉ. अंबेडकर को एक बार भी चुनाव लड़ने का अवसर नहीं दिया और उनके विरोध में प्रचार तक किया गया। यहां तक कि उनके अंतिम संस्कार के लिए भी कांग्रेस सरकार ने स्थान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब की मृत्यु के पश्चात कांग्रेस की सरकार ने दिल्ली में उनके अंतिम संस्कार की अनुमति नहीं दी। सरकारी विमान तक उपलब्ध नहीं कराया गया। उनके पार्थिव शरीर को मुंबई भेजने का खर्च उनकी पत्नी को वहन करना पड़ा। नेहरू ने दिल्ली स्थित आंबेडकर निवास को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने के प्रस्ताव को भी खारिज कर दिया था। भाजपा ही एक मात्र ऐसा पार्टी है, जो अन्त्योदय को लेकर काम करती है. समाज के अंतिम पंक्ति में खड़ा व्यक्ति का विकास ही भारत का विकास है. इसी सोच के साथ भाजपा हर समाज के उत्थान करने में लगी हुई है। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अमृत पाण्डेय ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने पहली बार सुप्रीम कोर्ट परिसर में कानून मंत्रालय में बाबा साहब की मूर्ति स्थापित कर उन्हें विधिक सम्मान दिया है। इसके अलावा लंदन स्थित उनके निवास को सरकार ने स्मारक व सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित किया है। बाबा साहब सामाजिक न्याय और समानता के प्रतीक थे। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सदैव डॉ. भीमराव आंबेडकर को सम्मान देने का कार्य किया है। विपक्ष पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने उनके योगदान की निरंतर उपेक्षा की है। प्रदेश मंत्री दुर्गा मरांडी ने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान बनाकर देश को एकजुट किया और समाज के कमजोर तबकों को हक दिलाया. इसीलिए उनकी जयंती पर ये सम्मान अभियान चलाया जा रहा है. दिल्ली के इन चार कार्यक्रमों में सैकड़ों लोग जुटे, नेताओं ने बाबा साहेब की मूर्तियों पर माल्यार्पण किया और उनके दिखाए रास्ते पर चलने का वादा किया. पूर्व प्रदेश मंत्री शर्मिला रजक ने कहा कि भाजपा ने संविधान की रक्षा करने का काम किया है. जबकि दूसरे दलों के लोगों ने दलित समाज को बरगलाने का काम किया है.भाजपा ने संविधान निमार्ता बाबा भीमराव अंबेडकर के बनाए संविधान को मानते हुए देश में ऐतिहासिक विकास करने का काम किया है। इस कार्यक्रम में जिला महामंत्री रूपेश भगत, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र त्रिवेदी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपक साह,नगर अध्यक्ष सोहन मंडल, हिरणपुर मंडल अध्यक्ष सुकुमार मंडल, मोनू हांसदा, किरन मंडल, पूर्व जिलाध्यक्ष विवेकानंद तिवारी, सपन दुबे, मोहन सरकार, अनामिका कुमारी, कोटालपोखर मंडल अध्यक्ष बापी निर्मल प्रसाद, शिवरतन सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

### जिले के विभिन्न प्रखंड में आयोजित आयुष जांच शिविर में 81 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया



**रिपोर्ट- अविनाश मंडल**

पाकुड़ःमहेशपुर प्रखंड के महादेव नगर एवं अमड़ापाड़ा प्रखंड के तालझारी एवं हरिजन टोला में आयुष विभाग की ओर से शुक्रवार को आयुष कैंप लगाकर कुल 81 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवा दिया गया। डॉ० राजेश यादव, डॉ मिथलेश सिंह, अमरेश कुमार ने बताया की इस कैंप में आज रक्तचाप, मधुमेह, जॉइंट पेन, गठिया, बच्चों से संबंधित आदि रोगों का जांच निःशुल्क किया गया। साथ ही सभी को मुफ्त दवा भी दी गई। वहीं शिविर में आने वाले मरीजों को शुगर, ब्लड प्रेशर का भी जांच की गई। हेल्थ कैंप के साथ साथ पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत लोगों को पौष्टिक भोजन /संतुलित आहार /व्यायाम/ के बारे में भी बताया गया।

### जनता दरबार पहुंचे लोगों के मामलों पर अपर समाहर्ता ने की सुनवाई



**रिपोर्ट- अविनाश मंडल**

पाकुड़ःपाकुड़ समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को उपायुक्त मनीष कुमार के निर्देश पर अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। अपर समाहर्ता ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में प्रधानमंत्री आवास से संबंधित, जमीन से संबंधित, सड़क निर्माण से संबंधित एवं मईया सम्मान योजना आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे।

# मजदूर दिवस के अवसर पर अक्टू ने निकला जुलुस

**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**

देवघर.आज मजदूर दिवस के अवसर पर अक्टू ( अ कउ उ ळव ) से सम्बद्ध झारखंड राज्य राज विद्यालय रसोईया संघ एवं निर्माण मजदूर संघ के संयुक्त बैनर तले केंद्रीय कमिटी सदस्य सह झारखंड राज्य विद्यालय रसोईया संघ राज्य सचिव कामरेड गीता मंडल एवं निर्माण मजदूर संघ के नेता कामरेड अशोक महतो के नेतृत्व में पुराना सदर अस्पताल से जुलूस निकालकर टाउन थाना गेट से लेकर वापस टावर चौक पर सभा कर सभा कर समापन किया गया इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गीता मंडल ने कार्यक्रम की शुरूआत करने से पहले पहलगाम में आतंकवादियों के हमले में मारे गए शाहिद पर्यटकों एवं वहां के स्थानीय नागरिकों तथा अपने हक और अधिकार के लिए लड़ते हुए शाहिद मजदूर, किसान, रसोईया, के लिए दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि




दी गई साथ ही उन्होंने कहा की आज अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पूरा भारत में मनाया जा रहा है मजदूर अपने अधिकार के लिए कितनों ने शहीदी दी थी तब मजदूरों को अपना अधिकार मिला था 8 घंटे काम 8 घंटे आराम दूसरी तरफ केंद्र की मोदी और अमित शाह द्वारा मजदूरों के लिए 144 कानून को खत्म कर चार लेबर कोड थोपने का काम किया है जो पूंजी पतियों के फेवर में कानून बनाया गया है हम सरकार से मांग करते हैं कि यह कर श्रम कोड निरस्त किया जाए, तथा रसोईया को बकाया मानदेय भुगतान किया जाए। रसोईया को मजदूरसरकारी कर्मचारी घोषित किया। रसोईया को तमाम तरह के सरकारी दर्ज पर सुविधा मुहैया कराया जाए। तथा निर्माण मजदूर नेता कामरेड अशोक महतो ने कहा की मजदूरों को सरकार मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी नहीं दे पा रही है तथा मनरेगा में सही मजदूरी नहीं मिलने से कार्य से वंचित रह जाते हैं और ठेकेदार द्वारा मशीन से कार्य किया जाता है जो सरासर गलत है इसका सुधार किया जाए ।तथा मनरेगा में न्यूनतम 400रुपए बढ़ाया जाए। तथा उन्होंने कहा की 20 मई को देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने लिए बैठक कर योजना बनाकर अभी से तैयारी में ग जाने कि सलाह दी। इस मौके पर भाकपा माले जिला कमिटी सदस्य कामरेड जयदेव सिंह, चिंता देवी, मुन्नीदेवी,,मीनू देवी,अनीता देवी सुनीता किस्कू,लीला देवी,मीरा देवी,नारिया देवी,रेखा देवी,मीना देवी,रेनू देवी, मीणा देवी ,सावित्री देवी,विमला देवी, विलखी देवी,सविता देवी,पिंकी देवी,आदि उपस्थित थे।

### अक्षय तृतीय पर गौशाला में गौ सेवा और वृक्षारोपण

**प्रियंका कुमारी**

बखरी, बेगूसराय। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर बखरी में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मारवाड़ी महिला सम्मेलन की बखरी शाखा ने स्थानीय गौशाला में गौ पूजन कर चारा, गुड़, सब्जी आदि का वितरण किया। तत्पश्चात संस्था द्वारा परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। संस्था की अध्यक्षा अलका अग्रवाल ने कहा कि गौ सेवा



पुण्य कार्य तो है ही, सुख समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त करने का दिव्य मार्ग है। गौशाला के सचिव कैलाश शर्मा ने कहा कि गौ माता की सेवा और दान से मनुष्य के जीवन में सुख, समृद्धि और ईश्वरीय कृपा का संचार होता है। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष मंजू अग्रवाल, सचिव बबीता भरोंदिया, संतोष देवी, ऊषा नेमानी, संध्या अग्रवाल, विद्या अग्रवाल, मंचन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। संस्था के द्वारा गौशाला के कर्मियों को भी उपहार भेंट किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### पंडा धर्म रक्षिणी सभा ने समाज कल्याण के लिए रुद्राभिषेक कार्यक्रम की आयोजित

**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**



देवघर.पंडा धर्म रक्षिणी सभा के द्वारा देवघर समाज के कल्याण के लिए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस रुद्राभिषेक कार्यक्रम को संपन्न करने हेतु यजमान के रूप में सभा के वरीय उपाध्यक्ष चंद्रशेखर खवाड़े उपस्थित रहे। संकल्प, गौरी गणेश पूजन एवं रुद्राभिषेक के बाद उपाध्यक्ष चंद्रशेखर खवाड़े ने कहा कि पंडा धर्म रक्षिणी सभा सभी यजमानों के कल्याण हेतु किए जाने वाला दैनिक महाआरती के आयोजन की शुरूआत अक्षय तृतीया के दिन से ही की गई थी । इसी के उपलक्ष्य मे सभा पंडा बाबाओ के द्वारा दिए गए दान से संचालित होने वाले दैनिक महा आरती में सभी यजमानों के कल्याण की कामना नित्य प्रतिदिन करती रहती है, तथा आज अक्षय तृतीया के विशेष पुण्य तिथि पर सभी यजमानों के कल्याण हेतु तथा देवघर वासियों के कल्याण हेतु यह रुद्राभिषेक का आयोजन सभा प्रत्येक वर्ष करती है ।वरीय उपाध्यक्ष चंद्रशेखर खवाड़े ने रुद्राभिषेक कार्यक्रम में सहयोग करने के लिए सभा के सभी कर्मचारीयो , दैनिक संध्या महा आरती के सभी वैदिकों के संकल्प,गौरी गणेश पूजन, बाबा बैद्यनाथ मनोकामना लिंग पर दुग्ध,गंगाजल इत्यादि से रुद्राभिषेक तथा प्रसाद वितरण में जिस प्रकार से सहयोग किया मैं इसकी प्रशंसा करता हूं।

### शकरपुरा में प्रस्तावित न्यायालय भवन की लिए स्थल का डीजे ने किया निरीक्षण




**प्रियंका कुमारी**

बखरी, बेगूसराय। गुरुवार की देर शाम बेगूसराय जिला सत्र एवं न्यायाधीश ऋषिकांत ने बखरी अनुमंडल में व्यवहार न्यायालय के भवन निर्माण के लिए शकरपुरा में प्रस्तावित भूमि का स्थल निरीक्षण किया। यह प्रस्तावित भूमि वर्षों से लंबित पड़ी न्यायालय स्थापना की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश श्री ऋषिकांत ने स्थल की भौगोलिक स्थिति, उपलब्ध संसाधनों और भूमि की उपयोगिता का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। उन्होंने पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि न्यायिक व्यवस्था को मजबूत बनाने तथा आम जनता को शीघ्र न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भवन निर्माण कार्य में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी। इस अवसर पर एडीएम ब्रज किशोर चौधरी, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी दीपक कुमार, बेगूसराय कोर्ट मैनेजर प्रितोष कुमार, एसीजेएम मनोज कुमार सिंह, फर्स्ट क्लास मजिस्ट्रेट विशाल सिन्हा, सीओ राकेश कुमार चौधरी, अधिवक्ता संघ के महासचिव राजकुमार, मधुसूदन महतो, रामप्रवेश वर्मा, गौरव कुमार, संजीव कुमार सहित कई अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद थे।अधिवक्ताओं ने न्यायालय भवन निर्माण की दिशा में तेजी लाने की मांग की। इस निरीक्षण को लेकर काफी उत्साह देखा गया।

### बेला पैक्स गोदाम में बेमौसम की आंधी-पानी और ओलावृष्टि से काफी क्षति पहुंचा

**पैक्स गोदाम बेला का लगभग 45 लाख रुपए का आर्थिक नुकसान पहुंचा प्रबंधक- अरुण कुमार सिंह**



**रिपोर्ट- प्रमोद कुमार सिंह**

औरंगाबाद :- जिले में गुरुवार की सुबह आई बेमौसम की आंधी-पानी और ओलावृष्टि ने बेला पैक्स के तेतरिया स्थित गोदाम में भारी तबाही मचाई। आंधी में पैक्स गोदाम के छ्त का करकट एक छोटे से हिस्सें को छोड़कर पूरी तरह से उड़ गया। मौके पर पैक्स गोदाम से मिलिंग कराने के मिलर के यहां भेजने के लिए धान की खेप को ट्रक पर लोड करा रहे कई मजदूर बाल-बाल बचे। वही ओलावृष्टि और बारिश से बोरो में भरकर रखे भारी मात्रा में धान बर्बाद हो गया। साथ ही पैक्स गोदाम से सटे पैक्स के अरवा राईस मिल को भी भारी नुकसान पहुंचा है। मिल का भी शेड उड़ गया और मिल में बोरो में रखा अरवा चावल भी बर्बाद हो गया। पैक्स प्रबंधक अरूण कुमार यादव ने बताया कि आंधी-पानी और ओलावृष्टि से बेला पैक्स को भारी नुकसान पहुंचा है। धान बर्बाद हुआ है। गोदाम का करकट लगभग पूरी तरह बरबाद हो गया है। अरवा चावल बर्बाद हुआ है। अरवा राइस मिल को भी नुकसान पहुंचा है। पैक्स को करीब 40-45 लाख की क्षति हुई है। उनकी मांग है कि बुरे समय में सहकारिता विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग पैक्स को हुई भारी क्षति की क्षतिपूर्ति करे ताकि आने वाले खरीफ मौसम में पैक्स किसानों से धान अधिप्राप्ति में फिर से सक्षम हो सके।

### तेज रफ्तार अज्ञात बाइक की टक्कर से छात्रा की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**रिपोर्ट - अमरेन्द्र कुमार सिंह**

गोह (औरंगाबाद) बंदेया थाना क्षेत्र अंतर्गत जैतिया गांव के पास शुक्रवार की सुबह एक दर्दनाक हादसे में एक स्कूली छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान दरार गांव निवासी संजय कुमार की 16 वर्षीय पुत्री संध्या कुमारी के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार संध्या रोजाना की तरह शुक्रवार की सुबह भी अपने घर से साइकिल पर सवार होकर डिहुरी स्थित अपने स्कूल जा रही थी। जैसे ही वह जैतिया गांव के समीप पहुंची, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि छात्रा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बाइक चालक फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद बंदेया थाना की टीम मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस अज्ञात बाइक चालक की तलाश में जुट गई है। इधर हादसे की खबर जब गांव पहुंची तो मृतका के घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मां-बाप बेसुध हैं और गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषी चालक की जल्द गिरफ्तारी हो और मृतक छात्रा के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है, ताकि फरार बाइक चालक की पहचान की जा सके।

## सेवानिवृत्ति पर शिक्षिका को दी गई विदाई, हुई भावुक



**नन्दकिशोर दास**

बेगूसराय ब्यूरो। बछवाड़ा प्रखंड का राजकीयकृत गुरसहाय मध्य विद्यालय रसीदपुर में शारीरिक शिक्षिका क्रांति देवी की सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी निर्मला कुमारी थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक धवल किशोर ने किया। जबकि मंच संचालन शिक्षक जितेन्द्र यादव ने किया। समारोह की शुरूआत विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत से हुई। इसके बाद दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर सभी अतिथियों का माल्यार्पण, अंगवस्त्र और बुके देकर स्वागत किया गया। मौके पर गिरीश कुमारी, ममता कुमारी, पूनम कुमारी, इशरत प्रवीण, नीलमणि कुमारी, राजेश सिंह यादव, जितेन्द्र कुमार यादव, भूपेंद्र कुमार यादव, विपिन कुमार, विवेक कुमार दुबे, सचिन कुमार कसौधन, दिवाकर मणि सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

# शिक्षाविदों को किया गया सम्मानित, वर्ल्ड एजुकेशन समिट में एआई पर हुई चर्चा

**दिल्ली:** दिल्ली के पार्क होटल में हुए वर्ल्ड एजुकेशन समिट 2025 में देश-विदेश से आए शिक्षाविदों ने शिक्षा के बदलते तरीकों, तकनीक के इस्तेमाल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया। सम्मानित होने वालों में एसआरएम यूनिवर्सिटी झ एपी, जॉनसन ग्रामर स्कूल आईसीएसई और आईएससी , मल्लापुर, एडमिशनज्ञान एजुकेशन कंसल्टेंसी, इंटरनेशनल स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज फॉर विमेन, श्री सिद्धार्थ इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, राठौड्स आईएएस एकेडमी और श्री पी. वेंकटा रमेश सहित कई प्रतिष्ठित संस्थान और शिक्षा विशेषज्ञ शामिल रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथियों के रूप में राज भूषण चौधरी (माननीय राज्य मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार),



निलेश रोनिल कुमार (काउंसलर, फिजी हाई कमीशन) और मोहन सिंह बिष्ट (विधायक, दिल्ली विधानसभा) उपस्थित रहे। इस दौरान, राज भूषण चौधरी, माननीय राज्य मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार ने कहा: ह्वविकसित भारत को दुनिया की सच्चाई बनाने के लिए मोदी सरकार ने दूरदर्शिता के साथ अनेक ठोस कदम उठाए हैं। नई शिक्षा नीति और डिजिटल इंडिया जैसे अभियानों पर विशेष जोर दिया गया है, जिससे युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया जा रहा है। इसके साथ ही छोटे और मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छ भारत अभियान, जल जीवन मिशन और हर घर नल जैसी योजनाओं से देश के हर कोने में विकास की रोशनी पहुंच रही है। मोदी सरकार की सोच समावेशी है झ ह्वसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासह्न। यही नीति भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ा रही है। सम्मेलन में शिक्षकों, प्राचार्यों और शिक्षा संस्थानों के प्रतिनिधियों ने मिलकर इस बात पर चर्चा की कि कैसे तकनीक और खासकर आर्टफिशियल इंटेलिजेंस आने वाले समय में पढ़ाई-लिखाई के तरीकों को बदल सकता है। शिक्षाविदों ने बताया कि छात्रों को आज के समय के हिसाब से तैयार करना जरूरी है और इसके लिए शिक्षकों को भी नई तकनीकों की जानकारी होनी चाहिए। कार्यक्रम में यह भी चर्चा हुई कि किस तरह से स्कूलों और कॉलेजों में बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए नए तरीके अपनाए जा सकते हैं। साथ ही, शिक्षा में हो रहे बदलावों और नई शिक्षा नीति 2020 के असर पर भी विचार किया गया।

# लू एवं गर्म हवाओं से बचाव के लिए जागरूकता अभियान के तहत सदर अस्पताल के सभागार में एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित

**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**



देवघर.लू एवं गर्म हवाओं से बचाव के लिए जागरूकता अभियान के तहत कार्यशाला सदर अस्पताल देवघर के सभागार में उद्घघाटन सिविल सर्जन डॉ जुगल किशोर चौधरी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया ।इस अवसर पर उनके द्वारा कहा गया कि दिन में 12:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक बाहर जाने से बचे, धूप में बच्चों और पालतू जानवरों की गाड़ी में अकेला नहीं छोड़े, धूप में नंगे पांव न चले ,दिन में 2:00 बजे से लेकर 4:00 के बीच खाना बनाने से बचे, शराब चाय कॉफी अत्यधिक मीठे पेय पदार्थ और गैस वाले पर पदार्थ का सेवन न करें, लू लगे हुए व्यक्ति को तुरंत अंदर या छांव में लाएं, कपड़ों को जहां तक हो सके ढीला कर दें पैरों को थोड़ा सा ऊंचा करके लिटाए, पंखे के इस्तेमाल से हवा का प्रवाह को तेज करें, ठंडे पानी से पोछे या छिड़काव करें ।यदि व्यक्ति थोड़ा होश में आए तो उसे तुरंत शीतल पेय जल पिलाये। गर्मी में लू से बचने के लिए ज्यादा पानी पिए आम का शरबत लस्सी ककड़ी खीरा तरबूज नींबू पानी का प्रयोग करें, तेज धूप सेऔर शरीर पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ता है इसलिए धूप में निकलते समय हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहने धूप का चश्मा का इस्तेमाल करें मुंह और शरीर को ढक के रखे। भारत मौसम विज्ञान द्वारा निर्धारित लू के सांकेतिक रंग ऑरेंज अलर्ट अर्थात लू की चेतावनी सामान्य अधिकतम तापमान 5 डिग्री से 5 डिग्रीअधिक तक बढ़ जाता है। पीला अलर्ट गर्म दिन निकटतम सामान्य अधिकतम तापमान, सफेद अलर्ट सामान्य तापमान से नीचे ।इस कार्यशाला में जिला वी वी डी पदाधिकारी डॉ अभय यादव , उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉप्रभात रंजन, डी आर सी एच ओ डॉ आलोक कुमार, जिला महामारी विशेषज्ञ डॉक्टर मनीष शेखर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक समरेश सिंह जिला कार्यक्रम समन्वयक प्रवीण सिंह ,वी बी डी सलाहकार गणेश यादव, जिला आशा फैसिलेटर, शहरी आशा फैसिलेटर,शहरी सहिया आदि उपस्थित थे।

## परशुराम महोत्सव में नीतू नवगीत की शानदार प्रस्तुति

**भक्ति गीतों पर झूमे श्रोता भगवान परशुराम की महिमा अपार**



**मोकामा** , । मोकामा में आयोजित राजकीय भगवान परशुराम महोत्सव में बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने अपने भजनों और लोकगीतों की शानदार प्रस्तुति दी। जिससे भक्ति की ऐसी धारा बही कि भक्तगण घंटों गोते लगाते रहे। नीतू कुमारी नवगीत ने अपने कार्यक्रम के दौरान भगवान गणेश की आराधना करते हुए मंगल के दाता भगवन बिगड़ी बनाई जी गीत की शानदार प्रस्तुति दी। उन्होंने भोले शंकर का अलख जगाते हुए बिहार के अनेक पारंपरिक भक्ति गीतों को सुमधुर आवाज में गाया और सभी उपस्थित भकत गणों से भगवान परशुराम और भोलेनाथ का जयकारा लगवाया। नीतू नवगीत ने राम सीता विवाह प्रसंग पर कई सुमधुर गीत प्रस्तुत किये, जिनमें राम जी से पूछे जनकपुर की नारी, राम जी पहुना हमार हो, राम देखे सिया को सिया राम को.. जैसे गीत शामिल रहे। नीतू नवगीत के भजनों और भक्ति गीतों के कार्यक्रम में संजय मिश्रा ने कैसियो पर, धनंजय कुमार ने ढोलक पर, प्रिंस कुमार ने पैड पर और राजेश केसरी ने हारमोनियम पर संगत किया। कार्यक्रम में नीतू नवगीत के अलावा राजेश केसरी, दिव्याश्री और चंदन उगना ने भी अनेक सुंदर-सुंदर भक्ति गीतों को गाकर उपस्थित श्रोता समूह को झुमाया। नीतू नवगीत ने माता शबरी द्वारा प्रभु श्री राम को जूठे बेर देने पर आधारित लोकगीत भी गाया। उन्होंने राजा जनक जी के बाग में अलबेला रघुवर आयो जी गीत गाया, जिसे उपस्थित श्रोता समूह ने खूब पसंद किया। घर में पधारो गजानंद जी मेरे घर में पधारो, अई गिरी नंदिनी जगदंबा घर में दियरा बार अईनी हे, चित्रकूट के घाट घाट पर तुलसी देखे वाट, राम मेरे आएंगे जैसे गीतों पर भी नीतू नवगीत को दर्शक दीर्घा से काफी प्रशंसा मिली। कार्यक्रम में बाबा परशुराम की महिमा का बखान करते हुए नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि भगवान परशुराम प्रभु विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं। वह ऋषि जमदग्नि और माता रेणुका के पुत्र थे और उनको चिरंजीवी माना जाता है। आज भी भगवान परशुराम पृथ्वी पर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि भगवान शिव के परम भक्त भगवान परशुराम को परशु नमक दिव्य अस्त्र भी भगवान भोलेनाथ से ही प्राप्त हुआ था। इसी अस्त्र की मदद से उन्होंने दुष्ट राक्षसों का कई बार संहार किया और पृथ्वी को राक्षसों के अत्याचार से मुक्त कराया।

# 12वीं आई सी.एस.ई. स्टेट टॉपर श्रेया केशरी को वेक्सो इंडिया ने किया सम्मानित

**घंटों पढ़ने के बजाय, प्रभावी और केंद्रित तरीके से पढ़ें : श्रेया**

**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**




देवघर। स्थानीय विवेकानंद शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा संस्थान के सौजन्य से 12वीं आई सी.एस.ई. स्टेट टॉपर श्रेया केशरी को, वेक्सो इंडिया के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार सिंह देव एवं दीनबंधु उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक काजल कांति सिकदार के करकमलों से मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो देवघर चैम्बर कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष रवि कुमार केशरी एवं समाजसेवी नीतू केशरी की एकमात्र तनया श्रेया केशरी वर्ग नर्सरी से ही देवघर संत फ्रांसिस स्कूल की छात्रा रही है। वर्ग दशम में उसने 97% अंक एवं इस बार वर्ग द्वादश में कला संकाय में 98.5% प्राप्त करके पूरे राज्य में टॉपर रही है। स्व. राजू प्रसाद केशरी एवं स्व वीणा देवी की पोती श्रेया खुद को सुप्रीम कोर्ट में पदस्थापित करने की तमन्ना रखती है। उसने अपनी सफलता का सारा श्रेय अपने पापा, मम्मी और विद्यालय के प्राचार्य फादर अब्राहम को समर्पित करती है। उसने क्लैट की परीक्षा में 15 वां रैंक लाकर अपनी योग्यता से परिवार का नाम पूर्व में ही रौशन कर चुकी है। उसकी सफलता से पूरे देवघर के साथ साथ उसका भाई शुभ केशरी भी काफी खुश नजर आ रहे हैं। उसने अपने जूनियर को कहा- टॉपर बनने के लिए, प्रभावी अध्ययन योजना बनाना, समय का सही उपयोग करना, और स्वस्थ जीवनशैली अपनाना महत्वपूर्ण है। साथ ही, नियमित अभ्यास, आत्मविश्वास, और सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखना चाहिए। एक अच्छी अध्ययन योजना बनाने की आवश्यकता है जिसमे अपने लक्ष्यों, संसाधनों, और समय का आवंटन शामिल हो। समय का सही उपयोग करें, अवधि में फिट रहें, और नियमित रूप से पढ़ाई करें। स्वस्थ आहार लें, पर्याप्त नींद लें, और शारीरिक रूप से सक्रिय रहें। लगातार अभ्यास करें और मॉक टेस्ट हल करें ताकि आप अपनी तैयारी का मूल्यांकन कर सकें। आत्मविश्वास बनाए रखें, खुद को प्रोत्साहित करें, और नकारात्मक विचारों से बचें। अपनी पढ़ाई की सामग्री, नोट्स, और परीक्षा की तारीखों को व्यवस्थित रखें और नियमित रूप से रिवीजन करें। ध्यान और मेडिटेशन की तकनीकों का उपयोग करके आप अपने दिमाग को शांत और स्वस्थ रख सकते हैं।अपनी प्रगति पर नजर रखें और खुद को प्रोत्साहित करें। सफलता की ओर बढ़ते समय, खुद को छोटे-छोटे उपहार देकर प्रेरित करने की कोशिश करें। घंटों पढ़ने के बजाय, प्रभावी और केंद्रित तरीके से पढ़ें। अपने सिलेबस को अच्छी तरह से समझें और महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान दें। घंटों किताब खोले रहने से बेहतर है कि थोड़ी देर ही पढ़ें लेकिन सही तरीके से पढ़ें। नोट्स बनाएं और उन नोट्स के आधार पर सामग्री को फिर से लिखें। परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता से बचें, और आत्मविश्वास बनाए रखें।

## बीटीएमयू के कार्यकारी अध्यक्ष रजनीश रंजन बने संयोजक

**बीटीएमयू के संयोजन में बरौनी रिफाइनरी असंगठित मजदूर की संयोजन समिति गठित**



**नन्दकिशोर दास**

बेगूसराय ब्यूरो। कल्याण केंद्र के सभागार में बरौनी तेलशोधक मजदूर यूनियन के संयोजन में आयोजित बरौनी रिफाइनरी के असंगठित मजदूर के सर्वांगीण विकास पर परिचर्चा आयोजित की गयी। परिचर्चा में वक्ताओं ने श्रमिकों की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त की तथा उनके साथ संघर्ष में हर वक्त साथ रहने का भरोसा दिया। बरौनी तेलशोधक मजदूर यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष रजनीश रंजन ने कहा कि असंगठित मजदूरों के परिवारों को भी उत्तम स्वास्थ्य की सुविधा मिलनी चाहिए। उन्होंने श्रमिकों के वर्तमान समस्याओं की ओर भी चर्चा की। बीटीएमयू के अतिरिक्त महासचिव संजीव कुमार ने असंगठित मजदूर को रिफाइनरी की आधारस्तम्भ बताते हुए कहा कि उन्हें न्यूनतम वेतन के बदले सम्मानजनक वेतन मिलना चाहिए। जिससे उनका परिवार भी खुशहाल जिदगी जी सके। परिचर्चा में श्रमिकों ने अपनी-अपनी समस्याओं से भी अवगत कराया। श्रमिकों ने असंगठित मजदूर का लिए समन्वय समिति बनाने का सुझाव दिया। बरौनी तेलशोधक मजदूर यूनियन के वरीय नेताओं ने उनकी मांगों पर बरौनी रिफाइनरी असंगठित मजदूर का लिए समन्वय समिति का गठन किया। बरौनी तेलशोधक मजदूर यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष रजनीश रंजन संयोजक बनाए गये। जबकि बीटीएमयू की ओर से संजीव कुमार, ललन कुमार, एसपी सिंह, मो अयूब, भोगेंद्र कुमार कमल, विभाकर कुमार, अमित कुमार, पुरूषोत्तम कुमार, सहदेव साह, बालमुकुन्द कुमार व प्रभात कुमार सदस्य बनाए गये। असंगठित मजदूरों की तरफ से सूरज कुमार, अमित कुमार, ध्रुव यादव, चंदन कुमार, अरविन्द, श्याम कुमार, रमण कुमार, रणधीर कुमार, नीतीश कुमार, अजय सिंह, राजेश तांती, अर्जुन कुमार व अरविन्द कुमार रजक सदस्य बनाए गये हैं। यह समिति बरौनी रिफाइनरी प्रबंधन से मिलकर असंगठित मजदूरों के समस्याओं का त्वरित समाधान करेगा। उपरोक्त जानकारी बीटीएमयू के मीडिया प्रभारी वागीश आनंद ने दी है। इस अवसर पर बीटीएमयू के उपमहासचिव साइमन मुर्मू, सचिव संजीत कुमार, संतोष कुमार, धर्मेन्द्र कनौजिया, उपाध्यक्ष विनोद चौधरी, हरवेन्द्र कुमार, सुनील पासवान, चन्द्रभानु, असंगठित मजदूर की तरफ से राजेश कुमार, वीरेन्द्र कुमार, आकाश कुमार, प्रशान्त रजक, ध्रुव कुमार, अवनीश, विवेक, ध्रुव, आदित्य कुमार, सोनी कुमारी, प्रीति कुमारी, निशा कुमारी, चन्दा कुमारी, संजीत कुमार, अनूप कुमार, प्रवीण कुमार, सिन्टू कुमारी, खुशबू कुमारी, प्रतिमा कुमारी, अंकिता कुमारी, रेखा कुमारी, लीला कुमारी, रणजीत मल्लिक, रंजीत कुमार, आजाद राउत, अमर कुमार, सुधीर मेहतर, विनोद राम, जयजयराम रजक, बबली देवी, भारती मल्लिक, चंदा देवी, किरण कुमारी, अनिता देवी, गीता देवी समेत काफी संख्याओं में असंगठित मजदूर उपस्थित थे।

# डीएम ने किया ईवीएम वेयर हाउस और एफएलसी कार्य का निरीक्षण

**बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी पर राजनीतिक दलों की हुई बैठक**

**नन्दकिशोर दास**




बेगूसराय ब्यूरो। आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन की तैयारी कर लेकर जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक एवं राज्य स्तरीय दलों के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। डीएम ने प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) में किए जाने वाले सभी कार्यों का विस्तृत जानकारी बैठक में जनप्रतिनिधियों को दी। उन्होंने बताया कि बिहार विधानसभा आम निर्वाचन की तैयारी के क्रम में ईवीएम/वीवीपैट मशीनों का 02 से 21 मई तक प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) किया जाएगा। एफएलसी कार्य कृषि बाजार उत्पादन समिति, बेगूसराय स्थित ईवीएम वेयर हाउस के एफएलसी हॉल में किया जायेगा। एफएलसी कार्य के लिए ईवीएम/वीवीपैट के विनिमार्ता कम्पनी ईसीआईएल हैदराबाद द्वारा 13 अभियन्ताओं की प्रतिनियुक्ति की गई हैं। एफएलसी कार्य की समीक्षा के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त 02 पदाधिकारी बेगूसराय जिले के होंगे। उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि एफएलसी कार्य के लिए बैरकेटिंग/मेडिकल टीम/नियत्रंणकक्ष/अग्निशमन यंत्र/सीसीटीवी/शौचालय/पीने का पानी जनप्रतिनिधियों के लिए बैठने की व्यवस्था की गई है।एफएलसी कार्य के सुरक्षा कार्य के लिए आवश्यक संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी जनप्रतिनिधियों, एफएलसी कार्य में प्रतिनियुक्ति पदाधिकारियों एवं कर्मियों के लिए पास निर्गत किया गया है। एफएलसी हॉल में प्रवेश करने के पूर्व सभी जनप्रतिनिधियों/पदाधिकारियों/कर्मियों का फ्रिसकिंग किया जायेगा। फ्रिसकिंग कार्य होने के पश्चात ही एफएलसी हॉल में प्रवेश करने की अनुमति दी जायेगी तथा संपूर्ण प्रक्रिया का लाईव वेबकास्टिंग किया जायेगा। इसके साथ ही जिला पदाधिकारी ने ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया एवं प्रारंभ हुए एफएलसी कार्य का भी निरीक्षण किया। डीएम ने एफएलसी कार्य में लगे सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया। तथा तय समय सीमा के अंदर एफएलसी कार्य पूर्ण करने का भी निर्देश दिया।

# अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती रुपए की ताकत एवं भारत में बढ़ता विदेशी मुद्रा भंडार



प्रहलाद सबनानी

**अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष रूप से आर्थिक क्षेत्र में भले स्थितियां ठीक नहीं दिखाई दे रहीं है, परंतु भारत में आंतरिक मजबूती के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था अभी भी विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेज गति से आगे बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बनी हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, एशियाई विकास बैंक, स्टैंडर्ड एवं पूअर आदि अंतरराष्ट्रीय रेटिंग संस्थानों ने भी वित्तीय वर्ष 2025-26 में, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक क्षेत्र में विकसित हो रही विपरीत परिस्थितियों के बीच भी, भारतीय अर्थव्यवस्था के 6 प्रतिशत से अधिक की दर से आगे बढ़ने की सम्भावना व्यक्त की है।**

दिनांक 7 फरवरी 2025 को अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर की तुलना में भारतीय रुपए की कीमत सबसे निचले स्तर अर्थात 87.44 रुपए प्रति अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गई थी। इसके बाद धीरे धीरे इसमें सुधार होता हुआ दिखाई दिया है एवं अब दिनांक 30 अप्रेल 2025 को यह 84.50 रुपए प्रति डॉलर के स्तर पर पहुंच गई है। वहीं दिनांक 18 अप्रेल 2025 को भारत का विदेशी मुद्रा भंडार भी तेज गति से आगे बढ़ता हुआ 68,610 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है और यह दिनांक 27 सितम्बर 2024 के उच्चतम स्तर 70,489 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर के बहुत करीब है। भारतीय रुपए की मजबूती एवं विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि ऐसे समय में हो रही है जब विश्व के समस्त देश अमेरिकी प्रशासन के टैरिफ युद्ध का सामना करते हुए संकट में दिखाई दे रहे हैं। परंतु, भारत पर टैरिफ युद्ध का असर लगभग नहीं के बराबर दिखाई दे रहा है। यह भी सही है कि हाल ही के समय में अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर पर दबाव बढ़ा है और अमेरिकी डॉलर इंडेक्स लगभग 109 के स्तर से नीचे गिरकर दिनांक 30 अप्रेल 2025 को 99.43 के स्तर पर आ गया है। शायद अमेरिका भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर की मजबूती को कम करना चाहता है ताकि अमेरिका में आयात महंगे हों एवं अमेरकी निर्यातकों को अधिक लाभ पहुंचे। परंतु, अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर पर दबाव के बढ़ने से सोने की कीमतों में अतुलनीय वृद्धि दर्ज हुई है और यह दिनांक 22 अप्रेल 2025 को अपने उच्चतम स्तर 3500 अमेरिकी डॉलर प्रति आउन्स पर पहुंच गई थी। साथ ही, अमेरिकी शेयर बाजार भी धराशायी हुआ है और डाउ जोंस एवं अन्य इंडेक्स में भारी गिरावट दर्ज हुई है। अब ऐसा आभास हो रहा है कि ट्रम्प प्रशासन द्वारा विभिन्न देशों के विरुद्ध छेड़े गए टैरिफ युद्ध का विपरीत असर अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर होता हुआ दिखाई दे रहा है।



भारतीय रुपए के मजबूत होने के चलते भारतीय शेयर (पूंजी) बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशक एक बार पुनः अपना निवेश बढ़ाने लगे हैं एवं पिछले लगातार 8 दिनों से इन विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में शेयरों की भारी मात्रा में खरीद की है। जबकि, सितम्बर 2024 के बाद से विदेशी संस्थागत निवेशक भारतीय शेयर बाजार से लगातार अपना निवेश निकाल रहे थे और इस बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों ने लगभग 3 लाख करोड़ रुपए के शेयरों की बिक्री भारतीय शेयर बाजार में की है। जिसके चलते भारतीय शेयर बाजार के निफ्टी इंडेक्स में लगभग 3500 अंकों की भारी गिरावट दर्ज हुई थी। परंतु, भारतीय संस्थागत निवेशकों, भारतीय म्यूचअल फण्ड एवं खुदरा निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में अपना निवेश बढ़ाकर भारतीय पूंजी बाजार को सम्हालने में मदद की है अन्यथा भारतीय शेयर बाजार क्रेश हो गया होता। परंतु, अब भारतीय शेयर बाजार में सुधार होता हुआ दिखाई दे रहा है एवं अब एक बार पुनः यह आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। हाल ही के समय में निफ्टी इंडेक्स में लगभग 1500 अंकों की वृद्धि दर्ज हुई है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत के विदेशी व्यापार में लगभग 6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। विभिन्न देशों को भारत से निर्यात 5.50 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 82,093 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गए हैं वहीं अन्य देशों से भारत में होने वाले आयात 6.85 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 91,519 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गए हैं। निर्यात की तुलना में आयात में वृद्धि दर अधिक रही है जिसके चलते भारत का व्यापार घाटा बढ़कर 9,426 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। व्यापार घाटे के बढ़ने के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए पर दबाव बढ़ा और रुपया कमजोर हुआ। भारत में कच्चे तेल एवं स्वर्ण का आयात भारी मात्रा में होता है। मुख्य रूप से इन्हीं दो मदों की कीमतें भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ीं थी, जिसका प्रभाव भारत में अधिक आयात के रूप में दिखाई दिया है। परंतु, अब हर्ष की बात है कि कच्चे तेल की कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार में 75 अमेरिकी डॉलर प्रति बेरल से घटकर लगभग 65 अमेरिकी डॉलर प्रति बेरल पर नीचे आ गई है और स्वर्ण के महंगे होने के चलते स्वर्ण का आयात भी कुछ कम हुआ है। उक्त दोनों घटनाओं के परिणाम स्वरूप अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए पर दबाव कुछ कम होता हुआ दिखाई दे रहा है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष रूप से आर्थिक क्षेत्र में भले स्थितियां ठीक नहीं दिखाई दे रहीं है, परंतु भारत में आंतरिक मजबूती के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था अभी भी विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेज गति से आगे बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बनी हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, एशियाई विकास बैंक, स्टैंडर्ड एवं पूअर आदि अंतरराष्ट्रीय रेटिंग संस्थानों ने भी वित्तीय वर्ष 2025-26 में, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक क्षेत्र में विकसित हो रही विपरीत परिस्थितियों के बीच भी, भारतीय अर्थव्यवस्था के 6 प्रतिशत से अधिक की दर से आगे बढ़ने की सम्भावना व्यक्त की है। जबकि यूरोप के कुछ देशों यथा जर्मनी, कनाडा आदि एवं ब्रिटेन तथा अमेरिका में मंदी की सम्भावनाएं स्पष्ट तौर पर दिखाई दे रही हैं। अमेरिका में तो वर्ष 2025 की प्रथम तिमाही (जनवरी-मार्च 2025) में आर्थिक विकास दर में 0.3 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई है। लगभग यही हाल यूरोप के कई देशों तथा जापान आदि का है। चीन की आर्थिक विकास दर में भी गिरावट आती हुई दिखाई दे रही है। यदि जापान एवं जर्मनी की अर्थव्यवस्थाओं में वर्ष 2025 एवं 2026 में गिरावट दर्ज होती है और भारतीय अर्थव्यवस्था 6 प्रतिशत की विकास दर हासिल कर लेती है तो बहुत सम्भव है कि वर्ष 2025 में जापान एवं वर्ष 2026 में जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए भारत विश्व में अमेरिका एवं चीन के बाद तीसरे नम्बर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विपरीत परिस्थितियों के बीच भी भारतीय अर्थव्यवस्था के तेजी से आगे बढ़ने के पीछे भारत की आंतरिक मजबूती मुख्य भूमिका निभाती हुई दिखाई दे रही है। भारत में अभी हाल ही में महाकुम्भ मेला सम्पन्न हुआ है, इस महाकुम्भ में लगभग 66 करोड़ भारतीय मूल के नागरिकों ने पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई। इतनी भारी मात्रा में नागरिकों के यहां पहुंचने से भारतीय अर्थव्यवस्था को बल ही मिला है। महाकुम्भ में भाग ले रहे प्रत्येक नागरिक ने औसत रूप से यदि 2000 रुपए भी प्रतिदिन खर्च किए हों और प्रत्येक नागरिक ने औसतन कुल तीन दिवस भी महाकुम्भ में बिताएं हों तो भारतीय अर्थव्यवस्था को 396,000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त लाभ पहुंचा है। रोजगार के लाखों अवसर निर्मित हुए हैं, यह अलग लाभ रहा है। आधारभूत सुविधाओं को विकसित किया गया जिसका लाभ आने वाले कई वर्षों तक देश को मिलता रहेगा। देश में धार्मिक पर्यटन भी भारी मात्रा में बढ़ा है जिसका प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था पर बहुत अच्छे रूप में दिखाई दे रहा है। धार्मिक पर्यटन एवं महाकुम्भ के चलते ही अब यह आंकलन हो रहा है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की चतुर्थ तिमाही (जनवरी-मार्च 2025) में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हो सकती है।

## संपादकीय

### सार्थक रूप देना होगा

आखिरकार केंद्र सरकार ने बुधवार को देश में जातीय जनगणना कराने का चिर-प्रतीक्षित निर्णय ले लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में राजनीतिक मामलों की कैबिनेट की बैठक में जातीय गणना को हरी झंड़ी दी गई। यानी अगले वर्ष संभावित जनगणना के साथ ही जातीय जनगणना भी होगी। देश में आजादी के बाद पहली बार जातिवार गणना की जाएगी। पहलगाम कांड़ के बाद अचानक से लिये गए फैसले से हालांकि सियासी दलों से लेकर आमजन भी चौंक गए। क्योंकि अभी किसी को भी यह भान नहीं था कि सरकार इस तरह का कोई बड़ा फैसला लेगी। इससे पहले कई बार जाति सर्वेक्षण हुए हैं, लेकिन पूरी गणना नहीं की गई। स्वाभाविक तौर पर सरकार के इस कदम से सियासत में उबाल आ गया है। एक तरफ जहां विपक्ष इसे अपनी जीत बता रहा है वहीं सत्ताधारी भाजपा इतिहास का हवाला देकर कह रही है कि कांग्रेस ने हमेशा से जातिवार गणना का विरोध किया। बहरहाल, जाति भारतीय समाज की सचाई है। इसे न तो उपेक्षित रखा जा सकता है और न इसके खिलाफ जाया जा सकता है। जाति के आधार पर ही विकास के पैमाने तय होते हैं। जाति के आंकड़े.नियम बनाने और उन पर अमल करने के साथ ही देश के संसाधनों का समान वितरण सुनिश्चित करने के लिए बेहद जरूरी होते हैं। इससे इस बात की सटीक जानकारी हासिल होती है कि कौन सी जातियां तमाम नीतियों, सुविधाओं और आरक्षण के बावजूद किस हालत में है और उनमें इतने वर्षों के दरमियान किस तरह का बदलाव आया है। अलबत्ता, इस काम में पांच साल का विलंब हो चुका है। यहां तक कि गृह मंत्रालय ने अभी भी यह नहीं बताया है कि वृहद गणना किस तारीख से कराई जाएगी। अच्छा होता सरकार इस बारे में भी कैबिनेट की पहली बैठक में ही स्थिति साफ करती। जहां तक राजनीति की बात है, विपक्ष खासकर कांग्रेस इस मसले पर लगातार आक्रामक रुख अख्तियार किए हुए थी। वहीं राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव भी इसे अपनी जीत बता रहे हैं। चूंकि बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव होना है, लाजिमी है इसका श्रेय लेने की होड़.मचेगी, मगर सभी-आम जन और सियासी दलों-को इस तथ्य पर ज्यादा गंभीर और संवेदनशील होना होगा कि इस फैसले को राजनीतिक जंजाल में न फंसाकर इसे सार्थक रूप देने की पहल करें।



## चिंतन-मनन

### राजा की उदारता

राजा भोज के नगर में एक विद्वान ब्राह्मण रहते थे। एक दिन गरीबी से परेशान होकर उन्होंने राजभवन में चोरी करने का निश्चय किया। रात में वे वहां पहुंचे। सभी लोग सो रहे थे। सिपाहियों की नजरों से बचते हुए वह राजा के कक्ष तक पहुंच गए। स्वर्ण, रत्न, बहुमूल्य पात्र इधर-उधर पड़े थे। किंतु वे जो भी वस्तु उठाने का विचार करते, उनका शास्त्र ज्ञान उन्हें रोक देता। ब्राह्मण ने जैसे ही स्वर्ण राशि उठाने का विचार किया, मन में स्थित शास्त्र ने कहा- स्वर्ण चोर नर्पगामी होता है। जो भी वे लेना चाहते, उसी की चोरी को पाप बताने वाले वाक्य उनकी स्मृति में जाग उठते। रात बीत गई पर वे चोरी नहीं कर पाए। सुबह पकड़े जाने के भय से ब्राह्मण राजा के पलंग के नीचे छिप गए। महाराज के जागने पर रानियां व दासियां उनके अभिवादन हेतु प्रस्तुत हुई। राजा भोज के मुंह से किसी श्लोक की तीन पंक्तियां निकली। फिर अचानक वे रुक गए। शायद चौथी पंक्ति उन्हें याद नहीं आ रही थी। विद्वान ब्राह्मण से रहा नहीं गया। चौथी पंक्ति उन्होंने पूर्ण की।

महाराज चौंके और ब्राह्मण को बाहर निकलने को कहा। जब ब्राह्मण से भोज ने चोरी न करने का कारण पूछा तो वे बोले- राजन्, मेरा शाछ्रा ज्ञान मुझे रोकता रहा। उसी ने मेरी धर्म रक्षा की। राजा बोले- सत्य है कि ज्ञान उचित-अनुचित का बोध कराता है, जिसका धर्म संकट के क्षणों में उपयोग कर उचित राह पाई जा सकती है। राजा ने ब्राह्मण को प्रचुर धन देकर सदा के लिए उनकी निर्धनता दूर की दी।

# जाति जनगणना विभाजन का नहीं, विकास का आधार बने



ललित गर्ग



पहलगाम की क्रूर एवं बर्बर आतंकी घटना के बाद मोदी सरकार लगातार पाकिस्तान को करारा जबाव देने की तैयारी के अति जटिल एवं संवेदनशील दौर में एकाएक जातिगत जनगणना कराने का निर्णय लेकर न विपक्षी दलों को बल्कि समूचे देश को चौकाया एवं चमत्कृत किया है। सरकार का यह निर्णय जितना बड़ा है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी। मोदी सरकार का जातिगत जनगणना के लिए तैयार होना सुखद और स्वागतयोग्य है। पिछले कुछ समय से जातिगत जनगणना की मांग बहुत जोर-शोर से हो रही थी। कुछ राज्यों में तो भाजपा भी ऐसी जनगणना के पक्ष में दिखी थी, पर केंद्र सरकार का रुख इस पर बहुत साफ नहीं हो रहा था। अब अचानक ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में राजनीतिक मामलों की उच्चस्तरीय कैबिनेट समिति की बैठक में यह फैसला ले लिया गया। बाद में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को बताया कि आगामी जनगणना में जातिगत गणना भी शामिल रहेगी। यह कदम जहां देश के राजनीतिक और सामाजिक समीकरणों को बदलेगा, वही सामाजिक असमानताओं को दूर करने और वंचित समुदायों के उत्थान के लिए लक्षित नीतियों को लागू करने में मील का पत्थर साबित होगा।

जातिगत जनगणना 1931 यानी अखंड भारत में अंग्रेजी सत्ता ने कराई थी। भारत में जनगणना की शुरूआत अंग्रेजी हुकूमत के दौर में, सन 1872 में हुई थी और 1931 तक हुई हर जनगणना में जाति से जुड़ी जानकारी को भी दर्ज किया गया। आजादी के बाद सन् 1951 में जब पहली बार जनगणना कराई गई, तो तय हुआ कि अब जाति से जुड़े आंकड़े नहीं जुटाए जाएंगे। स्वतंत्र भारत में हुई जनगणनाओं में केवल अनुसूचित जाति और जनजाति से जुड़े डेटा को ही पब्लिश किया गया। 2011 में मनमोहन सरकार ने जातिवार जनगणना कराई अवश्य, लेकिन उसमें इतनी जटिलताएं एवं विसंगतियां मिलीं कि उसके आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए गए। इसके बाद कुछ राज्यों ने जातियों की गिनती करने के लिए सर्वे कराए, क्योंकि जनगणना कराने का अधिकार केवल केंद्र को ही है। हालांकि भाजपा ने बिहार में जाति आधारित सर्वे का समर्थन किया, लेकिन जातिगत जनगणना को लेकर वह मुखर नहीं रही। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अवश्य इसका समर्थन किया। लेकिन अब एकाएक भाजपा को जातिगत जनगणना करना अपने हित में दिखाई दिया क्योंकि अपनी नीतियों एवं योजनाओं के बल पर भाजपा ने पिछड़ी जातियों और दलितों की गोलबंदी कर सत्ता का सफर आसान बनाया है।

जातिगत जनगणना का भारतीय राजनीति और समाज-व्यवस्था पर व्यापक एवं दूरगामी प्रभाव पडेगा। कांग्रेस और कुछ क्षेत्रीय दल इसकी पुरजोर मांग करने में लगे हुए थे। सबसे ज्यादा जोर राहुल गांधी दे रहे थे, जबकि नेहरू से लेकर नरसिंह राव तक ने इसकी जरूरत नहीं समझी। यह तय है कि जातिगत जनगणना कराने के फैसले पर जहां कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल इसका श्रेय लेना चाहेंगे, वहीं भाजपा इसे सामाजिक न्याय एवं समता-संतुलित समाज-निर्माण केंद्रित अपनी पहल बताएगी। जाति आधारित जनगणना सामाजिक न्याय में सहायक बनेगी या नहीं, लेकिन इससे जातिवादी राजनीति के नए दरवाजे खुलेंगे एवं आरक्षण का मुद्दा एक बार फिर राजनीति की धूरी बनेगा। कांग्रेस एवं विपक्षी दलों ने अपने संकीर्ण एवं स्वार्थी राजनीतिक नजरिये से यह मांग इसलिए उठाई थी ताकि इस आधार पर आगे आरक्षण के मुद्दे को गमार्या जा सके और जातीय गोलबंदी कर चुनावी फायदा लिया जा सके। लेकिन भाजपा-सरकार ने जाति जनगणना का ऐलान कर इस मुद्दे को अपनी पाली में ले लिया है। भले ही इसके आंकड़े आने के बाद आबादी के अनुपात में आरक्षण की मांग से भाजपा कैसे निपटेगी, यह बड़ी चुनौती उसके सामने है। वैसे भी इस तरह की पहल जिन राज्यों में हुई है, वहां भी इसे लेकर विवाद चल रहा है। ऐसे विवाद भाजपा के लिये एक नयी चुनौती बनेंगे। जाति आधारित जनगणना से भारतीय समाज के नये कोने-अंतरे-चुनौतियां सामने आयेगी। लेकिन जातिगत जनगणना के समर्थकों का मानना है कि यह सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम हो सकता है। जनगणना में दलितों और आदिवासियों की संख्या तो गिनी जाती है और उन्हें राजनीतिक आरक्षण भी मिला हुआ है लेकिन पिछड़ी और अति पिछड़ी (ओबीसी और ईबीसी) जातियों के कितने लोग देश में हैं इसकी गिनती नहीं होती है। जनगणना एक बहुत बड़ी कवायद है और अगर इसमें जातिगत गणना को भी शामिल किया जा रहा है, तो काम और भी सावधानी एवं सतर्कता से करना होगा। हजारों जातियां हैं और उनकी हजारों उप-जातियां हैं। सबको अलग-अलग गिनने के लिए देश को अपनी डिजिटल शक्ति का उपयोग करना पड़ेगा।

निश्चित ही नयी राजनीतिक एवं नीतिगत स्थितियां समस्याएं खड़ी होगी। अब सभी जातियों की गिनती होगी। यह गिनती मुस्लिम, ईसाई और अन्य समुदायों में भी होनी चाहिए, क्योंकि कोई दावा कुछ भी करे, जाति और उसके आधार पर विभेद सब जगह है। इससे भी ज्यादा आवश्यक, बल्कि अनिवार्य यह है कि जातिगत जनगणना जातिवाद की राजनीति का हथियार न बने और वह भारतीय समाज को विभाजित न करने पाए। इस अंदेशे को दूर करने के कुछ ठोस उपाय होने ही चाहिए कि जाति आधारित जनगणना जातीय विभाजन का कारण न बनने पाए। यह अंदेशा इसलिए है, क्योंकि यह किसी से छिपा नहीं कि कई राजनीतिक दल खुले रूप से जाति की राजनीति करते हैं। माना जाता है कि देश की आबादी में 52 फीसदी लोग पिछड़ी और अति पिछड़ी जाति के हैं। ओबीसी समुदाय के नेताओं का मानना है कि इस हिसाब से उनकी राजनीतिक हिस्सेदारी काफी कम है। राजनीतिक दल इन समुदायों का समर्थन हासिल करने के लिए जाति जनगणना का समर्थन कर रहे हैं।

भारत में जाति जनगणना आजादी के बाद रुकी, पर अब सामाजिक न्याय, नीतिगत सुधार और राजनीतिक प्रतिनिधित्व के लिए इसकी जरूरत महसूस की जा रही है। पारदर्शिता और सावधानी से किया गया यह कदम समावेशी विकास का आधार बन सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने जाति आधारित जनगणना को एक समतामूलक समाज निर्माण के दृष्टिकोण से समर्थन देने के संकेत दिए हैं। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि यह संवेदनशील मामला है और इसका इस्तेमाल राजनीतिक या चुनावी उद्देश्यों के लिए नहीं बल्कि पिछड़ रहे समुदाय और जातियों के कल्याण के लिए होना चाहिए। जाति जनगणना के आंकडे प्रस्तुत होने से राजनीति और ब्यूरोक्रेसी में पिछड़ी और अति पिछड़ी जातियों की हिस्सेदारी कितनी कम है, यह डर संभवतः भाजपा को सता रहा था। लेकिन भाजपा का यह डर या तो खत्म हो गया है, या फिर उसने बिहार में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में चुनावी लाभ लेने के लिए ये कदम उठाया है। भाजपा इसके खिलाफ थी, उसने जातिगत जनगणना को देश को बांटने की कोशिश करने वाला बताया था। लेकिन एनडीए में शामिल भाजपा की ज्यादातर सहयोगी पार्टियां इसके

# मोबाइल : यही समय है 'लॉग आउट' करने का



सोनम लववंशी

सोचिए, सुबह की पहली किरण नहीं, बल्कि मोबाइल की स्क्रीन आपकी नींद खोलती है। दिन भर की चहल-पहल नहीं, बल्कि नोटिफिकेशन की गूंज आपके दिल की धड़कनों को दिशा देती है। अब तो रिश्तों की ऊष्मा भी स्क्रीन की रोशनी में घुलती जा रही है। हम इंसान, जो कभी संवाद में जिया करते थे, अब सिग्नल में सांस लेते हैं। हाल में जी-5 पर रिलीज हुई फिल्म 'लॉगआउट' ने न सिर्फ इस भयानक आदत की ओर इशारा किया है, बल्कि सीधे-सीधे उन लोगों के गाल पर करारा तमाचा जड़ा है, जो अब तक स्मार्टफोन को अपना सबसे अच्छा दोस्त मान बैठे थे। फिल्म खत्म होने के बाद वे सिनेमा हॉल में चुप बैठे रहे। शायद वे अपने ही अंदर किसी खामोश चीख को सुन रहे थे।

वर्तमान समय में एक औसत भारतीय दिन के 7 घंटे से अधिक मोबाइल स्क्रीन पर बिताता है। अगर इसमें लैपटॉप, टीवी और अन्य डिजिटल उपकरण भी जोड़ दें, तो आंकड़ा 10 घंटे के पार जा पहुंचता है यानी एक व्यक्ति अपनी जिंदगी का लगभग आधा हिस्सा वर्चुअल दुनिया में गंवा देता है। यह वही समय है, जब वह अपने बच्चे को कहानी सुना सकता था, मां का हालचाल पूछ सकता था या खुद से कोई पुरानी किताब निकाल कर मन के कोनों को साफ कर सकता था।

मोबाइल की लत को हम 'स्मार्ट' होने का प्रतीक मान बैठे हैं। अजीब विडंबना है कि जिस यंत्र ने हमें पूरी दुनिया की जानकारी देने का वादा किया था, उसने हमें अपनों से ही बेखबर कर दिया है। अब खाना खाते समय 'रोटी' से ज्यादा 'रील' जरूरी हो गई है। बच्चों की पहली चाल की तस्वीर भी अब कैमरे के लिए होती है, यादों के लिए नहीं। अध्ययन बताते हैं कि स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताने से न सिर्फ नींद कम होती है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी गहरा असर पड़ता है। डिजिटल डिप्रेशन, सोशल मीडिया एंग्जायटी, और फोमो आज फीयर ऑफ मिसिंग आउट जैसे नये विकारों ने शहरी युवाओं के मन-मस्तिष्क पर हमला बोल दिया है।

इंसान अब 'अकेले' नहीं रह सकता क्योंकि उसे हमेशा 'ऑनलाइन' रहना है। एक क्लिक से दुनिया बदलने की शक्ति रखने वाला आज खुद एक क्लिक का गुलाम बन चुका है। यहां यह भी समझना दिलचस्प होगा कि सोशल मीडिया कंपनियां जानबूझ कर इन प्लेटफॉर्म्स को डोपामिन ट्रिगर के अनुसार डिजाइन करती हैं। आपको एक नोटिफिकेशन मिलेगा, दिमाग खुश होगा, और आप फिर बारझबार उसी प्रतिक्रिया की तलाश में वहां लौटेंगे। यह कोई संयोग नहीं है कि फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिकटॉक जैसी कंपनियां आपको ह्यस्क्रॉलिंग के नशे' में बांधने के लिए मनोवैज्ञानिक तकनीकों का इस्तेमाल करती हैं। मगर दोष सिर्फ तकनीक का नहीं, हम खुद भी तैयार बैठे हैं अपने समय, ध्यान और जीवन को दांव पर लगाने के लिए। डिजिटल डिटॉक्स की बात करने वाले लोग भी एक तस्वीर अपलोड करने के बाद 50 बार चेक करते हैं कि कितने लाइक आए। आत्ममुग्धता और दिखावे की इस दौड़ में हम न सिर्फ खुद को खो चुके हैं, बल्कि अगली पीढ़ी को भी 'डिजिटल नशा' की लत लगा चुके हैं। 'लॉगआउट' जैसी फिल्में हमें सिर्फ एक कहानी नहीं दिखातीं, वह हमें आईना दिखाती है, वो आईना जिसमें हमारा चेहरा नहीं, बल्कि झुकी हुई गर्दन, थकी आंखें, और हमेशा व्यस्त रहने का भ्रम दिखाई देता है।

ऐसे में अब समय है सवाल पूछने का, वह भी अपने आपसे कि क्या हम अब भी सोचेंगे कि स्क्रीन टाइम एक निजी पसंद है, या इसे एक सामाजिक खतरे के रूप में देखेंगे? क्या हम अब भी मोबाइल को बच्चे का खिलौना समझ कर उसकी जड़ों में 'स्क्रीन का



जहर' घोलते रहेंगे? क्या हम 'कनेक्टेड' रह कर भी खुद से 'डिसकनेक्टेड' ही बने रहेंगे? समय की मांग है कि हम 'लॉगआउट' की पुकार को सिर्फ एक फिल्म का संदेश न समझें, बल्कि इसे जीवन में बदलाव लाने का एक अवसर भी मानें क्योंकि अगर अब भी हम नहीं जागे, तो वो दिन दूर नहीं जब इंसान की पहचान सिर्फ एक 'यूजरनेम' तक सीमित रह जाएगी और तब हम सभी को पूछना पड़ेगा क्या हमने तकनीक को अपनाया था, या तकनीक ने हमें निगल लिया? इसीलिए शायद यही सही समय है.'लॉगआउट' करने का।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक और प्रकाशक व संपादक सरोज चौधरी द्वारा विजय प्रेस, नया टोला पटना से मुद्रित तथा 302, मां तारा कंपलेक्स, नारायण मूर्ति पथ, नागेश्वर कॉलोनी, बोरिंग रोड पटना से प्रकाशित! संपादक सरोज चौधरी, R.N.I. No:- BIHHIN/ 2016/72168

## संक्षिप्त समाचार

### 12 मई के अष्टभुजी महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा




**रिपोर्ट - प्रमोद कुमार सिंह**

औरंगाबाद :- जिले के बारुण प्रखंड मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित अष्टभुजी माता मंदिर के प्रांगण में अष्टभुजी महोत्सव आयोजन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष मुखिया प्रतिनिधि विजय कुमार सिंह ने किया जबकि संचालन की जिम्मेवारी सुरेश विद्यार्थी द्वारा निभाई गई। मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षक नेता प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता अशोक पांडेय एवं बुलेट न्यूज के संपादक राज पाठक की गरिमामई उपस्थिति रही।बैठक की शुरूआत संरक्षक एवं पत्रकार अजीत मिश्रा,पूर्व मुखिया अजय कुमार एवं सचिव राजा दिलीप सिंह के प्रतिवेदन के साथ शुरू की गई। आयोजन समिति द्वारा मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र एवं डायरी देकर सम्मानित किया गया।आगामी 12 मई को अष्टभुजी महोत्सव के निमित्त विभिन्न कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई जिसमें 12 मई को सुबह सवेरे अष्टभुजी माता का योग्य आचार्यों के सान्निध्य में षोडशोपचार विधि से पूजन अर्चन किया जाएगा।उसके बाद विद्यालयी बच्चों का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।जिसमें अष्टभुजी माता पर निबंध प्रतियोगिता एवं उनके महिमा पर गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।तत्पश्चात, महोत्सव का विधिवत उद्घाटन स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया जाएगा। जिले के विभिन्न महोत्सव के सक्रिय सदस्यों का सम्मान समारोह, संध्या में विशेष कलाकारों की प्रस्तुति होगी,कवि सम्मेलन एवं प्रांतीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित कलाकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ महोत्सव का समापन किया जाएगा। सभी कार्यक्रमों के लिए जो भी समिति गठित की गई थी उसके संयोजकों ने बताया कि सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।मौके पर दिलकेश्वर सिंह,कृष्णा साहू, श्रीपति प्रसाद साहू,विष्णुपद प्रजापति,सुरेंद्र प्रसाद,उपेंद्र प्रसाद,महेंद्र भगत,करीमन राम,अवध बिहारी ठाकुर, आनंद कुमार,सुबोध कुमार देवनंदन राम,बृजनंदन राम, गौतम कुमार साहू,लाल मोहर प्रजापति,रामेश्वर भगत, आलोक कुमार गुप्ता, परशुराम कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्त शिक्षक नागेश्वर प्रसाद चन्द्रवंशी बने आजाद समाज पार्टी के गोह विधानसभा प्रभारी

**प्रदेश अध्यक्ष जौहर आजाद ने की नियुक्ति, संभावित उम्मीदवार के तौर पर माने जा रहे हैं चन्द्रवंशी**

**रिपोर्ट - अमरेन्द्र कुमार सिंह**

गोह (औरंगाबाद)गोह के सेवानिवृत्त शिक्षक नागेश्वर प्रसाद चन्द्रवंशी को आजाद समाज पार्टी (काशीराम) का सक्रिय सदस्य बनाए जाने के साथ-साथ गोह विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जौहर आजाद ने उन्हें यह ज़िम्मेदारी सौंपी है। श्री चन्द्रवंशी शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय तक सेवा देने के बाद सामाजिक सरोकारों में सक्रिय हुए हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, वे आगामी विधानसभा चुनाव में गोह से आजाद समाज पार्टी के संभावित प्रत्याशी भी हो सकते हैं। इस अवसर पर कई कार्यकताओं ने उन्हें बधाई दी और पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### श्रद्धांजलि के मौके पर दुगोला का आयोजन , कलाकारों ने लोकगायन से दर्शकों का मन मोहा



**रिपोर्ट - अमरेन्द्र कुमार सिंह**

गोह(औरंगाबाद)हसपुरा प्रखंड के किसुनपुर गांव में बुधवार की रात दुगोला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में औरंगाबाद और बक्सर के कलाकारों ने आकर्षक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम शिवपति कुंवर के श्रद्धांजलि समारोह के अवसर पर आयोजित किया गया। समारोह का उद्घाटन वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक सुधीर सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि अपने प्रियजनों के जाने का दुख सबको होता है। बेहतर यह है कि हमलोग दुख को दरकिनार कर जीवन का आनंद मनाएं। हमारे ऋषियों ने यही संदेश दिया है। दुगोला में बक्सर की लोकगायिका प्रेमलता कुमारी और औरंगाबाद के राजेंद्र यादव ने अपनी प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। संगत कलाकारों में धीरेन्द्र कुमार एवं राजेश, नाल पर ललन यादव एवं रामबली, झाल पर जीतन कुमार, मार्कंडेय कुमार, कामता यादव एवं योगेन्द्र यादव ने साथ दिया। समारोह को डॉ हरिद्वार प्रसाद सिंह, केदार यादव, इंद्रजीत कुमार, पुरहारा पंचायत के सरपंच सुरेंद्र सुमन आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर दर्शक दीर्घा में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

### पुलिस की लापरवाही से रेलवे रोड में घंटो पड़ा रहा शव

**रक्सौल पुलिस की लापरवाही के खिलाफ सड़क जाम कर लोगो ने जताया विरोध**

पूर्वी चंपारण,। जिले के रक्सौल शहर के रेलवे रोड पर शुक्रवार की सुबह एक अज्ञात शव देखा गया, जिसकी सूचना स्वच्छ रक्सौल संगठन के अध्यक्ष रंजीत सिंह ने तत्काल जीआरपी और रक्सौल थाना को दी। लेकिन कई घंटे बीत जाने के बावजूद भी किसी भी पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचना जरूरी नहीं समझा। शव घंटों सड़क पर ही पड़ा रहा, जिससे आमजन में आक्रोश फैल गया।पुलिस की इस लापरवाही को लेकर रंजीत सिंह के नेतृत्व में रेलवे रोड को जाम कर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में स्थानीय लोग भी शामिल हुए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। रंजीत सिंह ने कहा कि यदि मामला पैसे वसूली का होता, तो पुलिस मौके पर तुरंत पहुंच जाती, लेकिन जब बात एक लावारिस शव की है, तो कोई जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं। उन्होंने इसे मानवता को शर्मसार करने वाली स्थिति बताया। विरोध के बाद हरकत में आई रक्सौल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मृतक की जेब की तलाशी लेने पर एक पहचान पत्र बरामद किया, जिससे उसकी पहचान नेपाल के बीरगंज निवासी प्रेम राय के रूप में हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार, मृतक प्रेम राय पिछले तीन दिनों से काम की तलाश में रक्सौल में घूम रहा था। शुक्रवार सुबह उसका शव स्टेशन रोड पर पड़ा मिला, जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। रंजीत सिंह ने कहा कि यदि विरोध नहीं होता, तो शव यूं ही सड़कों पर पड़ा रहता। उन्होंने पुलिस प्रशासन से जवाबदेही तय करने की मांग की है। घटना के बाद लोगों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं और प्रशासन की निष्क्रियता पर नाराजगी जताई जा रही है।

# जातीय जनगणना प्रधानमंत्री का ऐतिहासिक फैसला, बदलेगी देश की दशा और दिशा

## जातीय जनगणना को लेकर एनडीए का हुई प्रेस वार्ता

**नन्दकिशोर दास**

बेगूसराय ब्यूरो। हमलोग हमेशा से जातीय जनगणना के पक्ष में रहे हैं। इससे पूर्व 2019 में भी सर्वदालीय बैठक में प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया था। साथ ही जातीय सर्वे बिहार में कराया गया था। इसमें भी एनडीए की ही भूमिका रही थी। लेकिन अब कांग्रेस और राजद इसका क्रेडिट लेना चाहती है। यह बातें जदयू के प्रदेश प्रवक्ता परिमल कुमार ने परिसदन के सभागार में कही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश में जातीय जनगणना कराये जाने की घोषणा को लेकर शुक्रवार को एनडीए की प्रेस वार्ता हुई। जिसमें जातीय जनगणना को ऐतिहासिक फैसला बताते हुए एनडीए के नेताओं ने कहा कि इसका लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों को भी मिलेगा। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि कांग्रेस जातीय जनगणना के विरोध में शुरू से ही रही है। जबकि मोदी का यह एक ऐतिहासिक फैसला है, जो मोदी का सामाजिक न्याय कहलायेगा। यह फैसला देश की दिशा और दशा बदलने वाला है। जबकि कांग्रेस और लालू का परिवार ने दलितों और पिछड़ों के लिए कुछ नहीं किया। सिर्फ देश को लूटने का काम किया है। बेगूसराय के नगर विधायक कुंदन कुमार ने कहा कि जो लोग कह रहे कि यह काम हमने करा दिया, लालू जी कहते है कि 1997 में ही मैं जातीय जनगणना की मांग की थी तो जब



आप किंग मेकर थे। आपकी समर्थित ही सरकार थी तो क्यू नहीं यह जनगणना करवाया। उन्होंने कहा कि उनलोगों ने कुछ नहीं किया। जो भी आरक्षण देने काम हुआ, वह एनडीए के ही सरकार के समय हुआ है। इसलिए पूरी पारदर्शिता के साथ यह जातीय जनगणना होगी और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी इसका फायदा मिलेगा। एनडीए की प्रेस वार्ता की अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष रूदल राय ने की। संचालन भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने किया। इस वार्ता में बेगूसराय के विधायक कुंदन कुमार, प्रदेश से आये एनडीए के प्रवक्ता जदयू से परिमल कुमार, भाजपा प्रवक्ता नीरज कुमार, राष्ट्रीय लोकमोर्चा से राहुल कुमार, प्रदेश जदयू मीडिया पैनलिस्ट डॉ. मधुरेन्द्र पांडेय, लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष प्रेम कुमार पासवान, हम के जिलाध्यक्ष पीयूष कुमार, राष्टीय लोकमोर्चा के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह व अन्य उपस्थित थे। इसके अलावा वार्ता में जदयू जिला प्रवक्ता अरुण कुमार महतो, भाजपा नेता कुंदन भारती, सुमित सन्नी, सौरभ कुमार, जदयू मीडिया सेल अध्यक्ष मोनू पटेल, जदयू महिला जिलाध्यक्ष लक्ष्मी देवी, युवा अध्यक्ष पंकज राय, अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष उमेश सदा, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष मो. सरफराज आलम, जदयू नेताआ संजय सिंह, प्रदेश युवा महासचिव मुन्ना महतो, कुमार सौरभ, चौधरी अफजल, राजेन्द्र महतो, लोजपा के न्यूटन कुमार, उमेश पासवान, सुमित कुमार, राष्टीय लोकमोर्चा के बिपिन कुमार सिंह, देवनारायण ठाकुर, हम के मो. औजैर भी उपस्थित थे।

# बरौनी रिफाइनरी प्रबंधन श्रमिकों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयत्नशील: भास्कर हजारिका

## अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर टाउनशिप स्थित कल्याण केन्द्र में बरौनी रिफाइनरी के असंगठित मजदूरों के सर्वांगीण विकास पर परिचर्चा का आयोजन

**नन्दकिशोर दास**

बेगूसराय ब्यूरो। अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर टाउनशिप स्थित कल्याण केन्द्र में बरौनी रिफाइनरी के असंगठित मजदूरों के सर्वांगीण विकास के लिए परिचर्चा आयोजित की गयी। परिचर्चा का आयोजन बरौनी तेलशोधक मजदूर यूनियन ने किया। जिसमें 200 से अधिक श्रमिकों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि बरौनी रिफाइनरी के मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) भास्कर हजारिका ने कहा कि श्रमिक हमारे जीवन को आरामदायक बनाने के लिए दिन व रात मेहनत करते हैं। बरौनी रिफाइनरी प्रबंधन अपने अधीनस्थ श्रमिकों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयत्नशील है। बरौनी रिफाइनरी असंगठित श्रमिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु लिए क्रियाशील है।बरौनी तेलशोधक मजदूर यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष रजनीश रंजन ने कहा कि आपसी एकता में ही श्रमिकों



की भलाई है। बरौनी तेलशोधक मजदूर यूनियन हमेशा से ही श्रमिकों के अधिकार की रक्षा, उनके योगदान को सम्मान तथा बेहतर कार्य वातावरण निर्माण के लिए संघर्ष करते आई है। बरौनी तेलशोधक मजदूर यूनियन के अतिरिक्त महासचिव संजीव कुमार ने श्रमिकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि हर श्रमिक अपने-अपने स्तर से समाज को आगे ले जाने की मुहिम में लगा हुआ है। लेकिन अब समय आ गया है कि श्रमिकों को सम्मान के साथ-साथ समानता भी मिले। इस अवसर पर एटक राज्य उपाध्यक्ष ललन कुमार ने भी संबोधित किया। आगत अतिथियों का स्वागत कल्याण केंद्र के सचिव भोगेंद्र कुमार कमल ने किया। कार्यक्रम का संचालन कल्याण केंद्र के उपाध्यक्ष वागीश आनंद ने किया। इस अवसर पर बरौनी तेलशोधक मजदूर यूनियन के वरीय उपाध्यक्ष संजय प्रसाद सिंह, उपमहासचिव साइमन मुर्मू, कोषाध्यक्ष पुरूषोत्तम कुमार, उपाध्यक्ष सहदेव साह, सचिव संजीत कुमार, कल्याण केन्द्र प्रबंधकारिणी सदस्य विनोद चौधरी, हरवेन्द्र कुमार, देवदत्त प्रजापति समेत काफी संख्याओं में गणमान्य उपस्थित थे।धन्यवाद ज्ञापन कल्याण केंद्र के कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कन्नौजिया ने किया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर कल्याण केन्द्र के द्वारा बरौनी रिफाइनरी कर्मियों के लिए आयोजित लिखित प्रश्नोत्तरी के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में चन्द्रभानु को प्रथम, ब्रजेश कुमार व मदन कुमार क्रमशः द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर पुरस्कृत किया। वहीं सुनील पासवान, विक्रम कुमार तथा स्वरूप साव को सान्त्वना पुरस्कार मिला।

### एनटीपीसी नबीनगर में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

**एनटीपीसी कर्मचारियों ने किया रक्तदान**



**रिपोर्ट - प्रमोद कुमार सिंह**

औरंगाबाद। जिले के सुप्रसिद्ध विद्युत पावर प्लांट एनटीपीसी नबीनगर के प्रांगण में गुरुवार को एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में एनटीपीसी के कर्मचारियों, उनके परिवारजनों एवं CISF के जवानो ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस शिविर का आयोजन एनटीपीसी के आवाहन (AHWAHAN) नीति के अंतर्गत कराया गया था जिसमें कुल 61 यूनिट रक्त का दान किया गया। इस एक दिवसीय रक्तदान शिविर का उद्घघाटन, एनटीपीसी नबीनगर के महाप्रबंधक (O&M) श्री के. डी. यादव ने किया। यह कार्यक्रम एनटीपीसी नबीनगर में स्थित NSTPS अस्पताल में आयोजित किया गया था जहाँ अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्रीमती जूरी दत्ता एवं अन्य चिकित्सको की देख रेख में लोगो ने बढ़-चढ़ कर रक्त दान किया। इस कार्यक्रम का आयोजन एनटीपीसी नबीनगर ने सदर अस्पताल, सासाराम के ब्लड बैंक के सहयोग से किया था। शिविर में एनटीपीसी एवं CISF के अनेको अधिकारियो ने जन कल्याण के लिए रक्त दान कर समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। सभी प्रतिभागियों को उनके इस सामाजिक योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया। इस मानवीय पहल का उद्देश्य जरूरतमंदों को समय पर रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना था।

# दो पक्षों के बीच विवादों को सुलह करवाना जिला विधिक सेवा प्राधिकार लक्ष्य: सचिव

## बरौनी रिफाइनरी टाउनशिप स्थित सूरज भवन के प्रांगण में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले जागरूकता शिविर का आयोजन

**नन्दकिशोर दास**

बेगूसराय ब्यूरो। गुरूवार को मजदूर दिवस पर बरौनी रिफाइनरी का टाउनशिप स्थित सूरज भवन के प्रांगण में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए बीटीएमयू के महासचिव संजीव कुमार ने प्राधिकार के सचिव करुणानिधि प्रसाद आर्या को अंगवस्त्र, बुके एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। प्राधिकार के सचिव करुणानिधि प्रसाद आर्य ने लोगों को बताया कि नालसा एवं बालसा की जनकल्याणकारी योजनाएं आप सबों के लिए चलाई जा रही हैं, जिसके बारे में विस्तृत रूप से बताने के लिए आपलोगों के बीच आए हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव करुणा निधि प्रसाद आर्या ने लोगों को सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री माननीय योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना से संबंधित जानकारी दी गई। प्राधिकार के सचिव करुणा निधि प्रसाद आर्या ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा दी




जाने वाली लीगल एक्ट दो पक्षों के बीच विवाद की स्थिति को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से समाधान करना है। अगर कोई मामला न्यायालय में आ गया है और कोई पक्ष अधिवक्ता रखने में समर्थ नहीं है, तो ऐसी स्थिति में प्राधिकार के द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाता है। इसके साथ ही भूमि संबंधित मामले में कोर्ट फी माफी एवं अन्य तरह की सहायता भी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। अगर किन्हीं मजदूरों का आधार कार्ड, लेबर लाइसेंस या विकलांगता प्रमाण पत्र किसी भी तरह का कोई भी ब्लॉक से संबंधित समस्या या विवाद हो, ऐसी स्थिति में भी प्राधिकार के द्वारा लोगों को तत्काल मदद कराया जाता है। प्राधिकार के सचिव ने बताया कि मजदूरों के कल्याण से संबंधित सभी तरह से सहायता करे लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्य करता है। धन्यवाद ज्ञापन महासचिव रजनीश कुमार ने किया। मौके पर बम यूके भोगेंद्र कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के संगम मिश्रा, सौरभ कुमार, शैलेश कुमार सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

# आने वाले दिनों में बलिया जिले के अग्रणी अनुमंडल में होगा शामिल: डीएम

## प्रखंड सभागार बलिया में प्रखंड एवं नगर परिषद बलिया के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक

**नन्दकिशोर दास**

बेगूसराय ब्यूरो। डीएम तुषार सिंगला ने शुक्रवार को बलिया प्रखंड सह अनुमंडल कार्यालय का भ्रमण किया। भ्रमण के बाद जिला पदाधिकारी प्रखंड सभागार बलिया में प्रखंड एवं नगर परिषद बलिया के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में सहायक समाहर्ता-सह-सहायक दंडाधिकारी बेगूसराय अजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी बलिया, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा बेगूसराय, प्रखंड विकास पदाधिकारी बलिया, अंचल अधिकारी बलिया सहित प्रखंड एवं नगर परिषद बलिया के पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। डीएम ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 5 लाभुक, शहरी के 5 लाभुक को सांकेतिक चाबी दी। राजस्व विभाग के अंतर्गत 7 लाभुकों को वासगीत पर्चा दिया गया। स्वास्थ्य विभाग में 5 लाभुकों को आयुष्मान कार्ड, राजस्व विभाग के 5 लाभुक को राशन कार्ड एवं 2 दिव्यांग लाभुक को अंत्योदय कार्ड दिया गया। जनप्रतिनिधियों ने जिला पदाधिकारी को अपने क्षेत्र विशेष की समस्याओं से अवगत कराया गया। जनप्रतिनिधियों द्वारा सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम जोड़ने सहित कई मामलों को उठाया। डीएम ने जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाये गये मुद्दों को संबंधित विभाग के पदाधिकारी को अविलंब कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि बलिया अनुमंडल क्षेत्र के विकास के लिए कई प्रकार की योजनाएं ली गई है। आने वाले दिनों में बलिया अनुमंडल जिले के अग्रणी अनुमंडल में शामिल हो, इसके लिए लगातार कार्य किये जा रहे हैं। डीएम की बैठक का मुख्य उद्देश्य सरकार



द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं में जनप्रतिनिधियों को हो रही समस्याओं को जानना है। ताकि उसका समाधान किया जा सके। सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं को जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन दोनों को समन्वय बनाकर कार्य करना है, ताकि जनता को इसका लाभ हो। डीएम ने सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के साथ लगातार बैठक करने का निर्देश दिया।ताकि प्रशासन द्वारा किये जा रहे कार्यों की पारदर्शिता बनी रहे एवं जनप्रतिनिधियों से भी सहयोग करने की बात कहीं गई। इसके साथ ही जिला पदाधिकारी ने 5 मई से 15 मई तक बेगूसराय में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम के लिए सभी जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया।

# सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से लाभान्वित हो रही महिलाएं: राष्ट्रपति कुमार

## आयुर्वेदिक औषधालय में तिरंगा जीविका महिला ग्राम संगठन की ओर से महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**शकील बेग**

नावकोठी, बेगूसराय। जीविका से ग्रामीण महिलाएं इस क्षेत्र में स्वावलबी बनी है और सशक्त हुआ है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं से लाभान्वित हो रही हैं। तभी तो महिला संवाद में महिलाओं की महत्वपूर्ण भागीदारी हो रही है। यह बातें नावकोठी के मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने शुक्रवार को नावकोठी आयुर्वेदिक औषधालय में तिरंगा जीविका महिला ग्राम संगठन के महिला संवाद के उद्घाटन में कही। कार्यक्रम को मुखिया राष्ट्रपति कुमार, बीपीएम मनोरंजन कुमार, सामुदायिक समन्वयक रेणु कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर उदघाटन किया। बीपीएम मनोरंजन कुमार ने कहा कि महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में सरकार की पहल का सार्थक प्रभाव समाज में दिख रहा है। महिलाएं जीविका संगठन से जुड़कर आर्थिक बदहाली को दूर कर परिवार को आगे बढ़ा रही हैं।सामुदायिक समन्वयक दुलारचंद राम ने कहा कि महिला संवाद के माध्यम से समाज की हर महिला तक पहुंच सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि महिला उत्थान के लिए चलायी जा रही सरकारी योजनाओं की जानकारी घर घर तक पहुंचे। बुक कीपर रंजू कुमारी के नेतृत्व में महिला संवाद में सैकड़ों महिलाएं आयीं। इसमें महिलाओं के उत्थान के लिए चलायी जा रही सतत जीविकोपार्जन योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना,



मुख्यमंत्री पोशाक योजना, बालिका साइकिल योजना, बालिका स्नातक प्रोत्साहन योजना, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, मुख्यमंत्री किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम, मुख्यमंत्री मेधावृत्ति योजना, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना आदि की जानकारी महिलाओं को दी गयी। प्रखंड मेंटर ज्योति कुमारी, क्षेत्रीय समन्वयक रुपम कुमारी, रोहित कुमार, विकास कुमार ने कहा कि जीविका सिर्फ आर्थिक समृद्धि ही नहीं वरन महिलाओं को निर्णय लेने में सक्षम बनाती है। वहीं दर्जनों महिलाओं ने कहा कि जीविका से जुड़कर योजनाओं के लाभ लेने में भी सक्षम हुई है। जनिता कुमारी ने कहा कि पहले महिलाओं के लिए चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी नहीं थी किन्तु अब इससे जुड़कर वह काफी खुशहाल हो रही है। रेणु कुमारी ने कहा कि जीविका हम महिलाओं के लिए संबल है।कंचन कुमारी ने जीविका को जीविकापार्जन का ही माध्यम नहीं बल्कि महिलाओं को हर क्षेत्र में मिलने वाली सुविधाओं से युक्त बना रही है। शबाना बेगम बताती हैं कि मुख्यमंत्री ने महिला उत्थान के लिए एक सशक्त माध्यम जीविका दिया है। जिससे जुड़कर उसका परिवार आगे बढ़ रहा है। मौके पर जनिता, रेणु, किरण, रुपम, पुष्प लता, अनीता देवी, रबीना देवी, वर्षा कुमारी, शबाना बेगम सहित दर्जनों जीविका दीदियां मौजूद थी।

## लंबित सड़क निर्माण को लेकर सपा ने फूका जिला एवं कार्यपालक पदाधिकारी का पुतला

### सपा नेता ने कहा शासन प्रशासन को नहीं है जनता की समस्याओं से कोई सरोकार



शहर की अति व्यस्त मार्गों में से एक निमार्णाधीन सड़क डीडी तुलसी रोड के लंबित निर्माण कार्य प्रारंभ करने की मांग को लेकर पूर्व घोषित कार्यक्रम एवं चेतावनी के मद्देनजर समाजवादी पार्टी नगर ईकाई जमालपुर के नेताओं ने नगर उपाध्यक्ष डॉ सुधीर गुप्ता के नेतृत्व में जिला पदाधिकारी एवं कार्यपालक पदाधिकारी का स्थानीय जुबली वेल चौक पर पुतला फुक अपने आक्रोश का इजहार किया ।इस दौरान सपा नेता कार्यपालक पदाधिकारी खोलो कान नहीं तो होगा नीद हराम, जिला पदाधिकारी हाय हाय डी डी तुलसी रोड का निर्माण कार्य पुरा करो आदि नारा लगा रहे थे जिसमें मुख्य रूप से लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव रविकान्त झा एंव जिला मिडिया प्रभारी मनोज क्रांति मौजूद थे। पुतला दहन के उपरांत लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव रविकान्त झा ने कहा की जिला अध्यक्ष पप्पू यादव नेतृत्व में हमलोग एक सप्ताह पूर्व नगर परिषद जमालपुर के कार्यपालक पदाधिकारी से मिल लंबित सड़क निर्माण को अभिलंब बनाने की मांग की और कार्यपालक पदाधिकारी भी शुरखुरू बनते हुए दूसरे दिन से हाथ लगाने की बात कही लेकिन आज सप्ताह बीत गया लेकिन सड़क निर्माण शुरू नहीं हुआ जिससे आहत सपाई ने पुतला फूंक आन्दोलन का शंखनाद कर दिया है । वही मीडिया प्रभारी मनोज क्रांति एवं नगर उपाध्यक्ष डॉ सुधीर गुप्ता ने कहा की स्थानीय जनप्रतिनिधि से लेकर प्रशासनिक अधिकारी अपना हिस्सा ले मस्त है और जनता लाल धुल से त्रस्त है नेताओं ने आगे कहा कि विकास की ढिंढोरा पीटने वाली सरकार के 20 वर्षों के कार्यकाल मे बस लूट मची है कमिशन खोरों की चांदी है और जनता मर रही है मौके पर वरिष्ठ नेता नकुल यादव सचिव आशीष कुमार चंदन साहू अशोक शर्मा प्रमोद ठाकुर कुणाल रंजन निरज चौरसिया शुभम कुमार शिव यादव अमित कुमार दिलिप शर्मा राज कुमार मो अनवर आदि शामिल थे

## भू - माफियाओं का नंगा नाच : मदरिया नदी की सरकारी जमीन पर केके यूनिवर्सिटी करा रहा बाउंड्रीवाल

### शासन - प्रशासन की खामोशी से स्थानीय लोगों में आक्रोश

### बंगलवा में भू-माफिया की खुली गुंडागर्दी और प्रशासन की चुप्पी सवालों के घेरे में



**रंजीत विद्यार्थी / आशीष कश्यप**

धरहरा (मुंगेर) : सरकार जहां जल जीवन हरियाली को बचाने के लिए करोडो.खर्च कर रही है. वही भू - माफिया प्राकृतिक धरोहर को नष्ट करने मे लगे है ।ग्रामीण बताते है कि लकड़कोला स्थित सुमेरी पथरी मौजा मे खाता नम्बर 262 व खसरा नम्बर 20 जो सरकारी जमीन है साथ ही खसरा नम्बर 21 मे मदरिया नदी का जलस्त्रोत है. जिसे भू - माफिया अपने चारदिवारी के अंदर कैंद कर रहे है । बहरहाल जो भी हो खाता नम्बर 262 व खसरा नम्बर 20 को केके यूनिवरसिटी के मालिक रवि चौधरी ने 2024 मे अपने नाम दर्ज करवा लिया है ।नक्सल प्रभावित लकड़कोला स्थित प्राकृर्तिक जलस्त्रोत नदी के नाम पर जो साजिश धरातल पर हो रहा है, वो जमीन हड़पने नहीं, जमीर का कत्ल करने जैसा हैं. यह वाक्या धरहरा के सुमेरी पथरी मौजा में साफ दिखाई पड़ रहा है ।जगह -जगह पहाड़ की तलहट्टी से निकलने बाले प्राकृतिक जल स्त्रोत को भू माफिया बंद कर दिए है , मदरिया नदी को घेरने की जो साजिश चल रही है, वो सिर्फ जेसीबी की खुदाई नहीं, यह पूरी संस्कृति धरोहर को मटियामेट करने की एक सोची - समझी साजिश है। यह नदी जो पहाड़ियों से झरने के रूप मे निकलकर खेतों को हरियाली देती रही, अब भू-माफियाओं की चारदीवारी में कैद की जा रही है। पुलिस ने एक बार रोका, लेकिन महज 18 घंटे बाद फिर वही जेसीबी चल पड़ी। पुलिस और प्रशासन की खामोशी से जनता सवाल उठने लगे हैं कि यह लोकतंत्र है या ह्यभूमाफिया-तंत्रह्न ? बात साफ है.भू-माफिया अकेले यह खेल नहीं खेल सकता । प्रशासन की मौन स्वीकृति, राजनीतिक संरक्षण और सिस्टम की बेशर्मी के बिना यह मुमकिन नहीं है। शासन प्रशासन की खामोशी से नक्सल प्रभावित बंगलवा पंचायत के सैकड़ों किसानों ने नारा दिया है. ह्लमदरिया नदी बचेगी तो खेत बचेगा, खेत बचेगा तो गांव जिएगा!ह्व किसान मैदो यादव ,सूरज यादव सहित सैकडो.किसानो ने कहा कि ह्लयह नदी हमारी पहचान है, और हम अपनी पहचान जेसीबी के नीचे नहीं कुचलने देंगे।ह्व मदरिया सिर्फ नदी नहीं, गांवों की नस-नस में बहती पहचान है । सदियों से बह रही, यह नदी अब इतिहास के नक्शे से मिटने की कगार पर है. धरहरा प्रखंड के गांवों की खेती, पशुपालन और जलजीवन इसी पर निर्भर है. एक प्रचलित कहावत चर्चित है कि जब सत्ता बिक जाए, तो माफिया भगवान बन जाते हैं. क्षेत्रीय पंचायत प्रतिनिधि, स्थानीय विधायक सहित अधिकारी भी इस मामले में शिकायत मिलने के बाद भी चुप्पी साधे बैठे है. क्योंकि यहां सवाल सिर्फ नदी का नहीं,सवाल है सत्ता की नीयत का.ग्रामीणों ने कहा है कि अगर प्रशासन अब भी सोया रहा, तो अगली बार जेसीबी के सामने सिर्फ किसान नहीं, पूरा गांव दीवार बनकर खड़ा होगा। क्षेत्र के किसान शासन प्रशासन सहित पुलिस अधिकारियों से सवाल पूछ रहे हैं कि ह्व आखिर कब होगी ह्लकार्रवाई , तब होगी जब खेतों में दरारें पड़ जाएंगी और बच्चे पानी के लिए रोएंगे. इधर केके यूनिवर्सिटी के प्रोपराइटर रवि चौधरी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, जो सफल नहीं हो पाया.

**बोले, लड़ैयाटांड़ थानाध्यक्ष**

इस बाबत लड़ैयाटांड़ थानाध्यक्ष विभांशु शेखर भास्करम ने कहा कि

मामले की जांच होगी, कार्रवाई होगी.

**बोले,धरहरा वन क्षेत्र पदाधिकारी**

वनो के क्षेत्र पदाधिकारी जंगबहादुर राम ने कहा कि वनो की जमीन पर कब्जा होने की जांच की जाएगी.

**कहते है भूमि सुधार उपसमार्हता**

भूमि सुधार उपसमार्हता अन्नु कुमार ने कहा कि सरकारी जमीन की घेरने की जांच की जाऐगी ।

# बिहार में वित्तरहित शिक्षा नीति पर प्रशांत किशोर ने उठाया सवाल

## शिक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों को भी लेनी पड़ेगी जिम्मेदारी

**बिहार में समाप्त हो वित्तरहित शिक्षा नीति : पीके**

**प्रशांत किशोर ने कांग्रेस पर किया बड़ा हमला, बोले - बिहार में कांग्रेस लालू जी के राजद की झोला उठाने वाली पार्टी है, इनका बिहार में कोई वजूद नहीं है**

**प्रशांत किशोर का तेजस्वी यादव पर हमला, बोले - जब सरकार में थे तो ताड़ी को शराबबंदी से अलग क्यों नहीं किया, अब वोट के लिए लबनी लेकर घूम रहे हैं**



**मुंगेर।** जन सुराज के सूत्रधार आज एक दिवसीय दौरे पर मुंगेर पहुंचे। मुंगेर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने कांग्रेस पर बड़ा हमला करते हुए कहा कि बिहार में कांग्रेस का अपना कोई वजूद नहीं है। बिहार में कांग्रेस सिर्फ लालू जी की राजद का झोला ढोने वाली पार्टी है। महागठबंधन में कांग्रेस की कोई ताकत नहीं है। दिल्ली में चंद सांसदों के लालच में उन्होंने बिहार को लालू जी के हवाले कर दिया। बिहार में वित्तरहित शिक्षा नीति को समाप्त कर बिहार की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में प्रशांत किशोर ने कहा कि वर्तमान सरकार शिक्षा पर जो बजट तैयार कर रही है उसे महज खानापूर्ति के तहत खर्च किया जा रहा है। बिहार की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए बिहार में विभिन्न प्रकार की जो शिक्षा व्यवस्था है चाहे वह वित्त रहित शिक्षा व्यवस्था हो या अतिथि शिक्षकों के माध्यम से छात्रों को जो शिक्षा मुहैया कराई जा रही है, उसे समाप्त कर बिहार की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सकता है। बिहार के शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में शिक्षक के साथ-साथ बच्चों के अभिभावकों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। प्रशांत किशोर ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के शराबबंदी से ताड़ी को बाहर करने के ऐलान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जब शराबबंदी लागू की गई थी, तब राजद भी सरकार का हिस्सा थी। तब उन्हें पासी समाज की याद नहीं आई। तब उन्होंने शराबबंदी से ताड़ी को बाहर क्यों नहीं किया? अगर उस समय याद नहीं आया तो उसके बाद भी जब राजद को सरकार में रहने का मौका मिला था, तब उन्हें शराबबंदी से ताड़ी को बाहर कर देना चाहिए था। राजद को पासी समाज की कोई परवाह नहीं है, बिहार में अभी चुनाव है, इसीलिए उनके नेता लबनी लेकर घूम रहे हैं। प्रशांत किशोर ने बिहार के डबल इंजन सरकार पर शराबबंदी कानून को लेकर तंज कसते हुए कहा कि यदि बिहार की एनडीए सरकार को शराबबंदी कानून पूरी तरह से सफल लगती है तो केंद्र की एनडीए सरकार को इसे पूरे देश में लागू करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार में शराबबंदी कानून के तहत सिर्फ शराब की दुकानें बंद हुई है लेकिन शराब की बिक्री बंद नहीं हुई है। बिहार में शराब की होम डिलीवरी हो रही है और सरकार के समानांतर शराब माफिया का एक पूरा सिस्टम पूरे राज्य में डोर स्टेप डिलीवरी चैनल के माध्यम से शराब का एक बड़ा व्यवसाय चल रहा है। जिससे सरकार को नुकसान पहुंचने के साथ-साथ आम जनता को सीधा-सीधा नुकसान पहुंच रहा है।

# मजदूर दिवस पर विभिन्न रेलवे संगठनों द्वारा गठित एकता कमेटी ने मजदूरों के हितों के लिए भरी हुंकार



**जमालपुर।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के मौके पर गुरुवार को पूर्व रेलवे जमालपुर की ओर से विभिन्न रेलवे यूनियन तथा एसोशिएशन के अलावा अन्य मजदूर संगठनों द्वारा गठित एकता कमेटी ने मजदूरों के हितों के लिए रेलवे मंत्रालय के समक्ष जोरदार ढंग से अपनी मांग उठाई। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर देश के तमाम संगठित तथा गैर संगठित मजदूरों को समर्पित कार्यक्रम के तहत गुरुवार सुबह जमालपुर रेलवे स्टेशन से ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन जमालपुर कारखाना शाखा, पूर्व रेलवे एससी एसटी रेलवे एम्पलाइज एसोशिएशन, ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन ओपन लाइन शाखा, मुंगेर जमालपुर सफाई मजदूर यूनियन, एटक सहित अन्य मजदूर संगठनों की ओर से प्रभात फेरी सह जागरूकता रैली निकाली गई। प्रभात फेरी सह जागरूकता रैली के माध्यम से रेलवे यूनियन व विभिन्न मजदूर संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने मजदूरों की चट्टानी एकता को प्रदर्शित करते हुए संगठित तथा गैर संगठित मजदूरों के हक और अधिकार के लिए नारेबाजी भी की। रामपुर कॉलोनी, दौलतपुर कॉलोनी तथा ईस्ट कॉलोनी के विभिन्न हिस्सों से होते हुए रेल इंजन कारखाना जमालपुर के गेट संख्या-1 पर पहुंचकर प्रभात फेरी का समापन हुआ। कार्यक्रम के दूसरे चरण में गुरुवार शाम को रामपुर कॉलोनी टंकी मैदान परिसर में आम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन दीपक कुमार सिन्हा ने किया। आम सभा के आरंभ में काश्मीर के बैसरन घाटी मे आतंकी हमले मे मारे गए नागरिकों को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन धारण कर किया गया। जिसके उपरान्त शहीद वेदी पर माल्यार्पण कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। उदघाटन भाषण ऑल इण्डिया रेलवे मेंस फेडरेशन के सदस्य बीरेंद्र प्रसाद यादव ने दिया। उन्होंने ने कहा कि अमेरिका स्थित शिकागो के हे मार्केट मे हुए प्रदर्शन में पुलिस की गोली से मजदूरों की हत्या की गई। लेकिन मजदूरों की शहादत बेकार नहीं गई और पुरे विश्व मे काम करने के घंटे का निर्धारण किया गया। केंद्रीय पदाधिकारी अनिल प्रसाद यादव ने कहा कि पूर्व मे मजदूर अपने अधिकार के लिए संघर्ष करते आए हैं। और अपने अधिकार को हासिल किया है। आज भी सरकार से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष जारी है। संयुक्त सचिव गोपाल जी एवं कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि सरकार नई लेबर कोड को लागू कर मजदूरों को अब तक मिल रहे अधिकारों को छीनना चाहती है। सरकार का यह लेबर कोड देश के मजदूर वर्ग पर एक अत्याचार है, जिसे हम बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं इसके खिलाफ भी एक बड़े संघर्ष की आवश्यकता है। एआईआरपीडब्लूएफ के अध्यक्ष युगल प्रसाद यादव, पूर्व रेलवे एससी एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन जमालपुर शाखा के अध्यक्ष मुनेश्वर टुडू, ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन ओपन लाइन शाखा के भूतपूर्व केंद्रीय पदाधिकारी केडी यादव, एटक के मुरारी प्रसाद, महिला नेत्री नूतन देवी, मंजू श्रीवास्तव ने भी सभा को सम्बोधित करते हुए मजदूरों के हितों को लेकर अपनी बातें रखी। मजदूरों के हितों को लेकर तमाम संगठन आज एकत्रित होकर एकता कमेटी के रूप में हमारे उन मजदूर भाइयों के शहादत को याद किया जा रहा है जिन्होंने हमारे हक और अधिकार के लिए अपने जीवन को न्योछावर कर दिया। हमें उनके आदर्शों को आज के वर्तमान समय में भी जिंदा रखने के लिए लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। मुंगेर जमालपुर सफाई मजदूर यूनियन अध्यक्ष प्रमोद पासवान ने कहा कि आज सफाई मजदूर से सफाई का काम लिया जाता है लेकिन उन्हें उनके कार्य के मुताबिक उन्हें मजदूरी नहीं दिया जाता है। मजदूरों के लिए यह संगठन लगातार आवाज उठाती आ रही है। मौके पर भोला यादव, अभिमन्यु पासवान, संजय कुमार, रविशंकर कुमार, अभिषेक कुमार, ज्योतिष कुमार, देवानंद सागर, रेंडी कुमार, गणेश कुमार, रवींद्र यादव, रिजवान आलम, मो वहाब उद्दीन, धीरज कुमार, पंकज कुमार, अमित कुमार, मधु देवी, कविता कुमारी, प्रियंका कुमारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पुलिस संघ का 'नेता' फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट लगाकर 11 माह से ड्यूटी से फरार, सस्पेंड

## बालू के अवैध धंधा में शामिल होने की शिकायत पर एसपी ने कराई जांच तो खुल गई पोल

**रंजीत विद्यार्थी**

लखीसराय (मुंगेर) : मुंगेर प्रमंडल अंतर्गत लखीसराय जिला में एक सिपाही 11 महीने से फर्जी मेडिकल रिपोर्ट देकर ड्यूटी से गायब था. आरोप है कि वह सिपाही बालू तस्करी के धंधे में लिप्त है. जांच के बाद एसपी ने उसे सस्पेंड कर विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी है। लखीसराय जिला का यह सिपाही 11 महीने से बड़े-बड़े अधिकारियों को ठेंगा दिखा रहा था. फर्जी मेडिकल रिपोर्ट लगाकर लंबे समय से ड्यूटी से गायब रहकर बालू का अवैध धंधा कर रहा था. अवैध बालू के ओवर लोडेड गाड़ियों के पार कराने की सूचना पर जब पुलिस अधीक्षक ने जांच कराई तो पूरी पोल-पट्टी खुल गई. इसके बाद एसपी अजय कुमार ने आरोपी पुलिसकर्मी को सस्पेंड किया है.

**भोजपुर जिला ट्रक ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष की शिकायत पर हुई जांच**


भोजपुर जिला ट्रक ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय कुमार ने लखीसराय एसपी से शिकायत की थी. जिसमें कहा गया था कि लखीसराय जिला बल के सिपाही द्वारा चार पहिया वाहन में पुलिस के एक संघ के प्रदेश अध्यक्ष का बोर्ड लगाकर भोजपुर एवं अरवल जिला में अवैध बालू का कारोबार किया जा रहा है. ओवरलोडेड बालू गाड़ियों को एस्कॉर्ट कर वह सिपाही पार कराता है. लखीसराय जिला बल का वह सिपाही पिछले कई माह से मेडिकल अवकाश लेकर इस प्रकार का अवैध धंधा कर रहा है .

**जांच में 11 माह से मिले गायब**



शिकायत पर लखीसराय के पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने पुलिस केंद्र के पुलिस उपाधीक्षक से जांच कराई. जिसमें पाया गया कि उक्त सिपाही 11 माह पूर्व से ही ड्यूटी से गायब है. उक्त सिपाही के द्वारा स्वयं का इलाज पीएमसीएच पटना में करवाने का मेडिकल प्रमाण पत्र भेजा गया है. प्रमाण पत्र की सत्यता के लिए पुलिस अधीक्षक ने 21 मार्च 2025 को पीएमसीएच अधीक्षक को पत्र भेजा. 07 अप्रैल 2025 को पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित) खुद पीएमसीएच गए और कार्यालय सहायक राकेश कुमार से मिलकर सत्यापन प्रतिवेदन मांग किया. अस्पताल की पंजी एवं अभिलेख की जांच कर बताया गया कि उक्त सिपाही को पीएमसीएच पटना से ना तो कोई मेडिकल प्रमाण पत्र निर्गत किया गया है और नहीं भी इलाज के लिए भर्ती हुए हैं. लखीसराय एसपी ने इसके बाद पीएमसीएच के अधीक्षक इंद्र मोहन ठाकुर से संपर्क किया गया. उक्त सिपाही के इलाज एवं भर्ती के संबंध में पूछताछ की गई. जिसमें उन्होंने बताया कि उक्त अवधि में सिपाही नरेंद्र कुमार को न तो इलाज के लिए भर्ती किया गया है और न ही इलाज किया गया है.

# कपड़ा व्यवसायी के पुत्र दीपक हत्याकांड मामले में दो गिरफ्तार,रुपए लेनदेन मामले में घटना को अंजाम



**अररिया** ।जिले के फुलकाहा थाना क्षेत्र में 29 अप्रैल को कपड़ा व्यवसायी के 21 साल के पुत्र दीपक कुमार गुप्ता के खून से सने शव मिलने के मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने इन आरोपितों के पास से घटना में प्रयुक्त उजले रंग का ऑल्टो कार, एक मोटरसाईकिल, तालाब से मृतक का मोबाईल एवं ऑल्टो कार का खून लगा मैट तथा खून से सना गंजी एवं घटना में प्रयुक्त अवैध पिस्टल को बरामद किया है।दीपक की हत्या 50 हजार रुपए उधारी लेने और मांगने पर गाली गलौज करने के प्रतिशोध में की गई।जानकारी एसपी अंजनी कुमार ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर दी। एसपी ने बताया कि 29 अप्रैल को अचरा से नरपतगंज जाने वाली मुख्य सड़क के किनारे मध्य विद्यालय अनुसूचित मधुरा के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव पाया गया था, जिसकी पहचान फुलकाहा बाजार के अशोक कुमार गुप्ता के 21 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार गुप्ता के रूप में की गई। एसपी ने बताया कि घटना के एफएसएल की टीम को बुलाकर घटनास्थल की जांच कराई गई।मृतक के पिता अशोक कुमार गुप्ता के आवेदन के आधार पर अज्ञात अभियुक्त के विरूद्ध गोली मारकर हत्या करने के आरोप में फुलकाहा थाना में मामला दर्ज किया गया।घटना की गंभीरता को देखते हुए कांड के उद्भेदन एवं घटना में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतू डीएसपी हेडक्वार्टर फखरे आलम के नेतृत्व में थानाध्यक्ष फुलकाहा एवं डीआईयू टीम के साथ छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा तकनीकी अनुसंधान, सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन एवं प्राप्त सूचना पर फुलकाहा वार्ड संख्या पांच के अरूण कुमार साहा पिता स्व. कामेश्वरी प्रसाद साहा और मंजीत कुमार साहा पिता अरूण कुमार साह को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की,जिसके बाद पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त सफेद रंग की ऑल्टो कार, एक मोटरसाईकिल, तालाब से मृतक का गायब मोबाईल एवं ऑल्टो कार का खून लगा मैट तथा खून लगा गंजी एवं अवैध पिस्टल बरामद किया गया। घटना को लेकर मंजीत कुमार साहा ने पुलिस को बताया कि वह मृतक दीपक कुमार से पचास हजार रूप्या उधार लिये थे, उस बकाया रूपया को लेकर दीपक कुमार के द्वारा गाली-ग्लौज कर दिया गया था, उसी के आवेश में आकर इस घटना को अंजाम दिया। छापेमारी टीम में तकनीकी शाखा के प्रभारी मनोज कुमार,नरपतगंज थानाध्यक्ष कुमार विकास,बसमतिया थानाध्यक्ष अमर कुमार,फुलकाहा थानाध्यक्ष दीपक कुमार, एसआई गुलशन कुमार शामिल रहे।

## नाबालिग से रेप मामले में लापरवाही बरतने पर एसपी ने दारोगा पिंकी कुमारी को किया निलंबित

### अरेराज डीएसपी के जाँच रिपोर्ट पर हुई करवाई

पूर्वी चंपारण। जिले के हरसिद्धि थाना क्षेत्र के घिवाढार पंचायत के एक गाँव के नाबालिग से रेप मामले में पुलिस की घोर लापरवाही सामने आने के बाद एसपी स्वर्ण प्रभात ने बड़ी कार्रवाई की है। केस की अनुसंधानकर्ता दारोगा पिंकी कुमारी को एसपी ने निलंबित कर दिया है। वहीं पूरे मामले की जांच का जिम्मा अरेराज डीएसपी रंजन कुमार को सौंपा है। उल्लेखनीय है,कि बीते 27 अप्रैल को थाना क्षेत्र के एक गाँव मे एक लड़की के साथ रेप की घटना हुई थी। उसी दिन पीड़ित लड़की अपने माँ के साथ थाना पर जाकर आवेदन दिया, जिसमे लउकरिया गाँव के युवक सेराज को आरोपित किया लेकिन पुलिस जाँच के नाम पर दो दिन तक पीड़ित के घर नहीं पहुंची। पीड़ित परिजन इस दौरान दारोगा पिंकी कुमारी को फोन करते रहे। वह आने का आश्वासन देती रही। नहीं आने पर 29 अप्रैल को दोबारा थाने पहुंचकर केस दर्ज करने का दबाव बनाया। तब जाकर पुलिस ने मामला दर्ज किया और पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल भेजा। आरोप है कि मेडिकल में भेजने से पहले पुलिस ने परिजनों को डराने की भी कोशिश की और मेडिकल जांच के खर्च की बात कर मामले को दबाने का प्रयास किया। दारोगा पिंकी पीड़ित के परिजन को मोबाइल से फोन कर मेडिकल जाँच मे जाने के लिए लग्जरी गाड़ी लेकर आने का डिमांड की। स्कार्पिओ गाड़ी भाड़े पर ले जाने पर वह मेडिकल कराने 29 अप्रैल को गई। फिर कोर्ट मे जाने के लिए दारोगा ने लग्जरी गाड़ी का डिमांड किया। लेकिन पीड़ित गाड़ी नहीं ले गए। दारोगा व पीड़ित का ऑडियो वायरल हो गया। जिसकी जाँच एसपी ने कराने के बाद शुक्रवार को दारोगा पिंकी को निलंबित कर दिया। घटना के छह दिन बाद शुक्रवार को पुलिस की टीम पीड़िता के घर पहुंची। पीड़ित लड़की व परिजन से मामले की पूछताछ की। वहीं एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) की टीम ने भी छठे दिन पीड़िता के घर पहुंचकर साक्ष्य जुटाने की कोशिश की, लेकिन इतने दिन बाद घटनास्थल से सटीक साक्ष्य मिलना मुश्किल माना जा रहा है।इस मामले ने न केवल पुलिस की संवेदनहीनता को उजागर किया है बल्कि जांच प्रक्रिया की लापरवाही पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। छह दिन तक पीड़िता और उसके परिवार को इंसाफ के लिए भटकना पड़ा, वहीं आरोपी अब तक फरार है।ऐसा माना जा रहा है,कि एसपी की कार्रवाई के बाद मामले की निष्पक्ष जांच होगी और दोषी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## बिहार में स्वास्थ्य क्रांति, दो दशकों में हुआ ऐतिहासिक बदलाव

### 27,375 नये आशा कार्यकताओं और फैसिलिटेटरों की होगी नियुक्ति

पटना,। बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था ने बीते दो दशकों में एक लंबा सफर तय किया है। एक वक्त था, जब स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सीमित थी और मातृ-शिशु मृत्यु दर चिंताजनक स्तर पर थी लेकिन अब तस्वीर बदल चुकी है। सरकार की नीतियों, आशा कार्यकताओं की अथक मेहनत और जन-जागरूकता अभियानों के कारण आज बिहार देश के अग्रणी राज्यों की कतार में खड़ा नजर आ रहा है। बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने हाल ही में घोषणा की है कि अगले तीन महीनों में राज्य में 27,375 नये आशा कार्यकताओं और फैसिलिटेटरों की नियुक्ति की जाएगी। इनमें ग्रामीण क्षेत्रों में 21,009 आशा कार्यकर्ता, शहरी क्षेत्रों में 5,316 और 1,050 आशा फैसिलिटेटर शामिल हैं। इस अहम फैसले का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक जनसुलभ और प्रभावी बनाना है। वर्तमान में राज्य में 91,281 आशा कार्यकर्ता, 4,361 आशा फैसिलिटेटर और 5,111 ममता कार्यकर्ता कार्यरत हैं। ये सभी मातृ और शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, पोषण और अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के प्रसार में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

**सरकार की रणनीति और भविष्य की दिशा**

बिहार सरकार अब इस सुधार को और गति देने के लिए आशा नेटवर्क को और मजबूत बना रही है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने यह स्पष्ट किया है कि नई नियुक्तियों की प्रक्रिया ग्राम सभाओं और नगर निकायों के माध्यम से की जाएगी ताकि चयन स्थानीय जरूरतों के मुताबिक हो। फिलहाल वर्ष 2005 से वर्ष 2025 तक की यह यात्रा बिहार को स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जा रही है।

## जाति आधारित जनगणना के फैसले का श्रेय लेने के लिए राजद-कांग्रेस नेता बदहवास दिख रहे हैं : विजय चौधरी

**पटना,** । संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने आज पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जाति आधारित जनगणना के फैसले का श्रेय लेने के लिए राजद और कांग्रेस नेता बेचैन एवं बदहवास दिख रहे हैं। विजय चौधरी ने कहा कि शुरूआत में 2019 एवं 2020 में बिहार विधानसभा में दो बार सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित कर केंद्र से 2021 की जनगणना जातिगत आधार पर कराने का अनुरोध केंद्र सरकार से किया गया था। उस समय सरकार एन.डी.ए. की थी, फिर जब विधानसभा का सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री से इस हेतु मिला, उस समय भी एन.डी.ए. की ही सरकार थी। जब जून 2022 में सरकार ने मंत्रिपरिषद् से निर्णय लेकर अधिसूचना जारी की गई, उस समय भी सरकार एन.डी.ए. की ही थी, फिर राजद एवं कांग्रेस किस मुंह से श्रेय लेना चाह रहे हैं। मंत्री चौधरी ने कहा कि 2004 से 2014 तक केंद्र में यू.पी.ए. सरकार थी तो क्यों नहीं 2011 में जाति आधारित जनगणना कराने का निर्णय लिया ? दूसरी तरफ, राहुल गांधी यह भी नहीं समझते कि बिहार सरकार ने जितने सटीक एवं प्रामाणिक तरीके से जाति गणना करायी, उसके सामने तेलंगाना की पद्धति की विश्वसनीयता कहीं नहीं टिक पाती। पूरा देश इस तथ्य से परिचित है। राजद एवं कांग्रेसी नेताओं को किसी भ्रम में नहीं रहना चाहिए।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल "जनता तरक्की पार्टी" के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है/ पार्टी कार्यालयः ग्राम पोस्ट– सहसी, सहसी चौक से उत्तर (दिहुलिया), थाना अलौली, जिला–खगरिया, बिहार–848203, में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29 क के अधीन राजनीतिक दल के रुप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है–पार्टी के पदाधिकारियों के नाम/पता नीचे दिये गए हैं :–

अध्यक्ष : मो०. नेहाल आलम पुत्र मो०. शरीफ निवासी–115, सहसी सहसी खगरिया, बिहार–848203

महासचीव : इफ्तेखार पुत्र मो०. शरीफ निवासी–115, सहसी सहसी खगरिया, बिहार–848203

कोषाध्यक्ष : अब्दुस सलाम पुत्र मो०. शरीफ निवासी–115, सहसी सहसी खगरिया, बिहार–848203

यदि किसी को "जनता तरक्की पार्टी" के नाम से रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित (राजनीतिक दल) भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोका रोड, नई दिल्ली–110001 को इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनो के भीतर भेजे।

## अगले दशक में 100 अरब डॉलर का होगा भारतीय मीडिया और मनोरंजन उद्योग- मुकेश अंबानी

**एजेंसी**

**मुंबई।** रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी का मानना है कि अगले दशक तक भारतीय मीडिया और मनोरंजन उद्योग चार गुना की वृद्धि दर्जा कर सकता है। यानी 100 अरब डॉलर से अधिक का आकंड़ा छू सकता है। अभी यह बाजार करीब 28 अरब डॉलर का है। मुकेश अंबानी मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित हो रहे वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट 2025 में बोल रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत एक अग्रणी डिजिटल राष्ट्र बन गया है। कहानी कहने की कला और डिजिटल तकनीकों के मिश्रण ने भारत के मनोरंजन और सांस्कृतिक प्रभाव और पहुँच को बढ़ा दिया है।द्ध और इमर्सिव तकनीकों के उपकरण हमारी कहानियों को पहले से कहीं अधिक आकर्षक बना सकते हैं - और उन्हें तुरंत विभिन्न भाषाओं, देशों और संस्कृतियों के दर्शकों तक पहुँचा सकते हैं। मुझे विश्वास है कि भारत के सुपर-टैलेंटेड युवा वैश्विक मनोरंजन उद्योग पर राज करेंगे। पहलगाम में हाल ही में हुए बर्बर आतंकवादी हमले पर बोलते हुए मुकेश अंबानी ने कहा हम सभी पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। प्रधानमंत्री जी का कठिन परिस्थितियों में भी यहाँ आना एक मजबूत संदेश देता है। मोदी जी, शांति, न्याय और मानवता के दुश्मनों के खिलाफ इस लड़ाई में आपको 145 करोड़ भारतीयों का पूरा समर्थन है। भारत की जीत भी निश्चित है।

## एडोब की भारत की क्रिएटर अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की योजना

**मुंबई।** सूचना प्रौद्योगिकी विशेषकर सॉफ्टवेयर क्षेत्र की कंपनी एडोब ने सरकार के 'भारत में निर्माण करें, दुनिया के लिए निर्माण करें' दृष्टिकोण के साथ रणनीतिक पहलों की एक श्रृंखला की घोषणा की, जिसका उद्देश्य देश की तेजी से बढ़ती क्रिएटर इकॉनमी को सशक्त बनाना है। यह घोषणाएं विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) के उद्घाटन समारोह में की गईं, जहां एडोब ने वेव्स बाज़ार, भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईसीटी), टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) इंटरएक्टिव और एक्सेंचर के साथ नई साझेदारी का खुलासा किया, जो पूरे भारत में डिजिटल रचनात्मकता, कौशल और अपने उद्योग-अग्रणी उपकरणों तक पहुंच को आगे बढ़ाने पर केंद्रित है। डॉक्यूमेंट क्लाउड के लिए एडोब के कंट्री मैनेजर और वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिज्ञान मोदी ने कहा, भारत नवाचार और रचनात्मकता का एक वैश्विक पावरहाउस है। हम विश्व-अग्रणी प्रौद्योगिकी और स्थानीय पहलों के माध्यम से भारत की सृजनात्मक अर्थव्यवस्था के लिए अपने समर्थन में तेजी लाने के लिए उत्साहित हैं जो सभी के लिए रचनात्मकता को सक्षम बनाती हैं। तकनीकी परिवर्तन में भारत की अग्रणी भूमिका पर उन्होंने कहा कि देश मोबाइल, डिजिटल भुगतान, क्लाउड कंप्यूटिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता में अपने नेतृत्व के कारण एआई - संचालित रचनात्मक विकास में अच्छी स्थिति में है।

## 2019 के बाद से सीईओ का वेतन 50 और कर्मचारियों का महज 0.9 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारत में कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी यानी सीईओ का औसत वेतन सालाना 17 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जबकि वैश्विक सीईओ के औसत वेतन में 2019 के बाद से 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। असमानता का आलम यह है कि इसी दौरान कर्मचारियों का वेतन केवल 0.9 फीसदी ही बढ़ा है। ऑक्सफैम की जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि एक अरबपति एक घंटे में एक औसत कर्मचारी की पूरे साल की कमाई से अधिक आय अर्जित करता है। आयरलैंड और जर्मनी में सबसे अधिक वेतन पाने वाले सीईओ हैं। 2024 में इनका औसत वेतन क्रमशः 67 लाख डॉलर और 47 लाख डॉलर रहने का अनुमान है। दक्षिण अफ्रीका में सीईओ का औसत वेतन 2024 में 16 लाख डॉलर जबकि भारत में यह 20 लाख डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। ऑक्सफैम इंटरनेशनल के कार्यकारी निदेशक अमिताभ बेहर ने कहा, साल दर साल हम यही देखते हैं। सीईओ का वेतन आसमान छूता है, जबकि श्रमिकों के वेतन में कोई खास बढ़ोतरी नहीं होती। यह व्यवस्था ठीक उसी तरह काम कर रही है, जैसा कि इसे बनाया गया है। लाखों कामकाजी लोग किराया, भोजन और स्वास्थ्य सेवा का खर्च उठाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि अमीर और अमीर हो रहे हैं।

## देश में अब तक रिकॉर्ड 256.31 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने रबी विपणन सीजन 2025-26 के दौरान केंद्रीय पूल में अब तक 256.31 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है। यह पिछले साल के 205.41 लाख मीट्रिक टन से 24.78 फीसदी ज्यादा है। इस समय जिन प्रमुख राज्यों से खरीद हो रही है, उनमें उत्तर प्रदेश, पंजाब, मध्य प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा हैं। उत्तर प्रदेश में पिछले साल की तुलना में इस साल अधिक गेहूं खरीद हो रही है। इसमें अभी तक 7.55 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है, जो पिछली बार के 5.88 लाख मीट्रिक टन से कहीं ज्यादा है। पंजाब से 103.89 लाख मीट्रिक टन, मध्य प्रदेश से 67.57 एलएमटी, हरियाणा से 65.67 एलएमटी की खरीद हो चुकी है। राजस्थान से 11.44 एलएमटी की खरीद हुई है। खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि चालू रबी विपणन सत्र में अभी काफी वक्त है। इस बार देश केंद्रीय पूल के लिए गेहूं खरीद पिछले साल के आंकड़ों को काफी बड़े अंतर से पार करने की संभावना है।

# सर्राफा बाजार में गिरावट जारी, सोना और चांदी की घटी कीमत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में गिरावट का दौर लगातार जारी है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 95,510 रुपये से लेकर 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 87,600 रुपये से लेकर 87,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी आज गिरावट आई है, जिसके कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 87,750 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 95,510 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना




87,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 95,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 87,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 95,510 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 87,600 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 95,510 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 87,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 95,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 87,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 95,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 87,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित




**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर अमेरिकी क्रूड 0.12 प्रतिशत बढ़कर 59.31 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड 0.11 प्रतिशत की तेजी के साथ 62.20 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

# जीएसटी से भरा सरकार का खजाना, ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंचा जीएसटी कलेक्शन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** टैक्स कलेक्शन के मोर्चे पर आज अच्छी खबर आई। अप्रैल में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) का कलेक्शन सालाना आधार पर 12.6 प्रतिशत बढ़ कर 2.37 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। जीएसटी कलेक्शन का ये अभी तक का ऑल टाइम हाई लेवल है। जीएसटी कलेक्शन के आज जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले साल यानी 2024 के अप्रैल में जीएसटी कलेक्शन कुल 2.10 लाख करोड़ रुपये था। इसी तरह पिछले महीने यानी मार्च 2025 में कुल 1.96 लाख करोड़ रुपये का जीएसटी कलेक्शन हुआ था। अप्रैल में हुए जीएसटी कलेक्शन में घरेलू लेन-देन से मिलने वाली जीएसटी की राशि 10.7 प्रतिशत बढ़ कर लगभग 1.9 लाख करोड़ रुपये हो गई। वहीं, इंपोर्टेड गुड्स (आयातित सामान) से जीएसटी के रूप में मिलने वाला राजस्व 20.8 प्रतिशत बढ़कर 46,913 करोड़ रुपये हो गया। अगर रिफंड की बात की जाए तो पिछले महीने जारी किया गया




रिफंड भी 48.3 प्रतिशत बढ़ कर 27,341 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस रिफंड को एडजस्ट करने के बाद अप्रैल के महीने में हुआ शुद्ध जीएसटी कलेक्शन 9.1 प्रतिशत बढ़ कर 2.09 लाख करोड़ से अधिक हो गया। मार्च के महीने में भी जीएसटी कलेक्शन में फरवरी के मुकाबले करीब 10 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई थी, जिसके कारण मार्च का जीएसटी कलेक्शन 11 महीने के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि मार्च के महीने में रिफंड के बाद शुद्ध जीएसटी कलेक्शन में 9 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई थी।

# ईडी ने पिछले वित्त वर्ष में 30 हजार करोड़ से अधिक संपत्ति की कुर्क

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लगभग 30,036 करोड़ रुपये की संपत्ति अनंतिम रूप से कुर्क की है जो इससे पिछले वर्ष की तुलना में 141 प्रतिशत अधिक है। कुल मिलाकर 31 मार्च 2025 तक अनंतिम कुर्की के तहत संपत्ति का कुल मूल्य 1,54,594 करोड़ रुपये है।ईडी के स्थापना दिवस पर आज यहां आयोजित एक कार्यक्रम में वित्त मंत्री पंकज चौधरी ने ईडी की वार्षिक रिपोर्ट जारी की जिसमें यह बात कही गयी है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, लगभग 30,036 करोड़ रुपये की संपत्ति ईडी द्वारा अनंतिम रूप से कुर्क की गई है। 31 मार्च 2025 तक, अनंतिम कुर्की के तहत संपत्ति का कुल मूल्य 1,54,594 करोड़ रुपये था। अदालतों की मंजूरी से वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 30 मामलों में 15,261 करोड़ रुपये की प्रतिपूर्ति की गई। अगले साल इस प्रक्रिया में तेजी आने की संभावना है। पीएमएलए के प्रशासन के शुरुआती वर्षों में, ज्यादातर मामले नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों से संबंधित थे। मार्च 2014 तक, केवल 1,883 प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) पंजीकृत किए गए थे। अप्रैल 2014 और मार्च 2024 के बीच, प्रवर्तन गतिविधि में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसमें 5,113 पीएमएलए जांच शुरू की गई, औसतन 511 ईसीआईआर सालाना और 1,332 पीसी दायर किए गए। वित्त वर्ष 2024-25 में, 775 नई पीएमएलए जांच शुरू की गई, 333 पीसी दायर किए गए और विशेष रूप से 34 व्यक्तियों को दोषी ठहराया गया। ये परिणाम मनी लॉन्ड्रिंग के खिलाफ लड़ाई में निदेशालय की बढ़ी हुई क्षमता, प्रतिबद्धता और प्रभाव को दर्शाते हैं। आज तक, ईडी ने 1,739 मामलों में पीसी दायर किए हैं, जो वर्तमान में परीक्षण के विभिन्न चरणों में हैं। आज तक 47 मामलों में निर्णय दिए गए हैं। इस मौके पर श्री चौधरी ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन है कि कोई भी आर्थिक अपराधी आम और गरीब नागरिकों को उनके अधिकारों से वंचित न कर सके और इसके लिए रोकथाम के साथ-साथ यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि अपराधी को उचित सजा मिले। दोनों ही क्षेत्रों में प्रवर्तन निदेशालय की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।÷ उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे भारत विकसित भारत 2047 के विजन को प्राप्त करने की ओर अग्रसर हो रहा है, अर्थव्यवस्था और आर्थिक गतिविधियों का स्वरूप भी बदलेगा और जटिलताएं भी बढ़ेंगी, जिसके परिणामस्वरूप आर्थिक अपराधों की प्रकृति में भी बदलाव आ सकता है। राज्य मंत्री ने कहा विकसित भारत के विजन में स्वाभाविक रूप से सुरक्षित भारत का विजन शामिल है। आर्थिक रूप से सुरक्षित भारत में प्रवर्तन निदेशालय का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण होगा।

# एफपीआई ने फ्यूचर कॉन्ट्रैक्ट्स में बढ़ाया निवेश, बाजार में तेजी की संभावना बढ़ी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में फिलहाल उतार-चढ़ाव बना नजर आ रहा है। अप्रैल में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने जोरदार छलांग लगाई। वहीं कुछ मौकों पर दोनों सूचकांकों को बड़ी गिरावट का भी सामना करना पड़ा। इस उतार-चढ़ाव के बाद पिछले एक सप्ताह से शेयर बाजार सीमित दायरे में कारोबार करता नजर आ रहा है, जिसकी वजह से छोटे निवेशकों के सामने असमंजस की स्थिति बन गई है। दूसरी ओर, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने पिछले कुछ दिनों के दौरान बड़े पैमाने पर फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स में निवेश किया है। माना जा रहा है कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने जिस तरह बुलिश पोजीशन बनाना शुरू किया है, उससे शेयर बाजार आने वाले दिनों में बड़े अपसाइड ब्रेक आउट का बेस बनाता हुआ नजर आ सकता है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने पिछले दो सप्ताह के दौरान 97,938 फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स खरीदे हैं। इन आंकड़ों के आधार पर उम्मीद की जा रही है कि विदेशी निवेशकों को भारतीय बाजार में आने वाले दिनों में बुलिश मूवमेंट बनने की उम्मीद है।




डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) द्वारा डेरिवेटिव्स के अलावा कैश मार्केट में भी जमकर ट्रेडिंग की जा रही है। पिछले लगातार 10 कारोबारी दिनों में एफपीआई ने शुद्ध खरीदार (बायर) की भूमिका निभाते हुए 37,326 करोड़ रुपये का इन्वेस्टमेंट किया है। ये स्थिति तब बनी है, जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगातार अस्थिरता नजर आ रही है। धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी का कहना है कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने अप्रैल के महीने में आई तेजी को देखते हुए फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स में इन्वेस्टमेंट बढ़ा जरूर दिया है लेकिन छोटे निवेशकों को फिलहाल बड़ा निवेश करने की जगह बाजार की चाल पर अपनी नजर बनाए रखनी चाहिए। धामी का कहना है कि चौथी तिमाही के नतीजे में उतार-चढ़ाव जारी रहने की वजह से बाजार की चाल में भी उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। इसके साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था की अनिश्चितता और टैरिफ वॉर के डर की वजह से बाजार के सेंटिमेंट कभी भी नकारात्मक हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में छोटे निवेशकों को काफी सतर्क होकर अपनी निवेश योजना बनानी चाहिए, अन्यथा उन्हें बड़े नुकसान का सामना भी करना पड़ सकता है।

# हिन्दुस्तान कोका कोला होल्डिंग्स में हिस्सेदारी की जुबिलेंट बेवरेजेज की योजना को सीसीआई की मंजूरी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** जुबिलेंट बेवरेजेज लिमिटेड (जेबीएल) द्वारा हिन्दुस्तान कोका कोला होल्डिंग्स प्रा. लि. (एचसीसीएच) की 40 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने की योजना को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने मंजूरी दे दी है। सीसीआई की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार प्रस्तावित निवेश योजना में अन्य बातों के साथ-साथ जुबिलेंट बेवरेजेस ने हिंदुस्तान कोका-कोला ओवरसीज होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड और भारत कोका-कोला ओवरसीज होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड से एचसीसीएच की 40 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का प्रस्ताव किया है। जुबिलेंट बेवरेजेज लिमिटेड (जेबीएल) और जुबिलेंट बेवको लिमिटेड (बेवको) नई गठित इकाइयां हैं, जिन्होंने हाल ही में ग्राहकों के आर्डर के आधार पर रेडी टू कुक-ईट खाद्य वस्तुओं के व्यापार का व्यवसाय शुरू किया है। जेबीएल और बेवको जुबिलेंट भारतीय कंपनी समूह जुबिलेंट से जुड़ी है। यह समूह भारत में फार्मास्यूटिकल्स, अनुबंध अनुसंधान और विकास सेवाओं, मालिकाना नवीन दवाओं, जीवन विज्ञान सामग्री, कृषि उत्पादों आदि के कारोबार करता है।

एचसीसीएच अटलांटा के कोका कोला कंपनी समूह की भारत में पंजीकृत होल्डिंग कंपनी है और यहां कारोबार के लिए सहायक कंपनी एचसीसीबी चलाती है।

# चार साल के सबसे निचले स्तर पर पहुंचा क्रूड, अप्रैल में कच्चे तेल की कीमत में 16 प्रतिशत की गिरावट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** वैश्विक अर्थव्यवस्था को लेकर बनी अनिश्चितता और अमेरिका में मंदी आने की आशंका के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की कीमत पर लगातार दबाव बना हुआ है। इस दबाव के कारण अप्रैल में क्रूड ऑयल की कीमत में करीब 16 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। पिछले साढ़े तीन साल के दौरान क्रूड ऑयल की कीमत में आई ये सबसे बड़ी मासिक गिरावट है। कीमत में आई गिरावट की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल एक बार फिर 60 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से नीचे गिर गया है। भारतीय समय के मुताबिक आज शाम 4 बजे तक ब्रेंट क्रूड 59.52 डॉलर तक गिर गया था। इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड लुढ़क कर 56.58 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गया था। क्रूड ऑयल की कीमत पिछले 4 साल के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में क्रूड की कीमत में और भी गिरावट आ सकती है। इसकी एक बड़ी वजह तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक प्लस द्वारा कच्चे तेल के उत्पादन में बढ़ोतरी करने की घोषणा करना है। ओपेक प्लस देशों की 5 मई को महत्वपूर्ण बैठक होने वाली है, जिसमें क्रूड ऑयल के उत्पादन को बढ़ाने पर औपचारिक फैसला लिया जा सकता है। ओपेक प्लस देश की अगुवाई कर रहे सऊदी अरब ने इस बात के संकेत दिए हैं कि वो इंटरनेशनल ऑयल मार्केट को सपोर्ट करने के लिए उत्पादन में कटौती करने के पक्ष में नहीं है। इसके विपरीत, वो क्रूड ऑयल का उत्पादन बढ़ाने के पक्ष में है, ताकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपने हिस्सेदारी को मजबूत कर सके। सऊदी अरब और उसके जैसे ओपेक प्लस देशों का ये रवैया पहले की मार्केट स्ट्रेटजी के पूरी तरह से विपरीत है, जिसमें उत्पादन में कटौती करके क्रूड ऑयल की कीमत को बैलेंस करने की कोशिश की जाती थी। दावा किया जा रहा है कि सऊदी अरब समेत ओपेक प्लस के आठ सदस्य देशों ने क्रूड ऑयल का उत्पादन बढ़ाने के मुद्दे पर अपनी सहमति दे दी है। अब 5 मई को होने वाली बैठक में इस मुद्दे को औपचारिक फैसले के रूप में स्वीकार किया जा सकता है। क्रूड ऑयल के उत्पादन में होने वाली बढ़ोतरी और अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में टैरिफ वॉर को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण आने वाले दिनों में क्रूड ऑयल की कीमत में बड़ी गिरावट की आशंका जताई जा रही है। गोल्डमैन सैक्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर ओपेक प्लस देशों ने क्रूड ऑयल के उत्पादन में बढ़ोतरी की और ग्लोबल ट्रेड में टैरिफ को लेकर आगे भी तनाव बना रहा, तो क्रूड ऑयल की कीमत 40 डॉलर प्रति बैरल से भी नीचे जा सकती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में आई गिरावट भारत जैसे देशों के लिए राहत वाली खबर है।

# जीएसटी संग्रह में वृद्धि भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती का प्रतीक : सीतारमण

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस वर्ष अप्रैल में जीएसटी राजस्व संग्रह के रिकार्ड 2.36 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचने पर कहा कि ये आंकड़े भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और सहकारी संघवाद की प्रभावशीलता को दर्शाते हैं।श्रीमती सीतारमण ने एक्स पर जीएसटी व्यवस्था में विश्वास और योगदान देने वाले सभी करदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि उनका योगदान 'विकसित भारत' के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। राज्य के वित्त मंत्रियों और राज्य जीएसटी अधिकारियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं, जो भारत की जीएसटी व्यवस्था में समान भागीदार हैं। साथ ही उन्होंने केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के सभी



अधिकारियों के प्रयासों की भी सराहना की है। उल्लेखनीय है कि अप्रैल 2025 के लिए कुल जीएसटी संग्रह 2.36 लाख करोड़ रुपये रहा, जो अप्रैल 2024 के कुल संग्रह 2.10 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 12.6 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल 2025 के लिए शुद्ध जीएसटी संग्रह 2.09 लाख करोड़ रहा, जो अप्रैल 2024 के शुद्ध संग्रह 1.92 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 9.1 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

# अप्रैल में कोयला उत्पादन में 3.63 प्रतिशत की वृद्धि

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत के कोयला उत्पादन अप्रैल 2025 में पिछले वर्ष की इसी माह की तुलना में 3.63 प्रतिशत ऊंचा रहा। कोयला मंत्रालय की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल में कोयल उत्पादन करीब 8.16 करोड़ टन (अनंतिम) रहा



जबकि पिछले वर्ष इस माह उत्पादन 7.87 करोड़ टन था। इस बार अप्रैल में कैप्टिव/अन्य संस्थाओं की खदानों से उत्पादन उल्लेखनीय वृद्धि के साथ 1.45 करोड़ टन (अनंतिम) रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में करीब 1.15 करोड़ टन था। अप्रैल में कोयले का डिस्पैच 8.66 करोड़ टन रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष इसी माह 8.51 करोड़ टन था। विज्ञप्ति में कहा गया है कि 30 अप्रैल को कोयला कंपनियों के पास कोयले का संरक्षित कोयला भंडार उल्लेखनीय बढ़ोतरी के साथ 12.58 के करीब था जो कि पिछले साल इसी तिथि पर 10.24 करोड़ टन था। इस दौरान सिर्फ कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के पास कुल कोयला स्टॉक 10.5 करोड़ टन था, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 8.66 करोड़ टन से 22.10 प्रतशत ज्यादा है।

# छोटे शहरों की महिला उद्यमी अपने कौशल को निखारकर व्यवसाय बढ़ाने के लिए उत्सुक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत के टियर 2, 3 और छोटे शहरों की महिला उद्यमियों में एक नई ऊर्जा और महत्वाकांक्षा दिखाई दे रही है। वे न केवल डिजिटल रूप से जागरूक हैं, बल्कि अपने व्यवसाय को विस्तार देने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। लेकिन वित्तीय संसाधनों, कारोबारी नेटवर्क और सार्वजनिक पहचान की कमी उनके रास्ते में अब भी बड़ी रुकावट बनी हुई है। टाइड द्वारा जारी भारत वुमन एस्पिरेशन इंडेक्स 2025 के अनुसार, 70 प्रतिशत महिला उद्यमी वित्तीय, विपणन और डिजिटल कौशल को बेहतर बनाकर अपने व्यवसाय को आगे ले जाना चाहती हैं। महिलाएं अब आत्मनिर्भरता की दिशा में गंभीरता से कदम उठा रही हैं। हालांकि, इन आकांक्षाओं के बावजूद, चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 86 प्रतिशत महिलाएं किसी व्यावसायिक नेटवर्क से जुड़ी नहीं हैं, जिससे उन्हें मार्गदर्शन और सहयोग की



बहुत सीमित पहुँच मिलती है। वहीं, 52 प्रतिशत महिलाओं को अब भी ऋण प्राप्त करने के लिए परिवार के पुरुष सदस्य की मदद लेनी पड़ती है। 49 प्रतिशत महिलाओं को यह भी लगता है कि उन्हें सार्वजनिक मंचों और मीडिया में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिलता।

टाइड ने गैर-मेट्रो शहरों में 1,300 से अधिक नई और मौजूदा महिला व्यवसाय मालिकों का सर्वे किया। इनकी उम्र 18 से 55 साल के बीच थी। इस अध्ययन में भारत के टियर 2, 3 और उससे छोटे शहरों की महिला उद्यमियों की आकांक्षाओं और चुनौतियों को समझने की कोशिश की गई है, ताकि उनके सामने आने वाले अवसरों और चुनौतियों के बारे में पता लगा सकें।

रिपोर्ट के अनुसार 52 प्रतिशत महिलाएं रिटेल, ई-कॉमर्स, एडटेक जैसे डिजिटल रूप से घरेलू क्षेत्रों में काम करती हैं। केवल 12 प्रतिशत यानी हर 10 में से 1 से थोड़ा अधिक ने डिजिटल कौशल को प्रमुख प्राथमिकता माना जो उद्योग की जरूरतों और आत्मधारणा के बीच असंगति को दर्शाता है। 54 प्रतिशत महिलाओं को लगता है कि वित्तीय संस्थान उन्हें कम विश्वसनीय मानते हैं। 90 प्रतिशत व्यवसायों को जेन ज़ी और मिलेनियल उद्यमी चला रही हैं, जिनमें 83 प्रतिशत टियर 2 और उससे छोटे शहरों से हैं। इससे यह पता चलता है कि छोटे भारतीय शहरों से अधिक महिला उद्यमी सामने आ रही हैं।

## मजदूर दिवस पर गोह बाजार में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का जुलूस,

### सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



रिपोर्ट – अमरेन्द्र कुमार सिंह

गोह (औरंगाबाद) अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के बैनर तले गोह अंचल में एक विशाल जुलूस का आयोजन किया गया। यह जुलूस गोह बाजार में निकाला गया, जिसमें पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। जुलूस का नेतृत्व पार्टी के स्थानीय नेताओं ने किया, जो लाल झंडा लिए हुए मजदूरों के हक और अधिकारों की आवाज बुलंद कर रहे थे। कार्यकर्ताओं ने हाथों में बैनर और पोस्टर लिए हुए ₹शहीदों को लाल सलाम₹, ₹मजदूर एकता जिंदाबाद₹, और ₹पूंजीवाद मुदार्बाद₹ जैसे नारे लगाए। इस अवसर पर कम्युनिस्ट कार्यकर्ताओं ने 1886 के शिकागो आंदोलन के शहीद मजदूरों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को सलाम किया। जुलूस के दौरान अंचल मंत्री सुरेश प्रसाद यादव ने कहा कि आज भी मजदूरों को उनके हक और अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। सरकारी नीतियां मजदूर विरोधी बनती जा रही हैं, और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की हालत बद से बदतर होती जा रही है। ऐसे में मजदूरों को संगठित होकर अपने अधिकारों की लड़ाई को और तेज करना होगा। पार्टी नेताओं ने कहा कि मजदूर दिवस केवल एक रस्म नहीं, बल्कि एक संघर्ष की याद है – उस संघर्ष की जो आठ घंटे के काम, बेहतर मजदूरी और मानवीय अधिकारों के लिए लड़ा गया था। उन्होंने मजदूर वर्ग से अपील की कि वे अपने हक की लड़ाई को और मजबूती से लड़ें और सामाजिक न्याय व समानता के आंदोलन को गति दें। यह आयोजन पूरी तरह शांतिपूर्ण और अनुशासित रहा। गोह बाजार में यह जुलूस मजदूर एकता और सामूहिक चेतना का प्रतीक बन गया, जिससे स्थानीय जनता में भी जागरूकता का संदेश गया।

## अनुग्रह स्कूल परिवार ने विद्यालय की पूर्व शिक्षिका अनीता सिन्हा के निधन पर जताया शोक



रिपोर्ट – प्रमोद कुमार सिंह

औरंगाबाद :- जिला मुख्यालय स्थित अनुग्रह मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह की अध्यक्षता में विद्यालय में नब्बे के दशक में कुशल अध्यापिका के रूप में शिक्षण सेवा प्रदान कर चुकी अनीता सिन्हा के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया एवं एक मिनट का मौन रखकर अध्यापकों सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किए.प्रधानाध्यापक ने बताया कि जिले के चर्चित शिक्षाविद प्रोफेसर टी एन सिन्हा की पत्नी अनीता सिन्हा का निधन अस्सी वर्ष की अवस्था में पिछले गुरुवार को हुआ था। वह अनुग्रह स्कूल में तत्कालीन हेडमास्टर रहे स्वर्गीय शिवजादिक बाबू एवं स्वर्गीय राजेंद्र बाबू के कार्यकाल में उत्कृष्ट सेवा प्रदान की थीं। प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने कहा कि अनुग्रह स्कूल में अध्यापन के क्रम में ही विभागीय प्रोन्नति प्राप्त कर जिला मुख्यालय स्थित गर्ल्स हाइ स्कूल में प्रकारांतर में पदस्थापित हो गई थीं जहां से वह 2006 में सेवानिवृत हो गयी थीं। प्राचार्य ने उन्हें बेहद आदर्श शिक्षिका के रूप में याद किया एवं कहा कि उनकी विनम्रता, सरलता एवं मुस्कुराता चेहरा उन्हें बच्चों से आत्मीयता के साथ कनेक्ट करता था जो बच्चों के अधिगम को प्रभावपूर्ण बनाता था।

## करमडीह पंचमुखी हनुमान प्रतिष्ठात्मक निमित्त सूर्य कुंड पर की गयी जलभरी

रिपोर्ट – प्रमोद कुमार सिंह



औरंगाबाद :- श्री बालाजी सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा देव प्रखंड के करमडीह ग्राम में श्री श्री पंचमुमुखी हनुमान प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ का आयोजन 2 मई से 8 मई तक का आयोजन 'िया जा रहा है ' इस निमित्त आज करमडीह ग्राम से हजारों की संख्या में देव सूर्यकुण्ड से जलभरी कर कलश शोभा यात्रा का आयोजन किया गया ' समाजसेवी चन्दन सिंह एवं मुन्ना पाठक जी के द्वारा कलश शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए राधा कृष्ण, शंकर, पार्वती, श्री गणेश, हनुमान जी एवं काली जी की शोभायात्रा का आयोजन किया गया ' झांकी की आकर्षक नृत्य से देव की धरती भक्तिमय हो गया ' ट्रस्ट के विद्वान सदस्यों नें बताया की पंचमुखी हनुमान जी की स्थापना के लाभ बतायें और कहें की यह घर को नकारात्मक ऊर्जा से बचाता है.यह वास्तु दोष को दूर करता है. यह घर में सुख, शांति और समृद्धि लाता है.यह सभी प्रकार के डर और बाधाओं से छुटकारा दिलाता है. यज्ञ निमित्त प्रत्येक दिन भक्तिमय कार्यक्रम किया जायेगा जिसमे यज्ञ कर्ता के रूप में पीठाधिश्वर कृष्ण आध्यात्म आश्रम स्वामी कृष्ण मोहनानंद, प्रवचन कर्ता पूज्य रौशनी शास्त्री,सांस्कृतिक कार्यक्रम में राकेश मिश्रा,निशा उपाध्याय,शिवानी सिंह,भोजपुरी गायिका देवी जी,खुशी कक्कड़,आर्यन बाबू,ईश्वरत जहाँ,धनंजय शर्मा अपना योगदान देंगे ' श्री बालाजी सेवा ट्रस्ट के आयोजन कर्ता चन्दन सिंह नें सभी सदस्यों को सलाह दी की साधना करते समय ब्रह्मचर्य का पालन करें। हनुमान जी बहुत ही उग्र एवं त्वरित फल देने वाले देवता हैं इसलिए इनकी साधना में विशेष सावधानी की आवश्यकता होती है।

## किसान पर टूटा बज्रपात का कहर,



**नवादा,** । जिले में सिरदला प्रखंड क्षेत्र के परनाडाबर थाना क्षेत्र के बनिया डीह गांव में शुक्रवार को करीब एक बजे दोपहर में तेज बारिश व गर्जन के साथ वज्रपात की घटना हुई, जिसमें गांव के किसान विशुन यादव के पुत्र देवेंद्र प्रसाद के पांच दुधारू गाय व भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पीड़ित किसान परिवार के सदस्यों में मातम पसर गया। इस संबंध में पीड़ित किसान ने बताया कि सभी पशुओं को रोज की तरह गाय व भैंस को चराने के लिए बधार की तरफ ले गए । उसी क्रम में तेज बारिश व गर्जन के साथ वज्रपात की घटना हो गई। जिसमें मौके पर गाय व भैंस कुल पांच की मौत हो गई। पीड़ित किसान ने परनाडाबर थाना अध्यक्ष नवनीत कुमार को आवेदन दे कर सूचना दिया है,इधर मामले को लेकर मुखिया पति राजकुमार यादव ने पीड़ित किसान परिवार को सरकारी सहायता मुआवजा दिलाने की मांग प्रशासन से की है।

# रेल से करें चार धाम की यात्रा

## चार धाम यात्रा के लिए चलाई जा रही भारत गौरव डीलक्स ट्रेन

**नई दिल्ली** बद्रीनाथ, जगन्नाथ पुरी, रामेश्वरम और द्वारका देश की चार दिशाओं में अवस्थित चार ऐसे धाम हैं जहां की यात्रा करना हर भारतीय की चाहत होती है। देश के इन चारों धाम की यात्रा रेल से कर पाना संभव है। इसके लिए भारतीय रेल द्वारा भारत गौरव डीलक्स टूरिस्ट ट्रेन चलाई जा रही है। भारतीय रेल द्वारा इससे पहले भी दो बार चारों धाम को जोड़ने के लिए भारत गौरव डीलक्स टूरिस्ट ट्रेन चलाई जा चुकी है। इस वर्ष दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से 27 मई को 17 दिवसीय चारों धाम भारत गौरव डीलक्स यात्रा की शुरूआत होगी। इसके तहत बद्रीनाथ, माना गांव, नरसिंह मंदिर, जोशीमठ, ऋषिकेश, जगन्नाथ मंदिर, पुरी समुद्र तट, कोणार्क सूर्य मंदिर, चंद्रभागा समुद्र तट, रामेश्वरम में रामनाथ स्वामी मंदिर और धनुषकोड़ी तथा द्वारका में द्वारकाधीश मंदिर, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग तथा भेंट द्वारका जैसी जगहों का भ्रमण कराया जाएगा। इस यात्रा में जाने वाले यात्रियों को वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर, पुणे में भीमशंकर मंदिर और नासिक में त्रंबकेश्वर मंदिर का भ्रमण भी कराया जाएगा। 17 दिनों की यात्रा के दौरान सभी भक्त 8425 किलोमीटर की यात्रा करेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन में कई आधुनिक आरामदायक फीचर जोड़े गए हैं जिसमें दो डायनिंग रेस्टोरेंट, एक मॉडर्न किचन और स्नान के लिए क्यूबिक स्नानघर शामिल हैं। सभी कोच में बायो टॉयलेट युक्त वॉशरूम की व्यवस्था की गई है। यात्रियों की सहूलियत के लिए फुटमसाजर भी लगाए गए हैं। पूरी तरह से वातानुकूलित इस ट्रेन में फर्स्ट एसी, सेकंड एसी और थर्ड एसी में टिकट बुक कराई जा सकती है। ट्रेन में यात्रियों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे और सिक्योरिटी गार्ड की व्यवस्था भी की गई है। इस ट्रेन का संचालन भारतीय रेल कैटरिंग एवं टूरिज्म कारपोरेशन के माध्यम से किया जाएगा।टिकटों की बिक्री भी आईआरसीटीसी के वेबसाइट से ही की जाएगी। इसके लिए एक पैकेज रेट का निर्धारण किया गया है जिसमें जर्नी टिकट के साथ-साथ तीन सितारा होटल में रहने, तीनों टाइम का भोजन, साइटसींइग की पूरी व्यवस्था, ट्रैवल इंश्योरेंस और टूर मैनेजर की सेवा शामिल है। इस ट्रेन में बुकिंग के लिए 150 सीटें उपलब्ध है जिसे पहले आओ,पहले पाओ आधार पर बुक किया जाएगा। ट्रेन के संबंध में विस्तृत जानकारी भारतीय रेल कैटरिंग एवं टूरिज्म कारपोरेशन के वेबसाइट पर तथा उनके वेब पोर्टल पर उपलब्ध है। भारतीय रेल के कार्यकारी निदेशक सूचना एवं प्रचार दिलीप कुमार ने बताया कि देश के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों को जोड़ने के उद्देश्य से भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन का परिचालन किया जाता है। इन ट्रेनों के संचालन से विभिन्न धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान का भ्रमण कर पाना आसान हुआ है।

## राजगीर खेल विश्वविद्यालय को विजन कथन एवं मिशन कथन को मिली मंजूरी

**नालंदा,** । बिहार खेल विश्वविद्यालय की ओर से राजगीर में राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् के बीच समझौता ज्ञापन पर सहमति प्रदान की गई है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं कार्य परिषद् के सदस्य सचिव रजनी कांत के द्वारा खेल विभाग बिहार सरकार के प्रथम कार्य परिषद् के गठन संबंधी जानकारी भी दी गई है ।इस गठन में कार्य परिषद् ने परिषद् के सभी सदस्यों को विश्वविद्यालय के विकास हेतु सुझाव देने के लिए आमंत्रित भी किया गया है। इस मौके पर कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय के त्वरित विकास हेतु आधारभूत संरचनाओं में सुधार किया जाना आवश्यक है ताकि आवासीय पाठ्यक्रमों को संचालित किया जा सके,जिसके लिए विश्वविद्यालय के विजन एवं मिशन कथन को मंजूरी दी गयी है। इस विजन कथन के अनुसार बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर को शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान में विश्व स्तरीय खेल विश्वविद्यालय के रूप में तैयार किया जाना है ताकि शिक्षाविदों, शोधार्थियों, खिलाडियों एवं विद्यार्थियों के लिए यह विश्वविद्यालय सर्वोत्तम विकल्प हो सके। कार्यपरिषद् ने बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर एवं राज्य शिक्षा एवं शोध परिषद्, बिहार, पटना के बीच समझौता ज्ञापन पर भी अपनी सहमति दी। इसमें एमओयू के अनुसार बिहार खेल विश्वविद्यालय राजगीर द्वारा बिहार राज्य अंतर्गत शारीरिक शिक्षा विषय में कार्यरत शिक्षकों एवं व्याख्याताओं को रिफ्रेशर कोर्स के माध्यम से शारीरिक शिक्षा के आधुनिक पाठ्यक्रम का ज्ञान एवं अनुप्रयोग संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा ।साथ ही चदन कुमार डॉ० रवि कुमार सिंह, रौशन कुमार एवं अजीत कुमार को परामर्शी के पद पर तथा ब्रजेश कुमार पाण्डेय एवं यश राज को प्रशाखा पदाधिकारी के पद पर नियुक्ति की भी सम्पुष्टि की गई है।

## लाल झंडा ही करेगा धर्म और धार्मिक संपत्तियों की रक्षा: शत्रुघ्न प्रसाद सिंह

### वक्फ बिल के खिलाफ साहेबपुरकमाल में भाकपा और माकपा ने दिया धरना

पूजा सिंह




साहेबपुरकमाल, बेगूसराय ।शुक्रवार को भाकपा और माकपा के कार्यकर्ताओं ने वक्फ बिल के खिलाफ प्रखंड मुख्यालय में विशाल धरना कार्यक्रम का आयोजन कर भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाकपा नेत्री ललिता कुमारी ने की। इस मौके पर जनसमूह को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद सह कद्दावर कम्युनिस्ट नेता शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने आतंकवादी घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए सरकार से मांग की कि वह आतंकवादियों के खिलाफ अविलंब कार्रवाई करे। श्री सिंह ने कहा कि वक्फ अधिनियम 2025 में व्यापक खामी रहने के कारण ही माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा रोक लगा दिया गया, जिसकी 5 अप्रैल को पुनः सुनवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह लाल झंडा ही धर्म तथा धार्मिक संपत्तियों की रक्षा के लिए शुरू से आज तक संघर्ष करते आ रही है। हमारी पार्टी के महासचिव डी राजा ही उक्त कानून के खिलाफ पेटीशनर बने थे। आज भारत सरकार आतंकवादियों की घटनाओं से ध्यान भटकाने के लिए जातिगत गणना की बात कर रही है ।उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि प्राकृतिक प्रकोप के कारण किसानों को हुई फसल क्षति के एवज में उन्हें प्रति एकड़ पच्चीस हजार रुपए का अतिशीघ्र भुगतान किया जाए। कम्युनिस्ट नेता प्रताप नारायण सिंह ने वक्फ बोर्ड अधिनियम 2025 के खिलाफ हो रहे जनांदोलन को देशहित में आवश्यक बताया। उन्होंने समुचित बिजली की व्यवस्था तथा पावर ग्रिड चार्जर का पोल बदलने की भी मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि अमित शाह और मोदी की सरकार अभी तक आतंकवादियों को सजा देने में असफल रही है। पूर्व प्रमुख मनोज कुमार ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का बनाया संविधान आज खतरे में है। हम कम्युनिस्टों की जिम्मेवारी है कि संविधान की रक्षा करें। उन्होंने जातिगत जनगणना का स्वागत करते हुए चिंता भी व्यक्त किया और कहा कि कहीं यह भी मोदी का जुमला ही साबित न हो जाए। मौके पर विद्यानंद यादव, अंजनी कुमार सिंह, दुलीचंद यादव, रामकुमार सिंह, सरफराज आलम, मोहम्मद रिया उल हक, राजेश कुमार सुमन, मोहम्मद नौशाद, गोपाल पोद्दार, महेंद्र यादव, शंकर यादव, राम रसिक राम, गणेश चौधरी, गुलाम बक्शी, सिकंदर आलम, गयाश मंसूरी, सकलदेव चौधरी, मनोज पासवान, कपिलदेव महतो, राम प्रकाश शर्मा, देवकी देवी, सुनीता देवी, अनीता देवी, आशा देवी, सरिता देवी, शीला देवी, खुशबू देवी, बुलंदी देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पूर्व सांसद वीरेन्द्र कुमार सिंह का नबीनगर विधानसभा क्षेत्र में लगातार जारी है ग्राम संपर्क यात्रा

रिपोर्ट– प्रमोद कुमार सिंह



औरंगाबाद। पूर्व सांसद वीरेन्द्र कुमार सिंह का नबीनगर विधानसभा क्षेत्र में लगातार जारी है ग्राम संपर्क यात्रा। जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों से बातचीत करते हुए पूर्व सांसद वीरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि बिजली, शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने एवं बिहार के विकास और आम जनता की बेहतरी के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार के विकास के वाहक हैं। उनके कुशल नेतृत्व में बिहार देश का अग्रणी विकसित राज्य बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से बिहार का भरपूर विकास किया। उनके अथक मेहनत से पिछले 20 वर्षों में बिहार का कुल बजट 13 गुना बढ़ा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार की खासियतों, विरासतों को संजीदगी के साथ पूरी मजबूती से विश्व पटल पर उजागर किया। उन्होंने कृषि रोड मैप लागू किया जिससे राज्य में फसलों की पैदावार में भारी वृद्धि हुई है। यह बातें औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह ने शुक्रवार को ग्राम संपर्क यात्रा के दौरान कही। बारून के प्रखंड अध्यक्ष उपेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि पूर्व सांसद नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत बारून में ग्राम संपर्क यात्रा किए। उन्होंने गोवर्धनपुर, बिलासपुर, बरन बीघा, बरुआ पुल, मस्तूल बारुण, बारूनगंज, छक्कन बीघा, नरचाही बनकट (रिउर), चंदर बीघा, नागेश्वरपुर, मोहनगंज, बारून बाजार, चौधरी मोहल्ला सामुदायिक भवन, औघड़ बाबा एवं कुम्हार टोली गांव में ग्राम संपर्क यात्रा किया। इस दौरान पूर्व सांसद ने वहां के ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। साथ ही समस्या का समाधान करने का भी आश्वासन दिया। वहीं जगहझजगह ग्रामीणों ने भी पूर्व सांसद का माला पहना कर स्वागत किया। यात्रा में जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह, पूर्व राज्य परिषद सदस्य अनिल कुमार यादव, पैक्स अध्यक्ष केदार यादव, जिला उपाध्यक्ष विभूति नारायण पांडे, किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, पंचायत अध्यक्ष पिंटू यादव, पप्पू विश्वकर्मा, डॉ हीरालाल, रामप्रवेश सिंह आदि उपस्थित रहे। पूर्व सांसद की ग्राम संपर्क यात्रा को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## विष्णु धाम का विशेष दिन गुरुवार दर्शन करने से मिलती खुशियां अपार


रिपोर्ट – प्रमोद कुमार सिंह



औरंगाबाद :- जिला मुख्यालय के स्थित जम्होर थाना अंतर्गत मोक्षदायिनी पुनपुन एवं पुण्यदायिनी बटाने के पावन संगम तट पर अवस्थित प्रसिद्ध तीर्थ स्थल विष्णु धाम के प्रांगण में न्यास समिति एवं विष्णु धाम महोत्सव आयोजन समिति के संयुक्त तत्वाधान में विष्णु धाम का पवित्र दिन गुरुवार के मौके पर विशेष पूजा अर्चना की गई ।मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बारुण के प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज अग्रवाल की गरिमामई उपस्थिति रही। विष्णु धाम महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह,विधायक प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह,वर्तमान महंत बालकानंद ब्रह्मचारी, न्यास समिति के सचिव उपेंद्र सिंह,कोषाध्यक्ष पूर्व मुखिया सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता,पंचायत समिति सदस्य अनिल अग्रवाल द्वारा विष्णु धाम के विकास के लिए मुख्य अतिथि को प्रतिवेदन स्वरूप कहा गया कि यह प्राकृतिक सुषमा से आच्छादित पर्यटन के सभी मानकों को पूरा करने वाला सनातनी परंपरा का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है। यदि इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाता है तो आने वाले भविष्य में यह औरंगाबाद जिले के प्रमुख तीर्थ स्थलों में शुमार होगी। आचार्य छोटेलाल गौड़ द्वारा पंचोपचार विधि से विष्णु धाम के प्रांगण में मुख्य अतिथि के सान्निध्य में विशेष पूजा अर्चना कराई गई। मुख्य अतिथि को विष्णु धाम का दर्शन कराया गया ।विष्णु धाम का दर्शन कर मुख्य अतिथि अभिभूत हो गए। मौके पर संजय गुप्ता,कुंदन सिंह सोनू,राजीव कुमार बबलू,राणा सुनील सिंह,अधिवक्ता राम पुकार ओझा,मधुसूदन त्रिवेदी,गायत्री शक्तिपीठ के संयोजक अशोक प्रसाद शौंडिक, वरिष्ठ शिक्षक अनिल कुमार सिंह, जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी सहित अन्य लोगों ने बताया कि औरंगाबाद एवं बारुण प्रखंड के सीमा पर अवस्थित विष्णु धाम सैंकड़ों वर्ष प्राचीन परमहंस संत खाकी बाबा द्वारा स्थापित वैष्णवी परंपरा का महान तीर्थ स्थल है। पुनपुन के प्रथम संगम तट पर अवस्थित होने के कारण इसकी महता को शास्त्रों में भी वर्णित किया गया है ।गया तीर्थ के प्रथम द्वार के साथ-साथ प्रथम पिंड स्थल के रूप में भी इस स्थल को जाना जाता है यदि इस स्थल को विकसित कर दिया जाता है तो जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से इसकी एक विशेष पहचान होगी ।मौके पर जनेश्वर पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।

## कोसी नदी के बुढ़वा घाट पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण को मिली तकनीकी स्वीकृति

### इसी वित्तीय वर्ष में पुल निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी होने की संभावना रंजीत विद्यार्थी



खगड़िया (मुंगेर) : सौंक और तीनगछिया के बीच कोसी नदी के बुढ़वा घाट पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण की तकनीकी स्वीकृति मिल गई है। यह जानकारी सदर विधायक छत्रपति यादव ने दी है। मालूम हो कि यह पुल खगड़िया जिले के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। बुढ़वा घाट पर पुल निर्माण के बाद फरकिया की बड़ी आबादी को इससे फायदा होगा और जिला मुख्यालय का सफर उनके लिए आसान हो जाएगा। इसके साथ ही लोगों का समय भी बचेगा।

**लंबे समय से स्थानीय लोग कर रहे थे पुल निर्माण की मांग**

खगड़िया के सदर विधायक छत्रपति यादव ने बताया कि, वर्षों से स्थानीय लोग इस पुल की मांग कर रहे थे। पुल के निर्माण से रसौंक से लेकर तीनगछिया होते हुए छमसिया, सारो और सोनमनकी पुल तक आवागमन आसान हो जाएगा। बड़ी आबादी को आवागमन की सुविधा आसान होगी।

**प्रस्ताव को मिली तकनीकी स्वीकृति.**

उन्होंने कहा कि ग्रामीण कार्य विभाग खगड़िया और जिलाधिकारी अमित कुमार पांडेय के प्रयासों से बिहार सरकार तक इस परियोजना का प्रस्ताव पहुंचा और तकनीकी स्वीकृति मिली। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुल खगड़िया जिले के ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक अहम कदम है। विधायक ने यह भी जानकारी दी कि इसी वित्तीय वर्ष में पुल निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी होने की संभावना है। जिसके उपरांत निविदा प्रक्रिया शुरू कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। निर्माण कार्य शुरू होने के बाद जल्द से जल्द उसे पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

## जातीय जनगणना को लेकर केंद्र सरकार का निर्णय आम जनता की भावनाओं के अनुरूप : एनडीए

### समाज के अंतिम पायदान तक लोगों को योजनाओं को पहुंचाने के लिए जातीय जनगणना महत्वपूर्ण : लोजपा

**मुंगेर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विगत 30 अप्रैल को पूरे देश भर में जातीय जनगणना कराए जाने को लेकर किए गए ऐलान पर एनडीए के नेताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की है। शुक्रवार को मुंगेर जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में एनडीए गठबंधन की ओर से आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान गठबंधन के नेताओं ने जातीय जनगणना को देश की वर्तमान परिस्थिति के अनुरूप तथा आवश्यकता करार दिया है। जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश पदाधिकारी विद्यानंद विकल तथा राष्ट्रीय लोक मोर्चा के बिहार प्रदेश युवा अध्यक्ष हिमांशु पटेल ने जातीय जनगणना को लेकर केंद्र सरकार के निर्णय को एनडीए सरकार की बड़ी उपलब्धि करार दिया है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष अरुण पोद्दार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आम जनता की मांग को ध्यान में रखते हुए तथा वर्तमान परिदृश्य में देश की जरूरत बन चुकी जातीय जनगणना करने की दिशा में जो ऐलान किया है उसे पूरे देश भर की जनता में एक अलग उत्साह है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता के हितों में निर्णय लिया है। जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश महासचिव सौरव निधि तथा मुंगेर जिला अध्यक्ष नचिकेता मंडल ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में जातीय जनगणना कराकर जो ऐतिहासिक कार्य किया उसे अब एनडीए सरकार पूरे देश भर में लागू करने की तैयारी में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का यह एक ड्रीम प्रोजेक्ट है। जाती है जनगणना के आधार पर सरकार विभिन्न योजनाओं को वास्तविक रूप से आम जनता तक पहुंचाने में सफल हो पाएगी। लोजपा मुंगेर जिला अध्यक्ष प्रमोद पासवान ने कहा कि युवा हृदय सम्राट चिराग पासवान के बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन




डॉक्यूमेंट के तहत बिहार की तर्ज पर पूरे देश में जातीय जनगणना करने की लगातार मांग उठाई जा रही थी। लोक पास सुप्रीमो के साथ-साथ एनडीए गठबंधन के सभी नेताओं के राय-मशविरा के आधार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। समाज के अंतिम पायदान तक लोगों को योजनाओं को पहुंचाने के लिए जातीय जनगणना महत्वपूर्ण है। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सेकुलर के मुंगेर जिला अध्यक्ष मुकेश मांझी, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के मुंगेर जिला अध्यक्ष सुरेंद्र यादव जी, जदयू के जिला प्रवक्ता विमलेंदु राय ने कहा कि आने वाले दिनों में यह ऐतिहासिक कदम भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में एक अहम भूमिका निभाएगी।

## उप्र की टीम ने जीती आमंत्रण राष्ट्रीय ब्लाइंड क्रिकेट प्रतियोगिता

**एजेंसी**

**मुरादाबाद।** ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के सचिव डॉ. एबी पाठक ने बताया कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आमंत्रण राष्ट्रीय ब्लाइंड क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डीआईजी मुनिराज जी एवं मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव रहे। प्रतियोगिता का फाइनल मैच उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के मध्य खेला गया, जिसमें उप्र की टीम विजयी रही। फाइनल मैच के मैन आफ द मैच महेन्द्र यादव रहे। प्रभारी क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी प्रदीप सक्सेना व डॉ एबी पाठक ने अतिथियों का बुके, शाल एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि द्वारा उप्र ब्लाइन्ड क्रिकेट के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं नगद धनराशि 15,000 रुपये प्रदान किए गए। उप विजेता टीम महाराष्ट्र को पुरस्कार एवं नगद धनराशि 10,000 रुपये से पुरस्कृत किया गया। ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन उप्र के सचिव डॉ. अजय पाठक ने दिव्यांग खिलाड़ियों को यह आश्वासन दिया कि भविष्य में जल्द ही इस प्रकार की राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन कराया जायेगा। इस अवसर अंकित अग्रवाल, नरेश पाल सिंह, आसिफ सिद्दीकी बैडमिन्टन कोच, यश शुक्ला क्रिकेट प्रशिक्षक, गोविन्द कुमार कुश्ती कोच, व स्टेडियम के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## साइ सुदर्शन को इंग्लैंड दौरे के लिए शामिल किया जाना चाहिए, पूर्व मुख्य कोच ने किया समर्थन

**दुबई।** पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने युवा साइ सुदर्शन को हर प्रारूप का बल्लेबाज बताते हुए कहा कि उसे इस साल इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया जाना चाहिए। भारतीय टीम नए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र (2025 - 2027) की शुरुआत इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की श्रृंखला से करेगा। भारत को न्यूजीलैंड ने घरेलू टेस्ट श्रृंखला में 3.0 से और आस्ट्रेलिया ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में 3.1 से हराया था। आईपीएल में इस सत्र में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में 456 रन के साथ दूसरे स्थान पर काबिज गुजरात टाइटंस के सुदर्शन के बारे में शास्त्री ने कहा कि काउंटी खेलने के अनुभव और अपनी तकनीक के कारण वह इंग्लैंड के हालात में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे का आगाज 20 जून से शुरू हो रहे हेडिंग्ले टेस्ट से करेगी। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू में कहा, 'मुझे लगता है कि यह युवा खिलाड़ी साइ सुदर्शन हर प्रारूप का खिलाड़ी है। वह शानदार क्रिकेटर है। इंग्लैंड के हालात में उसके खब्बू बल्लेबाज और तकनीक में कुशल होने के कारण मैं चाहूंगा कि वह भारतीय टीम में रहेउन्होंने कहा कि भारत के लिए सीमित ओवरों के क्रिकेट और आईपीएल में फॉर्म में चल रहे श्रेयस अय्यर भी चुने जा सकते हैं लेकिन उन्हें कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना होगा।

## श्रीसंत पर गिरी गाज, इस मामले को लेकर केरल क्रिकेट एसोसिएशन ने लगाया तीन साल का प्रतिबंध

**तिरुवनंतपुरम ।** केरल क्रिकेट एसोसिएशन ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम से संजू सैमसन को बाहर किए जाने से जुड़े विवाद के संबंध में कथित तौर पर झूठे और अपमानजनक बयान देने के लिए पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज एस श्रीसंत को तीन साल के लिए निलंबित कर दिया है। ये एक बयान में कहा कि यह निर्णय 30 अप्रैल को कोच्चि में आयोजित अपनी विशेष आम सभा की बैठक में लिया गया। श्रीसंत वर्तमान में केरल क्रिकेट लीग की एक फ्रेंचाइजी टीम कोल्लम एरीज के सह-मालिक हैं। इससे पहले उनकी विवादास्पद टिप्पणी के संबंध में श्रीसंत के साथ-साथ फ्रेंचाइजी टीमों कोल्लम एरीज, अलाप्पुझा टीम लीड और अलाप्पुझा रिपल्स को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। बयान में कहा गया है, %चूंकि फ्रेंचाइजी टीमों ने नोटिस का संतोषजनक जवाब दिया है, इसलिए उनके खिलाफ आगे कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। हालांकि बैठक में टीम प्रबंधन में सदस्यों की नियुक्ति करते समय अधिक सावधानी बरतने की सलाह देने का फैसला किया गया।

## आखिरी सैकेंड रिव्यू पर बोले रोहित शर्मा- मुझे सिर्फ एक ही चिंता थी कि...

**नई दिल्ली।** जयपुर के मैदान पर मुंबई इंडियंस को 13 साल बाद जीत दिलाने में रोहित शर्मा का भी बड़ा योगदान रहा जिन्होंने अर्धशतक लगाकर टीम का स्कोर 200 पार पहुंचाया। मैच में एक क्षण ऐसा भी आया था जब दूसरे ही ओवर में फजलहक फारूकी ने रोहित शर्मा को पगबाधा आऊट कर दिया था। लेकिन रोहित ने आखिरी सेकेंड में रिव्यू लेकर अंपायर की राय जाननी चाही। रिव्यू में वह नॉटआउट निकले। पहली पारी खत्म होने के बाद जब उनसे इस बाबत पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मुझे केवल इस बात की चिंता थी कि गेंद लाइन में पिच हो रही है या नहीं, यह एक नकल बॉल थी इसलिए मुझे पता था कि यह उछल नहीं पाएगी। मैंने अपना मौका भुनाया और इसका फायदा हुआ। रोहित ने इस दौरान अपनी पारी पर बात करते हुए कहा कि आज अच्छी शुरुआत करना महत्वपूर्ण था। कुछ ओवरों को देखते हुए, गेंद अच्छी तरह से आ रही थी और हमने अपने मौके भुनाए।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जीत की तलाश में भारतीय महिला हॉकी टीम, 3-4 मई को होंगे अंतिम दो मुकाबले

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई भारतीय महिला हॉकी टीम अब अपने अंतिम दो मुकाबलों में दमदार प्रदर्शन की उम्मीद कर रही है। इन दोनों मुकाबलों में टीम का सामना ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम से होगा, जो विश्व स्तर पर एक मजबूत टीम मानी जाती है। ऐसे में भारतीय महिला टीम के लिए चुनौती आसान नहीं होगी, लेकिन टीम इन मुकाबलों को जीतकर दौरे की निराशा को पीछे छोड़ना चाहती है। इस दौरे पर अब तक भारत को कोई जीत नहीं मिली है। कप्तान सलीमा टेटे और उपकप्तान नवनीत कौर की अगुवाई में भारतीय टीम ने अब तक ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ एक मैच खेला है, जिसमें उसे 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। इसके अलावा भारत ने ऑस्ट्रेलिया 'ए' टीम के खिलाफ दो दोस्ताना मुकाबले भी खेले, लेकिन जीत दर्ज करने में



नाकाम रही। टीम इस दौरे को अगले साल होने वाले हॉकी विश्व कप और इस साल के अंत में यूरोप में होने वाली एफआईएच प्रो लीग की तैयारी के तौर पर देख रही है। इसलिए मुख्य कोच हरेंद्र सिंह नई रणनीतियों और खिलाड़ियों के संयोजन को आजमा रहे हैं। हरेंद्र सिंह ने कहा, हमारे लिए यह दौरा काफी अहम है। भले ही जीत नहीं मिली है, लेकिन खिलाड़ियों के प्रदर्शन में कई सकारात्मक संकेत देखने को मिले हैं। हार से निराशा जरूर होती है, खासकर तब जब हम आसान गोल गंवा बैठते हैं, लेकिन ऐसे मुकाबलों का अनुभव खिलाड़ियों को मजबूत बनाता है। उन्होंने आगे कहा, टीम के युवा खिलाड़ियों के लिए यह एक बेहतरीन मौका है।

जितना अधिक मैच खेलेंगे, उतना ही उनका आत्मविश्वास और अनुभव बढ़ेगा। इस दौरे का उद्देश्य सिर्फ परिणाम नहीं बल्कि टीम को भविष्य की बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है। भारतीय महिला हॉकी टीम अब दौरे के अंतिम दो मैच 3 और 4 मई को पर्थ में खेलेगी। ये दोनों मुकाबले भारतीय समयानुसार दोपहर 3:10 बजे शुरू होंगे। टीम और कोचिंग स्टाफ की नजर इन मुकाबलों में जीत हासिल कर आत्मविश्वास के साथ दौरे का समापन करने पर होगी।

# मैड्रिड ओपन 2025 : कोको गॉफ ने स्वियातेक को हराकर फाइनल में बनाई जगह

**एजेंसी**

**मैड्रिड।** अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने मौजूदा चैंपियन और दुनिया की नंबर दो खिलाड़ी इगा स्वियातेक को मैड्रिड ओपन 2025 के सेमीफाइनल में करारी शिकस्त दी। गॉफ ने यह मुकाबला महज 64 मिनट में 6-1, 6-1 से जीतकर टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। स्वियातेक एक भी ब्रेक प्वाइंट नहीं बना सकीं पोलैंड की पांच बार की ग्रैंड स्लैम विजेता स्वियातेक इस मुकाबले में पूरी तरह संघर्ष करती नजर आईं। वह एक भी ब्रेक प्वाइंट हासिल नहीं कर सकीं और अपनी सर्विस पांच बार गंवाई। गॉफ ने पहले सेट में तीसरे, पांचवें और सातवें गेम में ब्रेक कर स्वियातेक को पूरी तरह दबाव में ला दिया। यह पहली बार है जब 21 वर्षीय कोको गॉफ ने क्ले कोर्ट पर स्वियातेक को हराया है। उन्होंने दूसरे सेट में भी दो बार ब्रेक किया और बिना कोई गलती किए पहला ही मैच प्वाइंट भुना लिया। स्वियातेक का इस साल मैड्रिड ओपन में प्रदर्शन अस्थिर रहा। उन्होंने पहले राउंड में अलेक्जेंड्रा ईला और फिर डायना श्नाइडर के खिलाफ सेट गंवाए। क्वार्टर फाइनल में उन्हें मैडिसन कीज़ से पहले सेट में 6-0 की हार झेलनी पड़ी थी, हालांकि बाद में उन्होंने वापसी की। लेकिन सेमीफाइनल में गॉफ के सामने वह पूरी तरह बेबस नजर आईं।

अब टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल बेलारूस की आर्यना सबालेंका और यूक्रेन की एलीना स्वितोलिना के बीच खेला जाएगा। दोनों खिलाड़ी इस समय शानदार फॉर्म में हैं और विजेता का सामना फाइनल में गॉफ से होगा।

# भारतीय और अमेरिकी टीम के बीच शतरंज महा-मुकाबला 4 अक्टूबर को

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** शतरंज प्रेमियों के लिए एक रोमांचक खबर सामने आई है। हाल ही में विश्व चैम्पियन बने ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश के नेतृत्व में भारतीय टीम 4 अक्टूबर को अमेरिका में जीएम हिकारू नाकामुरा की अगुवाई वाली अमेरिकी टीम से भिड़ेगी।

**यह हाई-वोल्टेज मुकाबला**

'चेकमैटः यूएसए वर्सेस भारत' नाम से अमेरिका के एरिंगटन स्थित ईस्पोर्ट्स स्टेडियम में खेला जाएगा। इस पांच-बोर्ड मुकाबले में शतरंज की दुनिया के बड़े सितारे, उभरते हुए खिलाड़ी, महिला प्रतिभाएं और लोकप्रिय कंटेंट क्रिएटर्स आमने-सामने होंगे।

**दिग्गजों की टक्करः गुकेश बनाम नाकामुरा, एरिगैसी बनाम कारुआना**

भारत की ओर से शीर्ष बोर्ड पर डी. गुकेश उतरेंगे, जिनका सामना अमेरिका के दिग्गज ग्रैंडमास्टर हिकारू नाकामुरा से होगा। दूसरे बोर्ड पर भारत के जीएम अर्जुन एरिगैसी और अमेरिका के जीएम फेबियानो कारुआना के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिलेगी।

**गौथमचेस बनाम सागर शाहः कंटेंट क्रिएटर्स की दिलचस्प भिड़ंत**

तीसरे बोर्ड पर शतरंज के दो



चर्चित कंटेंट क्रिएटर्स आमने-सामने होंगे। अमेरिका की ओर से आईएम लेवी रोज़मैन (गौथमचेस) जबकि भारत की ओर से आईएम सागर शाह (चेसबेस इंडिया के संस्थापक) मुकाबले में उतरेंगे। यह भिड़ंत दर्शकों के बीच खासा रोमांच भरने वाली होगी।

**महिला प्रतिभाओं की भिड़ंतःकरिसा यिप बनाम दिव्या देशमुख**

महिला बोर्ड पर अमेरिका की सबसे होनहार युवा खिलाड़ी करिसा यिप और भारत की अंडर-21 में विश्व की सर्वोच्च रेटेड महिला खिलाड़ी दिव्या देशमुख आमने-सामने होंगी।

**जूनियर स्टार्स का मुकाबलाः तनितोलुवा बनाम एथन वाज़**

पांचवें बोर्ड पर जूनियर खिलाड़ियों में अमेरिका के तनितोलुवा अडेवुमी और भारत के एथन वाज़ के बीच भिड़ंत होगी।

**हर गेम में समय नियंत्रण होगाः**

**रेगुलर गेमः** 10 मिनट प्रति खिलाड़ी

**अगर ड्रॉ हुआ तो ओवरटाइम गेमः** 5 मिनट प्रति खिलाड़ी

फिर भी ड्रॉ तो शूटआउट गेमः 1 मिनट प्रति खिलाड़ी

तब भी नतीजा नहीं निकला तो 1-1 मिनट के गेम चलते रहेंगे जब तक विजेता ना मिल जाए अमेरिका को घरेलू लाभ के तहत सभी बोर्ड्स पर सफेद मोहरों से खेलने का मौका मिलेगा। मैच का दूसरा चरण भारत में आयोजित होने की संभावना है।

# सूर्यकुमार यादव ने हासिल की ऑरेंज कैप, कोहली, साई सुदर्शन को छोड़ा पीछे

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में विराट कोहली और साई सुदर्शन को पीछे छोड़ते हुए ऑरेंज कैप हासिल कर लिया।

सूर्यकुमार यादव ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 23 गेंदों में नाबाद 48 रन की पारी खेलते हुए इस सीज़न में अपने रन 475 तक पहुँचा दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विराट कोहली (443 रन) और गुजरात टाइटंस (जीटी) के बी साई सुदर्शन (456 रन) को पीछे छोड़ते हुए ऑरेंज कैप की दौड़ में पहला स्थान हासिल कर लिया है। हालांकि सूर्यकुमार ने 11 मैच खेले हैं, वहीं सुदर्शन ने 9 और कोहली ने 10 मुकाबलों में ये रन बनाए हैं।

**यशस्वी जयसवाल चौथे स्थान पर कायम**

राजस्थान रॉयल्स के यशस्वी जयसवाल ने इस मैच में सिर्फ 11 रन बनाए और अब भी 439 रनों के साथ चौथे स्थान पर बने हुए हैं। जीटी के जोस बटलर (406 रन) और लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन (404 रन) भी



400 रनों का आंकड़ा पार करने वाले खिलाड़ियों में शामिल हैं।

**पर्पल कैप की दौड़ में हेज़लवुड सबसे आगे**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के जोश हेज़लवुड 18 विकेट के साथ पर्पल कैप की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं, जबकि गुजरात टाइटंस के प्रसिद्ध कृष्णा 17 विकेट लेकर दूसरे स्थान पर हैं।

**ट्रेंट बोल्ट की जबरदस्त छलांगः** मुंबई इंडियंस के तेज़ गेंदबाज़ ट्रेंट बोल्ट ने तीन विकेट झटके और अब 11 मैचों में 16 विकेट लेकर पर्पल कैप तालिका में तीसरे नंबर पर पहुँच गए हैं। उनके ठीक नीचे चेन्नई सुपर किंग्स के नूर अहमद हैं, जिनके नाम 10 मैचों में 15 विकेट दर्ज हैं।

# आईपीएल 2025: मुंबई ने 100 रन से जीता मैच, राजस्थान प्लेऑफ की रेस से बाहर

**जयपुर।** इंडिय प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 50वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने राजस्थान रॉयल्स को 100 रनों से मात दी है। इस जीत के साथ ही मुंबई ने जयपुर में अपने जीत के 13 साल के सूखे को भी समाप्त किया। वहीं, इस जीत के साथ मुंबई ने लगातार छह जीत दर्ज करते हुए प्वाइंट्स टेबल में पहले स्थान पर पहुंच गई है।

सवाई मान सिंह स्टेडियम में खेले गए इस मैच में मुंबई ने राजस्थान को 218 रन का लक्ष्य दिया था। लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान की टीम 119 रन पर ही ढेर हो गई। राजस्थान के लिए सबसे ज्यादा रन जोफ्रा आर्चन (30 रन) ने बनाए। आर्चन के अलावा, रियान पराग ने 16, शुभम दुबे ने 15, यशस्वी जायसवाल ने 13 और ध्रुव



जुरेल ने 11 बनाए। इनके अलावा कोई बल्लेबाज दहाई के आंकड़े को नहीं छू सका। मुंबई के लिए ट्रेंट बोल्ट और कर्ण शर्मा को 3-3 सफलता मिली। जबकि जसप्रीत बुमराह को दो विकेट और दीपक चहर व हार्दिक पांड्या को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले टॉस हार बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस ने निर्धारित 20 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 217 रन बनाए। रोहित और रिकल्टन ने अर्धशतकीय पारी खेली। मुंबई इंडियंस ने धीमी शुरुआत के बाद रफ्तार पकड़ी। रिकल्टन और रोहित के बीच पहले विकेट के लिए 116 रन की साझेदारी की। रिकल्टन 61 और रोहित 53 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, तीसरे विकेट के लिए सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या 94 रन की साझेदारी तक टीम को जीत दिला दी। सूर्या और हार्दिक ने 48-48 रन बनाए। राजस्थान की ओर से रियान पराग और महीष तीक्ष्णा को एक-एक विकेट मिला। आज की हार के साथ रियान पराग की अगुवाई वाली राजस्थान रॉयल्य की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है। इससे पहले, चेन्नई सुपर किंग्स की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हुई थी।

## राजस्थान रॉयल्स को बड़ा झटका, तेज गेंदबाज संदीप शर्मा आईपीएल 2025 से बाहर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स को आईपीएल 2025 में एक बड़ा झटका लगा है। टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज संदीप शर्मा टूर्नामेंट के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए हैं। फ्रेंचाइज़ी ने पुष्टि की कि संदीप की उंगली में फ्रैक्चर हुआ है और वे अब आगे नहीं खेल पाएंगे।

**चोट के बावजूद दिखाई बहादुरी**

31 वर्षीय संदीप शर्मा को यह चोट गुजरात टाइटंस के खिलाफ जयपुर में खेले गए मुकाबले के दौरान लगी थी। अपनी ही गेंद पर शुभमन गिल का शॉट रोकने की कोशिश में उनकी उंगली में फ्रैक्चर हो गया। इसके बावजूद उन्होंने बहादुरी दिखाते हुए अपने स्पेल की बची हुई 8 गेंदें डालीं। राजस्थान रॉयल्स ने एक बयान जारी कर कहा, संदीप ने जिस हिम्मत के साथ चोट के बावजूद गेंदबाजी की, वह काबिले तारीफ है। हम उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

आईपीएल 2025 में संदीप शर्मा ने अब तक 10 मुकाबलों में 9 विकेट अपने नाम किए और उनका इकॉनमी रेट 9.89 रहा। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में उनकी जगह आकाश मधवाल को टीम में शामिल किया गया था। राजस्थान रॉयल्स की टीम मैनेजमेंट अब संदीप के रिप्लेसमेंट पर काम कर रही है। फ्रेंचाइज़ी ने कहा है कि जल्द ही उनके स्थान पर नए खिलाड़ी की घोषणा की जाएगी।

# एमपीएस हॉट वैदर क्रिकेट प्रतियोगिता में मॉडर्न पब्लिक स्कूल बना विजेता, शिरडी सांई उपविजेता

**एजेंसी**

**मुरादाबाद।** एमपीएस हॉट वैदर क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। जिसमें मॉडर्न पब्लिक स्कूल की टीम विजेता बनी व शिरडी साईं पब्लिक स्कूल उपविजेता बनी। आज प्रतियोगिता के आखिरी दिन दो सेमीफाइनल और एक फाइनल मैच खेले गए, पहला सेमीफाइनल मॉडर्न पब्लिक स्कूल बनाम बोनी एनी पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया, जिसमे एमपीएस की टीम जीती। दूसरा सेमीफाइनल मैच श्री सत्य साईं स्कूल बनाम शिरडी साईं पब्लिक स्कूल के मध्य खेला गया जिसमे शिरडी साईं की टीम जीती। फाइनल मैच मॉडर्न पब्लिक स्कूल और शिरडी साईं पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया जिसमे मॉडर्न पब्लिक स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 106 रनों का लक्ष्य दिया, लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिरडी साईं पब्लिक स्कूल की टीम 12 ओवर में 5 विकेट के



नुकसान पर केवल 60 रन ही बना पाई। प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब मॉडर्न पब्लिक स्कूल के यश व्यास को मिला। बेस्ट बोलर का खिताब शिरडी साईं पब्लिक स्कूल के राजस को मिला। निर्णायक मंडल में अभिमन्यु, विशाल त्यागी, लवी पाल रहे ।इस अवसर पर खेल प्रशिक्षक शाहवेज़ अली, प्रधानाचार्य शकील अहमद, कॉर्डिनेटर सुशील कुमार, कोच नासिर हुसैन, यश अग्रवाल, विक्रम सिंह आदि उपस्थित रहे ।

## आईआईएल : धर्मशाला पंहुचे पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाड़ी

**एजेंसी**

**धर्मशाला।** आईपीएल के एचपीसीए स्टेडियम धर्मशाला में खेले जाने वाले मुकाबलों के लिए पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स की टीमें वीरवार को धर्मशाला पंहुच गई। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुवाई में पंजाब के खिलाड़ी अपने दूसरे होम ग्राउंड धर्मशाला में पहुंचे। धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स को करारी शिकस्त देने के बाद आईपीएल के प्वाईंट टेबल में नंबर पांच से छलांग लगाते हुए पंजाब अब दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। पंजाब किंग्स की टीम स्पेशल विमान के जरिए चैन्नई से कांगड़ा हवाई अड्डे पर पहुंची। इसके साथ ही मेहमान टीम लखनऊ सुपर जायंटस टीम के कुछ सदस्य भी गुरूवार को गगल एयरपोर्ट में पहुंचने के बाद धर्मशाला के कंडी स्थित होटल में पहुंचे। इस दौरान एयरपोर्ट पर बीफ संख्या में खिलाड़ियों के प्रशंसक भी मौजूद रहे। दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों को कड़ी सुरक्षा के बीच धर्मशाला के कंडी स्थित होटल रेडिसन ब्लू ले जाया गया। इस दौरान पंजाब किंग्स व लखनऊ सुपर जांयटस के खिलाड़ी कांगड़ा हवाई अड्डे पर धौलाधार पर्वत श्रृंखला को भी निहारते हुए नजर आए। इससे पूर्व कांगड़ा हवाई अड्डे पर पहुंचने पर टीम के खिलाड़ियों का हिमाचल की संस्कृति से स्वागत किया गया। इसके बाद पंजाब किंग्स व लखनऊ के खिलाड़ियों को स्पेशल बसों द्वारा कांगड़ा हवाई अड्डे से धर्मशाला के लिए रवाना किया गया। इस दौरान पंजाब किंग्स के कैप्टन श्रेयस अय्यर, तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, मारको जॉनसन, हरप्रीत बर्रार, मार्कस स्टोइनिस, शशांक सिंह, जोश इंग्लिश आदि खिलाड़ी नजर आए। साथ ही लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज आवेश खान और स्पिनर रवि बिश्नोई की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी एयरपोर्ट पहुंचे फैंस ने खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025: असम की पहली टीम रवाना

**एजेंसी**

**गुवाहाटी।** 7वें खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए असम का पहला दल गुवाहाटी से रवाना हो गया। ये खेल 4 से 15 मई तक बिहार और दिल्ली में आयोजित किए जाएंगे। असम के शेफ डि मिशन और खेल एवं युवा कल्याण निदेशालय के सहायक निदेशक नबा बसुमतारी के अनुसार, बालिका कबड्डी और वॉलीबॉल टीमें राजधानी एक्सप्रेस से पटना के लिए रवाना हुईं। वहीं, जुडो, स्विमिंग, साइक्लिंग, सेपक टकरॉ और गतका के खिलाड़ी शुक्रवार को बसुमतारी के साथ यात्रा करेंगे।पहली बार बिहार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मेजबानी सौंपी गई है। बिहार के पांच शहरों में विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी, जबकि शूटिंग, जिम्नास्टिक और ट्रैक साइक्लिंग की प्रतियोगिताएं नई दिल्ली में आयोजित की जाएंगी।इस बार असम 27 खेलों में से 17 में हिस्सा लेगा। राज्य का दल कुल 135 सदस्यों का है, जिसमें 105 खिलाड़ी शामिल हैं – 42 लड़के और 63 लड़कियां। सरुसजाई स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेल एवं युवा कल्याण विभाग, असम द्वारा एक भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर टीम की



आधिकारिक जर्सी का अनावरण कर खिलाड़ियों को वितरित की गई, और राज्य सरकार की ओर से शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में विभाग के विशेष सचिव कौसर जमील हिलाली मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। साथ ही ओलंपियन तीरंदाज और अर्जुन पुरस्कार विजेता जयंत तालुकदार, अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन कोच अनुप कोंवर, और उपनिदेशक नील हरित कौशिक भी मौजूद थे। इस वर्ष खेलो इंडिया यूथ गेम्स में देशभर के 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के करीब 10,000 खिलाड़ी भाग लेंगे।असम तैराकी, भारोत्तोलन, एथलेटिक्स, शूटिंग, मुक्केबाज़ी, साइक्लिंग, थांग-ता, टेबल टेनिस, योगासन, गतका, कलारिपयट्टू, जुडो, जिम्नास्टिक, मल्लखंब, सेपक टकरॉ और बालिका कबड्डी और वॉलीबॉल में प्रतिभाग करेगा। पिछले वर्ष तमिलनाडु में आयोजित खेलों में असम ने 24 पदक जीतकर 17वां स्थान प्राप्त किया था, जो राज्य का असम के बाहर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। वहीं, असम का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2020 में गुवाहाटी में आयोजित तीसरे संस्करण में रहा, जब राज्य ने 76 पदक (20 स्वर्ण सहित) जीतकर कुल सातवां स्थान हासिल किया था।

# ड्रीम लीग ऑफ इंडिया का भव्य शुभारंभ, टेनिस क्रिकेट को दिलाएगा अंतरराष्ट्रीय पहचान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस क्रिकेट को वैश्विक मंच पर ले जाने के उद्देश्य से सर्वोटेक स्पोर्ट्स ने राजधानी के होटल शांग्री-ला में ड्रीम लीग ऑफ इंडिया (डीएलआई) का भव्य शुभारंभ किया। यह अपनी तरह की पहली और अनूठी टेनिस क्रिकेट बॉल लीग है, जिसमें जूनियर (13-18 वर्ष) और सीनियर (18+) दोनों श्रेणियों में छह-छह फ्रेंचाइजी टीमें हिस्सा लेंगी।लीग के शुभारंभ समारोह में बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद को लीग कमिश्नर घोषित किया गया, जबकि प्रसिद्ध संगीतकार सलीम मर्चेंट को भी सेलिब्रिटी चेहरों में शामिल किया गया। यह पहल देशभर के युवाओं को टेनिस क्रिकेट टीम इंडिया की जर्सी पहनने का सपना साकार करने का अवसर देगी। खिलाड़ी ड्रीम लीग ऑफ इंडिया की आधिकारिक वेबसाइट या स्टार्जअप ऐप के जरिए खुद को ओपन फेयर ट्रायल्स के लिए रजिस्टर कर सकते हैं। ये ट्रायल्स देशभर में 1,500 से अधिक सर्टिफाइड कोचों की निगरानी में आयोजित किए जाएंगे। चयन प्रक्रिया के माध्यम से 860 जूनियर और 860 सीनियर खिलाड़ियों को डीएलआई ऑक्शन के लिए चुना जाएगा, जहां छह फ्रेंचाइज टीमें अपनी टीमों का चयन



करेंगी।ऑक्शन में चयनित खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय टेनिस क्रिकेट फेडरेशन (आईटीसीएफ) और टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (टीसीएआईढ्) के चयनकर्ताओं की नजरों में आने का मौका मिलेगा। लीग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को भारत की टेनिस क्रिकेट टीम में प्रतिनिधित्व का अवसर मिलेगा। वहीं, ऑक्शन से वंचित खिलाड़ी इंटर-ज़ोनल टूर्नामेंट में भाग लेंगे और वहां से जीतने वाली टीम ऑल-ज़ोनल चैंपियनशिप में उतरेगी। सर्वोटेक स्पोर्ट्स के निदेशक ऋषभ भाटिया ने कहा, ÷ड्रीम लीग ऑफ इंडिया हमारी उस सोच का हिस्सा है, जिसमें हम हर गली-मोहल्ले के खिलाड़ी को एक मंच देना चाहते हैं। अब टेनिस क्रिकेट में भी भारत को विश्व पटल पर छाने का मौका मिलेगा। सोनू सूद ने कहा, यह सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि सपनों को उड़ान देने का एक मंच है। ड्रीम लीग ऑफ इंडिया उन हजारों युवाओं की प्रेरणा बनेगी जो सीमित संसाधनों के बावजूद अपने जुनून के पीछे भागते हैं। उन्होंने कहा कि ड्रीम लीग ऑफ इंडिया भारतीय टेनिस क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत है, जो देश के कोने-कोने से प्रतिभा को पहचान और सम्मान दिलाने का वादा करती है।

## भीड़ में फंसी

# श्वेता तिवारी

## की बेटी, इस शख्स ने गोद में उठाकर पलक को गाड़ी से उतारा, वीडियो वायरल



टीवी की मशहूर एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी अब बॉलीवुड एक्ट्रेस हैं. उनकी फैन फॉलोविंग लाखों में है जो उनकी एक झलक के लिए कुछ भी कर जाते हैं. बीते रोज एक वीडियो सामने आया, जो वायरल हो रहा है. जब पलक एक इवेंट में पहुंचीं और भीड़ ने उनका गाड़ी से उतरना मुश्किल कर दिया तब वो कैसे उतरीं और कैसे अंदर गईं ये देखना दिलचस्प है.

फिल्म द भूतनी को लेकर मुंबई में एक इवेंट रखा गया था, जहां पलक तिवारी पहुंची. 29 अप्रैल की देर रात ये वीडियो सामने आया जब पलक इवेंट में जाने के लिए गाड़ी से उतरने की कोशिश करती हैं, लेकिन भीड़ की वजह से उतर नहीं पातीं, तब जो होता है उसी की वजह से पलक आज सुर्खियों में हैं.

**पलक तिवारी को गाड़ी से उतारने वाला कौन है ?**

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें पलक तिवारी को एक शख्स गोदी में उठाकर गाड़ी से उतरने में मदद करता है. अब फैंस इस वीडियो के कमेंट बॉक्स में अलग-अलग चीजें लिख रहे हैं. एक ने लिखा, 'ये इनका बॉयफ्रेंड है क्या ?' वहीं किसी दूसरे ने लिखा, 'नहीं, नहीं ये तो इनका बॉडीगार्ड हो सकता है.' ऐसे ही लोग अपने-अपने अनुमान लगा रहे हैं.

हालांकि, खबर ये है कि वीडियो में नजर आने वाला ये लड़का जिसने पलक तिवारी को गोद में उठाया है वो उनकी टीम में से एक है. गोद में उठाकर उसने पलक को भीड़ से बचाकर नीचे उतारा और फिर पलक इवेंट के लिए चली जाती हैं. इस इवेंट में संजय दत्त से लेकर मौनी रॉय तक, कई सितारे पहुंचे थे और पलक तिवारी भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं.

फिल्म का निर्देशन सिद्धांत कुमार सचदेव ने किया है और फिल्म को संजय दत्त ने प्रोड्यूस किया है. फिल्म में संजय दत्त नजर भी आएंगे, इनके अलावा फिल्म में पलक तिवारी, सनी सिंह और मौनी रॉय भी अहम किरदारों में हैं. फिल्म का ट्रेलर और कई गाने पहले ही लॉन्च हुए, जिसे पसंद किया जा रहा है.

**पलक तिवारी की डेब्यू फिल्म कौन सी थी ?**

24 साल की पलक तिवारी की मां टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी हैं और पिता एक्टर राजा चौधरी हैं. पलक के पैरेंट्स तलाक ले चुके हैं और पलक अपनी मां के साथ रहती हैं. पलक तिवारी ने 2021 में वेब सीरीज रोजी–द सैफरोन चैप्टर से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी. बॉलीवुड में इनकी पहली फिल्म किसी का भाई किसी की जान थी, जिसमें पलक तिवारी सलमान खान जैसे बड़े स्टार के साथ नजर आई थीं.

## अजय देवगन की 'रेड' के आगे इस मामले में पिछड़ी संजू बाबा की 'भूतनी'... क्या संजय हार जाएंगे ये बाजी?



अजय देवगन की फिल्मों को लेकर लोग काफी एक्साइटेड रहते हैं. साल 2018 में अजय की फिल्म आई थी जिसका नाम था रेड. अब जल्द ही इस फिल्म का दूसरा पार्ट यानी सीक्वल रिलीज के लिए तैयार है. रेड 2 पहले से भी ज्यादा इंटेंस और मजेदार होने वाली है. कल अजय की रेड 2 रिलीज हो रही है. लेकिन अजय की रेड 2 के साथ संजू बाबा की हॉरर कॉमेडी फिल्म भूतनी का बड़ा क्लैश है.कल यानी 1 मई को अजय की रेड 2 और संजय दत्त और मौनी रॉय की हॉरर कॉमेडी फिल्म भूतनी रिलीज होने वाली है. इस जंग के लिए अभी लगभग 12 घंटों का समय है, लेकिन उससे पहले ही संजू बाबा इस एक बात में अजय से अभी से काफी पीछे हैं. आईए जानते हैं कि आखिर कहां संजय अजय से पीछे रह गए.

**इस मामले में पिछड़ी भूतनी**

बुक माई शो एप पर दोनों फिल्मों की बुकिंग की जा रही है. लोगों से दोनों फिल्मों को ठीकठाक रिस्पॉन्स मिल रहा है. वहीं दूसरी ओर दोनों के बीच एक जंग देखने को मिल रही है, जहां इंटरेस्ट के मामले में अजय की रेड ने संजू की भूतनी को मात दे दी. जहां खबर लिखे जाने तक 220.1 हजार लोगों ने रेड देखने में दिलचस्पी दिखाई है, तो वहीं भूतनी के लिए केवल 38.7 हजार लोग एक्साइटेड हैं.

**संजय दत्त क्यों हैं नाखुश ?**

वैसे तो असल जिंदगी में सिर्फ अजय देवगन ही नहीं बल्कि इंडस्ट्री के कई बड़े सितारों के साथ संजय दत्त की दोस्ती है. लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अजय देवगन की फिल्म रेड 2 के मुकाबले संजू बाबा की फिल्म द भूतनी को थिएटर मालिक और डिस्ट्रीब्यूटर से मिल रही ट्रीटमेंट से न तो संजय दत्त खुश हैं, न ही इस फिल्म के मेकर्स.

हाल ही में अपनी फिल्म के नए गाने को लॉन्च करते समय संजय दत्त ने मीडिया के सामने अपना दर्द बयां किया. एक ही इंडस्ट्री का हिस्सा होने के बावजूद अपनी फिल्म के लेकर हो रहे भेदभाव से संजय दत्त बिल्कुल भी खुश नहीं हैं.

## क्या सलमान खान सिकंदर के Flop होते ही हज पर गए? दुआ मांगते तस्वीर वायरल, ये है सच्चाई



अभिनेता सलमान खान के चाहने वालों की कमी नहीं है. भले ही उनकी पिछली फिल्म 'सिकंदर' बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक कमाई न कर पाई हो, लेकिन उनके फैंस के दिलों में उनके लिए प्यार जर्रा बराबर भी कम नहीं हुआ है. इसका सबूत ये है कि सलमान खान से जुड़ी कोई भी चीज़ सोशल मीडिया पर आती है तो वो तुरंत वायरल हो जाती है. अब सलमान की एक तस्वीर जमकर वायरल हो रही है, जिसमें वो मक्का में काबा परिसर में खड़े होकर दुआ मांगते नज़र आ रहे हैं. पर इस तस्वीर की सच्चाई कुछ और ही है. आइए बताते हैं.

दरअसल सलमान खान की जो तस्वीर आप देख रहे हैं वो असली नहीं है. इस तस्वीर को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई की मदद से बनाया गया है. इस तस्वीर को हाजी सलमान (सलमान खान) नाम के इंस्टाग्राम अकाउंट से 28 अप्रैल को शेयर किया गया था. इसके साथ कैप्शन में लिखा था, अल्लाह हिदायत दे. साथ में दुआ मांगने वाली इमोजी भी कमेंट की गई थी.

**फेक फोटो कर दी शेयर**

तस्वीर दो दिन पहले अपलोड की गई थी. सलमान खान नाम के इस शख्स के इंस्टाग्राम पर 1.8 मिलियन यानी करीब 18 लाख फोलोवर्स हैं. दो दिनों में इस तस्वीर पर 3 लाख 85 हज़ार से ज्यादा लाइक्स आ चुके हैं. इसके अलावा 2 हजार से ज्यादा कमेंट्स इस पोस्ट पर हो चुके हैं. हाजी सलमान के इंस्टा को खंगालने से पता चलता है कि वो आम तौर पर सलमान की तस्वीरें नहीं शेयर करते हैं. ऐसे में ये ज्यादा मुमकिन है कि एआई वाली तस्वीर को उन्होंने कहीं देखा हो और अपलोड कर दिया हो.

तस्वीर को गौर से देखेंगे तो आप खुद ही समझ जाएंगे कि ये असली नहीं है. सलमान खान के हाथों की उंगलियां, उनके होंठ, दाढ़ी, हाथ, कई चीजें सामान्य नहीं लग रही हैं. थोड़ी सी गहराई से देखते ही आप समझ जाएंगे कि तस्वीर में झोल है. इसके अलावा एक बात ये भी है कि सलमान खान जैसा बड़ा स्टार अगर हज या उमराह के लिए मक्का जाएगा तो हर जगह यही खबर चलेगी. ऐसे में आपको यही सलाह है कि कोई भी चीज़ जब भी देखें तो चार बार देखें. तुरंत उसे सच न मानें. शक होने पर सच्चाई का पता करें और उसके बाद ही कुछ शेयर करें.

**कमेंट्स की आ गई बाढ़**

सलमान को उमराह वाले लिबास में और काबा में दुआ मांगता देख उनके फैंस खुशी से झूम उठे. एक ने लिखा, अल्लाह पाक हर मुसलमान को हिदायत दे. इसके अलावा कई लोगों ने माशाल्लाह लिखा. हालांकि कई लोगों ने तुरंत पकड़ लिया कि ये तस्वीर असली नहीं है. कई लोगों ने हाजी सलमान को बताया भी है कि ये तस्वीर आई से बनाई गई है और ऐसी तस्वीर न डाला करें. हालांकि दो दिन होने के बाद भी इस तस्वीर को डिलीट नहीं किया गया है.



# मलाइका अरोड़ा

## के खिलाफ जारी होगा गैर जमानती वारंट? कोर्ट ने दी चेतावनी, सैफ अली खान से जुड़ा है केस

सैफ अली खान होटल विवाद मामले में मुंबई की एक अदालत ने मलाइका अरोड़ा के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी करने की चेतावनी दी है. साल 2012 में एक होटल में हुए झगड़े के मामले में मलाइका अरोड़ा को गवाह के तौर पर पेश होना था, लेकिन 29 अप्रैल को वो पेश नहीं हुई.अदालत ने अप्रैल में ही मलाइका के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था. समन मिलने के बावजूद वो 29 अप्रैल को कोर्ट में पेश नहीं हुई, इस पर अदालत ने नाराजगी जाहिर की है.कोर्ट ने कहा कि मलाइका को समन जारी किया गया था. समन की जानकारी होने के बावजूद वो जानबूझकर कोर्ट की कार्रवाई में पेश नहीं हुई. इससे पहले कोर्ट ने मलाइका के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था और उन्हें 29 अप्रैल को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया था.




**कोर्ट ने दी चेतावनी ?**

मंगलवार को मामले की सुनवाई थी. मलाइका नहीं पहुंचीं, लेकिन उनके एक वकील कोर्ट में मौजूद थे. इसके बाद चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ने कहा, जानकारी होने के बावजूद, वो जानबूझकर कोर्ट की कार्रवाई से बचने की कोशिश कर रही हैं. कोर्ट ने मलाइका को पेश होने के लिए आखिरी मौका दिया और कहा कि मामले की अगली सुनवाई 9 जुलाई को होगी.कोर्ट ने साथ में चेतावनी देते हुए कहा कि अगर मलाइका पेश नहीं होती हैं तो उनके खिलाफ एक गैर-जमानती वारंट जारी किया जा सकता है. कोर्ट ने पहली बार 15 फरवरी को मलाइका के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था. 8 अप्रैल को दोबारा कोर्ट ने उनके खिलाफ जमानती वारंट जारी किया.

**क्या है पूरा मामला ?**

22 फरवरी 2012 को सैफ अली खान अपने कुछ दोस्तों के साथ एक फाइव स्टार होटल में डिनर के लिए गए थे. उस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी करीना कपूर खान, करिश्मा कपूर, मलाइका अरोड़ा, अमृता अरोड़ा और कुछ परुष दोस्त थे. वहां उनका एनआरआई बिजनेसमैन इकबाल मीर शर्मा से झगड़ा हो गया था.